www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:07 सूर्यास्त 6:03

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.00 न्यू | 5.00 अधि |
| धर्मशाला | 3.02 न्यू | 10.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72085 .63 |
| निफ्टी | 21853 .80 |

सोना 63,380 चांदी 73,290

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | सोमवार, 5 फरवरी 2024 | 23 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 48 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

यशराज प्रोडक्शन का आलिया पर बड़ा दांव, स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म की अकेले संभालेंगी कमान..पेज 16

# बर्फबारी से पांच एनएच और 518 सड़कें बंद

## हिमाचल के निचले इलाकों में बारिश से बढ़ी ठंड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का दौर लगातार जारी है। वहीं, निचले इलाकों में बारिश से प्रदेशभर में शीतलहर बढ़ गई है। बर्फबारी होने से रविवार को पांच नेशनल हाईवे और 518 सड़कें यातायात के लिए ठप हो गई हैं। अटल टनल रोहतांग से लाहौल के लिए वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। ऐसे में लाहौल का कुल्लू से संपर्क कट गया है। उधर, 478 बिजली टांसफार्मर ठप होने से कई इलाकों में अंधेरा पसर गया है, तो वहीं 57 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। निचले इलाकों में बारिश के साथ धुंध छाई हुई है।

**कुल्लू का लाहौल से संपर्क कटा**

मौसम विभाग के अनुसार, कल्पा में छह, शिलारू व भरमौर में पांच-पांच, गोंदला में चार, हंसा व केलांग में तीन-तीन कुफरी, खदराला व नारकंडा में दो-दो सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। वहीं, बिजाही में 40, जोगिंद्रनगर में 13, चौपाल में 16, सलापड़ में 13, बंजार में 11, अर्की व रोहड़ू में 10-10, अघार व गोहर में नौ-नौ, पच्छाद, संधोल व करसोग में आठ-आठ, कसौली, सोलन, कटौला, सराहन, संगड़ाह, बरठी, श्रीनयना देवी, सुजानपुर टिहरा, पालमपुर, धर्मशाला, नूरपुर में छह-छह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।



### कल से मौसम साफ

छह फरवरी से मौसम साफ रहेगा और 10 फरवरी तक राज्य में मौसम पूरी तरह से साफ व शुष्क बना रहेगा।

**478** बिजली ट्रांसफार्मर ठप होने से कई इलाके अंधेरे में

**57** पेयजल योजनाएं भी प्रभावित

### कहां, कितनी बर्फबारी

| | |
|---|---|
| कल्पा | 6 सेंटीमीटर |
| शिलारू | 5 सेंटीमीटर |
| भरमौर | 5 सेंटीमीटर |
| केलांग | 3 सेंटीमीटर |
| कुफरी | 2 सेंटीमीटर |
| नारकंडा | 2 सेंटीमीटर |

### कुकुमसेरी सबसे ठंडा, पारा -4.9 डिग्री

**बारिश** व बर्फबारी के कारण तापमान में गिरावट आई है और प्रदेश में शीतलहर दर्ज की गई है। धौलाकुआं में अधिकतम तापमान 13.8 डिग्री, जबकि राजधानी शिमला में पांच डिग्री तापमान रहा है। कुकुमसेरी में सबसे कम माइनस 4.9, शिमला में तीन डिग्री तापमान रहा है।

### कई इलाकों में आज भी बर्फबारी की संभावना

**मौसम** विभाग के अनुसार, सोमवार को भी मध्य व उच्च पर्वतीय इलाकों में कुछ स्थानों पर हिमपात हो सकता है, जबकि मैदानी इलाकों में एक-दो स्थानों पर वर्षा हो सकती है।



शिमला में फंसे वाहन को धक्का लगाकर निकालते पुलिस जवान।

### लाहौल-स्पीति में दो नेशनल हाई-वे अवरुद्ध

लाहौल-स्पीति जिले में सबसे अधिक दो नेशनल हाई-वे बंद हैं। वहीं, 157 सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। शिमला जिले में 133 सड़कें बंद हैं। कुल्लू जिले में में 71, चंबा में 56 सड़कें बंद हैं। विभाग का कहना है कि यदि सोमवार को मौसम साफ रहा तो बंद सड़कों को खोला जाएगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### पुलिस ने मेरठ से आईएसआई एजेंट को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने रूस में भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से अरेस्ट किया है। सत्येंद्र सिवाल नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसएस के लिए काम कर रहा था। सत्येंद्र 2021 में विदेश मंत्रालय में मल्टी टास्किंग स्टॉफ (एमटीएस) के तौर पर काम कर रहा था। उसकी तैनाती मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में है। मूलरूप से सत्येंद्र हापुड़ का रहने वाला है।

### रितु बाहरी बनी उत्तराखंड हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश



**देहरादून।** रितु बाहरी उत्तराखंड हाई कोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनी हैं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने देहरादून राजभवन में मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। उत्तराखंड की मुख्य न्यायाधीश बनने से पहले न्यायमूर्ति बाहरी पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थीं।

### तुर्की में हेलिकॉप्टर क्रैश, दो पायलटों की गई जान



**अंकारा।** तुर्की के गाजियांटेप प्रांत में हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया, जिससे दो पायलटों की मौत हो गई और एक तकनीशियन घायल हो गया। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पर कहा कि जनरल डायरेक्टरेट ऑफ सिक्योरिटी एविएशन डिपार्टमेंट की सूची में पंजीकृत हेलिकॉप्टर नूरदागी जिले के कार्तल गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में आतिशी को भी नोटिस

**नई दिल्ली।** विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रविवार को मंत्री आतिशी को नोटिस दिया और उन्हें जवाब देने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। दिल्ली पुलिस की टीम रविवार सुबह 10:30 बजे उनके आवास पहुंची थी। हालांकि, आतिशी पहले ही राघव चड्ढा के साथ केजरीवाल के घर पहुंच गई थीं। क्राइम ब्रांच की टीम ने आतिशी के आवास के अंदर और बाहर तीन घंटे से ज्यादा समय तक इंतजार किया। बाद में उनके ऑफिस स्टाफ ने नोटिस रिसीव किया।

### मेघालय में लगे भूकंप के झटके, 3.5 रही तीव्रता



**नई दिल्ली।** मेघालय में रविवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.5 रिकॉर्ड की गई। वहीं, उत्तरी चिली में रविवार को सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 5.1 रही। भूकंप का केंद्र 19.34 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 69.46 डिग्री पश्चिम देशांतर पर था।

### नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गिंगोब का कैंसर से निधन



**विंडहोक।** नामीबिया के राष्ट्रपति 82 वर्षीय हेज गिंगोब का रविवार को निधन हो गया। नामीबिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन की आखिरी सांस विंडहोक स्थित एक अस्पताल में ली। गिंगोब ने पिछले महीने ही खुलासा करते हुए बताया था कि वह कैंसर से पीड़ित हैं और इलाज करा रहे हैं।

## टॉप स्टोरीज

ऑनलाइन पेमेंट को लेकर देशभर में सबसे हाईटेक होगा एचआरटीसी ...पेज 3

कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी ...पेज 3

मुंबई पुलिस ने आठ महीने के बाद छोड़ा कबूतर ...पेज 16

# बद्दी में धीमे सर्च ऑपरेशन पर परिजनों का हंगामा

अनंत ज्ञान, बीबीएन

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**बद्दी** के झाड़माजरी स्थित परफ्यूम बनाने वाले एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड के तीसरे दिन रविवार को सर्च ऑपरेशन धीमा रहा। एनडीआरएफ ने कुछ घंटे बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया। इससे लापता लोगों के परिजन भड़क गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। शाम को दर्जनों लोगों ने कंपनी में जाने का प्रयास किया, तो पुलिस ने तुरंत उन्हें रोक दिया। इस पर परिजनों ने हंगामा किया।

परिजनों ने कहा कि हमारे लोग नहीं खोजे जा रहे हैं, तो हमें अंदर जाने दो, हम खुद ढूंढ लेंगे। हंगामा की सूचना के बाद मौके पर एसपी बद्दी ईल्मा अफरोज पहुंची और उन्होंने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया। कंपनी के अंदर से बॉडी के कुछ जले हुए छोटे-छोटे टुकड़ों में अवशेष मिले हैं। एसपी ने कहा कि अंदर कई तरह की गैसे हैं, जिससे दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि कुछ छोटे-छोटे टुकड़ों में अवशेषों को कब्जे में लिया गया है, जिन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है।

- बोले- हमें जाने दो अंदर खुद ढूंढ लेंगे अपनों को
- हंगामे के बाद एसपी ने टीमों के साथ मिलकर खुद चलाया सर्च ऑपरेशन
- अग्निकांड के तीसरे दिन उद्योग में मिले और अवशेष



### नालागढ़ के विधायक लापता लोगों के परिजनों से मिले

नालागढ़ विधायक केएल ठाकुर ने लापता लोगों के परिजनों से मुलाकात की और हरसंभव मदद का ढांढस बंधाया। उन्होंने एनडीआरएफ को रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### डेढ़ सप्ताह के भीतर आएगी रिपोर्ट

**हिमाचल** फॉरेंसिक विभाग की डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि अभी सर्च ऑपरेशन चल रहा है। अंदर नहीं जाया जा सकता और भवन को गिरने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जो अवशेष मिले हैं, उनका डीएनए करवाया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट एक से डेढ़ सप्ताह के भीतर आएगी।

## भाजपा रच ले साजिश, कुछ होने वाला नहीं : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी की तरफ से समन जारी करने को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उन पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। वे हमें कहते हैं कि भाजपा में शामिल हो जाओ, आपको छोड़ देंगे। मैंने कहा कि मैं भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा।



केजरीवाल ने कहा कि भाजपा में चले जाओ, तो सारे खून माफ हैं, लेकिन हमने कौन सा गलत काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमारे खिलाफ जो मर्जी साजिश कर ले, कुछ नहीं होने वाला। मैं भी इनके खिलाफ डटा हूं, मैं भी नहीं छोड़ने वाला। स्कूल, अस्पताल और सड़कें ही तो बनवा रहे हैं, पानी का ही तो इंतजाम कर रहे हैं, सीवर ही तो ठीक करा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि भले ही आप मुझे जेल में डाल दें, स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक बनाने और दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के (जारी) काम नहीं रुकेंगे।

## कांग्रेस अपनी ताकत से झारखंड में बनाएगी सरकार: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस अपनी ताकत से झारखंड में सरकार बनाएगी। 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन की स्थापना की गई है। इसमें 27 पार्टियां हैं। झारखंड विधानसभा में हम गठबंधन सरकार में हैं, लेकिन एक दिन कांग्रेस अपनी ताकत से झारखंड में स्वतंत्र सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी मणिपुर के लोगों के साथ घोर अन्याय कर रहे हैं। राज्य की स्थिति पर पीएम पूरी तरह से खामोश हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के एक दिन बाद यह बयान दिया है।



- बोले- प्रधानमंत्री रोड शो के लिए गुवाहाटी जाते हैं, लेकिन इंफाल नहीं जा सकते

उन्होंने शाह और मुख्यमंत्री की बैठक पर कहा कि नौ महीने हो गए, लेकिन प्रधानमंत्री के साथ कोई बैठक नहीं हुई। प्रधानमंत्री रोड शो के लिए गुवाहाटी जाते हैं, लेकिन वह इंफाल नहीं जा सकते और न ही जाएंगे। तीन मई, 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क गई थी। तब से जारी हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## कुपवाड़ा में शॉपिंग कांप्लेक्स में लगी आग, छह जवान जख्मी



**जम्मू।** जेएंडके के कुपवाड़ा जिले में सेना के शॉपिंग कांप्लेक्स 28 आईएनएफ डिव (आर्मी कैंप) जांगली, कुपवाड़ा में आग लग गई। इस अग्निकांड में आठ दुकानें जलकर राख हो गईं। इस हादसे छह सैनिक घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिले के जांगली इलाके में शॉपिंग कांप्लेक्स में शनिवार देर रात करीब एक बजे आग लगी।

अधिकारियों ने कहा कि आग में आठ दुकानें जलकर खाक हो गईं और छह सैनिक जख्मी हुई हैं। घायलों को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध करवाई गई है। कई घंटों के बाद आग पर काबू पा लिया है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

## पूंजीपतियों को सौंपी जा रही संपत्तियां : राहुल

### बोले- कांग्रेस ने आदिवासियों के जंगल-जमीन की रक्षा की है और करती रहेगी

एजेंसी, नई दिल्ली

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा का रविवार को 22वां दिन है। राहुल गांधी ने धनबाद में लोगों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पब्लिक सेक्टर यूनिट हिंदुस्तान की जनता की प्रॉपर्टी है, लेकिन मोदी सरकार इन्हें चुनिंदा दो-तीन अरबपतियों को सौंप रही है। मुझे लगता है थोड़े वक्त में झारखंड की स्टील इंडस्ट्री को भी ये अपने मित्रों को सौंप देंगे, लेकिन हम इसके खिलाफ खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी भाइयों के जल, जंगल, जमीन की रक्षा कांग्रेस पार्टी करती है और करती रहेगी। देश के चुनिंदा पूंजीपतियों को आपकी संपत्ति सौंपी जा रही है। पहले पीएसयूएस में रोजगार मिलता था, उन सभी का एक-एक कर निजीकरण किया जा रहा है।



- धनबाद पहुंची न्याय यात्रा लोगों को किया संबोधित

### हम न्याय दिलाकर रहेंगे

**राहुल** गांधी ने कहा कि पिछले साल हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की थी, जिसका लक्ष्य देश को जोड़ना था। हमने देश को यह संदेश दिया कि कांग्रेस 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलती है। इस बार हमने मणिपुर से महाराष्ट्र तक यात्रा शुरू की है, जिसमें हमने 'न्याय' शब्द जोड़ दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज देश में आर्थिक अन्याय हो रहा है। देश के चुनिंदा पूंजीपतियों को आपकी सारी संपत्ति सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि आपकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए हम 24 घंटे काम करेंगे और आपको न्याय दिलवाकर रहेंगे।

**फैसला** मनीष कपूर की बढ़ी जिम्मेदारी; महीने भर से चल रहा था खाली पद, अब दवा कंपनियों पर होगी कार्रवाई

# डिप्टी को ही सौंपना पड़ा ड्रग कंट्रोलर का अतिरिक्त कार्यभार

अरविंद शर्मा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में बीते एक माह से खाली चल रहे ड्रग कंट्रोलर पद के लिए सरकार ने डिप्टी ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर को ड्रग कंट्रोलर का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है। अब राज्य में लंबे अर्से से फेल हो रहे विभिन्न दवा कंपनियों के सैंपल को लेकर कार्रवाई की जा सकेगी और साथ ही दवा कंपनियों के विभिन्न लंबित कार्यों को लेकर भी कार्रवाई सुनिश्चत होगी।



उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राज्य में 25 उद्योगों में 40 दवाओं के सैंपल फेल हो गए थे। प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी, लेकिन एक माह से सरकार की ओर से ड्रग कंट्रोलर का कार्यभार किसी अधिकारी को नहीं सौंपा गया था। ऐसे में दवा कंपनियों पर उचित कार्रवाई संभव नहीं हो पा रही थी। (अनंत ज्ञान)

### ड्रग कंट्रोलर बनाने के लिए कैबिनेट में जाएगा मामला

**स्वास्थ्य** विभाग में रूल 2012 नियम के तहत अतिरिक्त ड्रग कंट्रोलर को पदोन्नत कर ड्रग कंट्रोलर बनाया जाता था, लेकिन नियम 2018 के तहत स्वास्थ्य विभाग में एक डिप्टी ड्रग कंट्रोलर की पोस्ट सृजित कर दी। यह तय नहीं किया कि जब ड्रग कंट्रोलर सेवानिवृत्त होगा, तो उसका पदभार किसको सौंपा जाए। स्वास्थ्य विभाग ने अब इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी करके मंत्रिमंडल की बैठक में इस मामले को भेजने का निर्णय लिया है।

### दवा कंपनियों का हब बद्दी, यहां से होती उत्तर भारत के लिए सप्लाई

**बद्दी** दवा कंपनियों का सबसे बड़ा हब है, जहां से उत्तर भारत के लिए दवाइयों की सप्लाई की जाती है। इसके साथ ही यहां पर अन्य कंपनियों के लिए दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल भी तैयार किया जाता है। किसी अधिकारी की नियुक्ति से दवा कंपनियों का कारोबार भी प्रभावित नहीं होगा।

### कई उद्योगों में बनी दवाइयों के हो रहे सैंपल फेल, अब कसेगा शिकंजा

**प्रदेश** सरकार की ओर से मनीष कपूर को ड्रग कंट्रोलर का चार्ज देने के बाद अब दवा कंपनियों पर नकेल कसी जा सकेगी। कई दवा उद्योगों में बनी दवाइयों के सैंपल फेल हो रहे हैं, जिन पर शिकंजा कसा जा सकेगा। बद्दी में दवा बनाने को लेकर कई कंपनियों लंबे अर्से से कार्य कर रही है, जिसकी सप्लाई पूरे देशभर में की जा रही है। ऐसे में दवाइयों की गुणवत्ता जांच को लेकर ड्रग कंट्रोलर की ओर से कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। दवा उद्योगों के महत्वपूर्ण कार्य जैसे डब्ल्यूएचओ सर्टिफिकेट के इंस्पेक्शन, एक्सपोर्ट के सर्टिफिकेट, बाहरी प्रदेशों और विदेशों के पत्राचार, ड्रग अप्रूवल लाइसेंसिंग अथॉरिटी के कार्य व टेंडर दस्तावेजों का सत्यापन आदि सभी कार्य ड्रग कंट्रोलर की नियुक्ति नहीं होने से रुके हुए थे, जिसको लेकर फिलहाल सरकार ने मनीष कपूर को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है।

## पाक के पूर्व विदेश मंत्री नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई को आम चुनाव से कुछ दिन पहले बड़ा झटका लगा है। इमरान खान के करीबी सहयोगी और उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी के चुनाव लड़ने पर रोक लग गई है। कुरैशी को बीते दिनों गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। ऐसे में अब पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक वे पांच साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।



- कुरैशी का पांच साल तक चुनाव लड़ना हुआ बैन

पाकिस्तान की स्पेशल कोर्ट ने बीते दिनों गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को दोषी मानते हुए 10-10 साल जेल की सजा सुनाई थी।

अब कोर्ट के उस फैसले को आधार बनाते हुए पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने कुरैशी के पांच साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। चुनाव आयोग ने कहा कि कुरैशी को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। कुरैशी आगामी आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

## प्रियंका ने मोदी की गारंटी को बताया बेरोजगारी की गारंटी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी 'बेरोजगारी की गारंटी' है। उन्होंने कहा कि करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। जुलाई 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया, लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को। इसका मतलब है कि लगभग 21.93 करोड़ योग्य युवा बेरोजगार रह गए।



उन्होंने आरोप लगाया कि सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा करने वाली भाजपा सरकार न पहले से मौजूद नौकरियां दे पाई और न ही नए रोजगार सृजित कर सकी। प्रधानमंत्री जी चुनावों में गारंटी देते हैं। असल में उनकी गारंटी-बेरोजगारी की ही गारंटी है।

### नूरपुर में हुई पहली बार ऐसी स्टडी; जांच में चौंकाने वाला खुलासा, एचआईवी और हेपेटाइटिस बी के शिकार हो रहे युवा

# सुई से नशा करने वाले 90 फीसदी युवा गंभीर बीमारियों के शिकार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश भर में पहली बार नूरपुर पुलिस जिला में की जा रही पायलट स्टडी के बाद दर्जनों युवाओं के जीवन से नशे का अंधेरा छंटने लगा है। पुलिस, प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय में जारी इस पायलट प्रोजक्ट की सनो बॉल सैंपलिंग अब तक करीब 130 से ऊपर युवाओं का आंकड़ा पार कर चुकी है तथा भले ही आंकड़ा बढ़ रहा हो, लेकिन गंभीर सच्चाई यही है कि सुई से नशा करने वाले करीब 85 फीसदी युवाओं जाने-अनजाने गंभीर बीमारियों की चपेट में आए हैं।



नूरपुर से शुरू हुई इस पायलट स्टडी में पुलिस जिला बनने के बाद नूरपुर के पहले एसपी अशोक रत्तन का अहम योगदान रहा है। ये कहें कि उक्त युवा पुलिस अफसर नशा तस्करों तथा अपराधियों पर पूरी तरह से भारी पड़ा है तो कोई गलत नहीं होगा। पुलिस की पहल तथा प्रशासन और स्वास्थ्य महकमें की जुगलबंदी में की पायलट स्टडी में सूई से नशा लेने वाले अधिकांश युवा गंभीर बीमारियों से संक्रमित पाए गए हैं। राहत की बात यह है कि ज्यादातर 30 वर्ष के इन युवाओं का उपचार पुलिस तथा प्रशासन की निगरानी में मेडिकल कॉलेज टांडा में किया जा रहा है।

सच यह भी है कि ऐसी पहल न होती तो बिना जांच के ये युवा बीमारियों से अंजान रहकर उपचार से दूर रहते। इस पायलट स्टडी में इंजेक्शन से मेडिकल नशा लेने वाले 80 से 89 प्रतिशत युवा हैपेटाइटस सी तथा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। पुलिस जिला बनने के बाद पुलिस ने नूरपुर क्षेत्र में नशा माफिया पर नकेल कसी है। वहीं, एक पहल के तहत एसपी नूरपुर ने इंजेक्शन के जरिए किए जाने वाले मेडिकल नशे से बीमारियों से संक्रमित होने के खतरे को देखते हुए नूरपुर प्रशासन के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग को मदद से इसकी स्टडी करवाई। इस जांच में कुल 119 सैंपलों में से 82 में हैपेटाइटस सी, यानी काला पीलिया तथा 32 एचआईवी संक्रमित पाए गए। वहीं, हैपेटाइटस बी के करीब तीन मामले इस जांच के बाद सामने आए हैं। अब सैंपलों की जांच 130 पहुंचने के बाद एचआईवी संक्रमित भी 34 हो गए हैं। आंकड़े डराने वाले हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की मानें तो प्रदेश भर में ऐसी ही स्थिति होने की आशंका है। इस पूरी मुहिम में पुलिस को प्रशासन का भरपूर साथ मिला तो सफलता मिली। एसडीएम नूरपुर गुरसिमर की अगुवाई में प्रशासन ने स्टडी करने में मदद दी। (अनंत ज्ञान)

#### नशे से होता है संक्रामक बीमारियों का खतरा



**पुलिस** जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन ने बताया कि युवाओं में इंजेक्शन से किए जाने वाले नशों से संक्रामक बीमारियों का खतरा होता है। इसके चलते नूरपुर जिला में पायलट स्टडी की गई, जिसमें 80 से 89 फीसदी युवाओं में हेपेटाइटिस बी, सी तथा एचआईवी जैसी बीमारियां मिलीं। उन्होंने कहा कि पुलिस तस्करों के माध्यम से सैंपलिंग का दायरा बढ़ा रही है। इस पूरे मामले में एसडीएम नूरपुर समेत पूरे प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की अहम भूमिका रही।

#### नशे से दूर रह कर गंभीर बीमारियों से बचें युवा

**इस** बारे में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर तरुण ने बताया कि नूरपुर क्षेत्र में की गई मेडिकल जांच में 130 में से 82 युवकों को काला पीलिया तथा 34 युवकों को एचआईवी संक्रमित पाया गया। 12 सप्ताह तक लगातार दवाई खाने के बाद यह बीमारी ठीक हो सकती है। उन्होंने माना कि इंजेक्शन से किए जाने वाले मेडिकल नशों से शरीर पर गंभीर बीमारियों का खतरा बन जाता है तथा युवा नशों से दूर रहें।

#### 130 की जांच, 500 पार पहुंच सकती है स्नो बॉल सैंपलिंग

**जानकारी** के अनुसार जांच के लिए पहले सुई से नशे करने वालों की पहचान की गई। इसके लिए तीन माह तक चले इस अभियान के तहत सुई से लिए जाने वाली प्रतिबंधित दवाइयों के मामले में पकड़े गाए तस्करों के माध्यम से नशेड़ियों को तलाशा गया। हालांकि पिछले तीन माह से जारी इस स्टडी में अभी कई लोगों की सैंपलिंग की जाएगी, जिनकी संख्यां 500 के पार तक भी पहुंच सकती है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग अभी भी सैंपलिंग में जुटा हुआ है। सूत्रों की मानें तो स्नो बॉल सैंपलिंग में जांच के दायरे के साथ सुई से नशे करने वालों की संख्यां भी बढ़ती जाएगी।

## चौंतड़ा बाजार में पर्यटकों ने लहराई तलवार, पांच गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के तहत चौंतड़ा बाजार में शनिवार देर शाम पंजाब के पर्यटकों द्वारा गाड़ी से तलवार लहराने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार जोगिंद्रनगर से बैजनाथ की ओर जा रही गाड़ी चौंतड़ा बाजार में रुकी और गलत पार्किंग के कारण वहां खड़ी अन्य एक गाड़ी के दरवाजे को रगड़ लगने के कारण दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।



इस दौरान पंजाब का एक पर्यटक गाड़ी से तलवार निकालकर हवा में लहराने लगा। इस कारण दूसरी गाड़ी के चालक ने डरकर शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों को इकट्ठा होते देख पांचों पर्यटक गाड़ी में घुस गए और मौके से फरार होने लगे, परंतु लोगों ने गाड़ी को घेर लिया तथा चौंतड़ा पुलिस चौकी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एएसआई संजीव जम्वाल व पुलिस दल ने युवाओं को गाड़ी के शीशे खोलने को कहा, परंतु लगभग आधे घंटे तक शीशे नहीं खोले। पुलिस की कार्रवाई शुरू होते देख इन युवाओं ने गाड़ी के शीशे खोले और उन्हें पुलिस चौकी में गाड़ी सहित ले जाया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। एएसआई संजीव जम्वाल ने बताया कि गाड़ी की तलाशी लेने पर एक तलवार, गंडासा व कुल्हाड़ी बरामद हुई है।

**गाड़ी की तलाशी लेने पर बरामद हुई तलवार गंडासा और कुल्हाड़ी**

# ऑनलाइन पेमेंट को लेकर देशभर में सबसे हाईटेक होगा एचआरटीसी

### नेशनल कॉमन मोबेलिटी कार्ड से संभव होगी पेमेंट, क्रेडिट, डेबिट, यूपीआई और क्यूआर कोड से होगा भुगतान

**जय ठाकुर, शिमला**

राज्य में वर्ष 1971 से देश-विदेश सहित प्रदेश की जनता को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में निरंतर सेवाएं दे रहा हिमाचल पथ परिवहन निगम आधुनिक दौर में कई बदलाव का साक्षी बनने वाला है, जहां परिवहन निगम द्वारा राज्य के कई क्षेत्रों में प्रदूषण मुक्त इलेक्ट्रिक बसें चलाई जा रही हैं, वहीं अब इस सुविधा के साथ एक और नया अध्याय निगम में लिखा जा रहा है।



परिवहन निगम की बसों में सफर करने वाले लाखों यात्रियों की सुविधा को देखते हुए अब निगम की बसों में ऑनलाइन पेमेंट की अनेक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। परिवहन निगम की बसों में यात्रियों को क्रेडिट, डेबिट, यूपीआई और क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही नेशनल कॉमन मोबेलिटी कार्ड यानी एनसीएमसी के माध्यम से भी यात्री भाड़ा देने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस सुविधा को प्रदान करने के लिए निगम में पहुंच चुकि 4500 इलैक्ट्रोनिक बस टिकटिंग मशीनों के माध्यम से ही यात्रियों को यह सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रदेश और बाहरी राज्यों में प्रतिदिन चलने वाली निगम की सभी बसों में यह सुविधा प्रदान की जाएगी, जिसको लेकर निगम प्रबंधन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। परिवहन निगम प्रबंधन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उम्मीद जताई जा रही है कि फरवरी माह के अंत तक राज्य के सभी बसों में ऑनलाइन पेमेंट सुविधा प्रदान की जाएगी। पेट्रोल पंपो की तर्ज पर दी जाने वाली सभी प्रकार की ऑनलाइन पेमेंट सुविधा अब बसों में भी उपलब्ध होगी। (अनंत ज्ञान)

#### किसी भी राज्य में ऑनलाइन भुगतान के इतने विकल्प नहीं

**परिवहन** निगम द्वारा आने वाले समय में दी जाने वाली ऑनलाइन सुविधा के इतने विकल्प किसी भी राज्य में अब तक उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि हरियाणा रोड़वेज की बसों में एनसीएमसी, यानी नेशनल कॉमन मुबेलिटी कार्ड की सुविधा प्रदान की जा रही है, लेकिन क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम सहित क्यूआर कोड की सुविधा अब तक किसी भी राज्य में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में परिवहन निगम देश का एकमात्र राज्य बनने जारहा है, जिसमें ऑनलाइन पेमेंट के मल्टीपल विकल्प यात्रियों की सुविधा को लेकर दिए जाएंगे।

#### देश-विदेश के पर्यटकों सहित स्थानीय जनता को मिलेगा लाभ

**परिवहन** निगम की बसों में सफर करने वाले हजारों यात्रियों को परिवहन निगम द्वारा दी जा रही इस सुविधा का लाभ मिलेगा। निगम की बसों में रोजाना देश-विदेश के पर्यटक सफर करते हैं। आधुनिक समय में ऑनलाइन माध्यमों से बढ़े भुगतान के चलते इन सभी यात्रियों को निगम की बसों में भाड़े के भुगतान के लिए यह विकल्प दिया जा रहा है। इसको लेकर निगम के आइटी विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।

#### शिमला लोकल में चलने वाली बसों में होगा ट्रायल




**ऑनलाइन** भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए सबसे पहले शिमला लोकल में चलने वाली बसों में परिवहन निगम प्रबंधन द्वारा ट्रायल किया जाएगा। यदि यह ट्रायल सफल रहता है, तो राज्य की सभी बसों में यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

## फैक्टरी से सामान चुराने वाला गिरफ्तार

**सोलन।** परवाणू पुलिस ने एक फैक्टरी में चोरी के मामले में बिहार निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के अनुसार परवाणू थाने में पिंजौर निवासी सुरेंद्र सेठी ने बताया कि वह प्राइड उत्तम मेटल अपलाइनसेस में मैनेजर के रूप में काम करता है।

वह और फैक्टरी कर्मी पहली फरवरी की शाम को काम समाप्त करने के बाद फैक्टरी में ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वे फैक्टरी में पहुंचे तो पाया कि किसी शरारती तत्व ने फैक्टरी की खिड़की की जाली काट कर अंदर रखा सामान ब्रास बर्नर, ब्रास सेट, गैस कॉक व कुछ अन्य सामान चोरी कर लिया। परवाणू पुलिस ने चोरी व सेंधमारी की धाराओं में मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू की। शनिवार को पुलिस ने परवाणु से बिहार के नालंदा निवासी 33 वर्षीय आरोपी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह फिलहाल कालका के खेड़ा सीताराम में रह रहा था। अब तक की जांच में संतोष पर बिहार में लड़ाई-झगड़े का केस दर्ज होने का पता भी चला है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिलाई में किराना की दुकान से मिली चरस

**पांवटा साहिब।** शिलाई पुलिस ने रोनहाट रोड स्थित एक दुकान में छापा मारकर 11 ग्राम चरस के साथ दुकानदार को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ जारी है। जानकारी के अनुसार लगातार सूचना मिल रही थी कि रोनहाट रोड शिलाई स्थित बीजा राम एंड सन्स की किराना व कन्फेक्शनरी की दुकान में दुकान मालिक नीलू राम अपनी नशे का अवैध कारोबार चला रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नीलू राम की दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने दुकान से 11 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस चरस बेचने के आरोपी नीलू राम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।



### मोटरसाइकिल-बस दुर्घटना में एक की मौत

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत भूंपल क्षेत्र के गांव लाहड़ कोटलू सुधियाल में बस मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। दीपक पुत्र देशराज गांव रीशा सरकाघाट जिला मंडी ने पुलिस को बताया कि कुलदीप कुमार पुत्र नंदलाल गांव लाहड़ कोटलू डाकघर सुधियाल तहसील नादौन ने भूंपल के पास अपने मोटरसाइकिल से एचआरटीसी की बस को टक्कर मारी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।



### घासनी से गिरकर 40 वर्षीय महिला की मौत

**घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत आने वाले गांव बहल नवाण में एक 40 वर्षीय महिला की घासनी से गिरकर मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान आशा कुमारी पत्नी स्व. सुरेंद्र कुमार निवासी गांव बेहल नवाण के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को महिला घासनी में घरेलू कार्य कर रही थी तथा उसी समय अचानक पावं फिसल गया तथा वह नीचे गिर गई। महिला को सिविल अस्पताल घुमारवीं लाया गया, जहांच चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया है। वहीं, मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी घुमारवीं चंद्र पाल सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा 174 सीआरपीसी की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### लाइन पर काम करते विद्युत कर्मी को लगा करंट

**श्रीरेणुका जी ।** बिजली की लाइन पर काम कर रहा अकेला कर्मचारी करंट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों द्वारा तत्काल ददाहू अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज नाहन के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के समय वहां मौजूद भगवान सिंह व रमेश कुमार ने बताया कि जीवन सिंह नामक विद्युत कर्मी लाइन पर काम कर रहा था कि अचानक उसे करंट लगा, जिससे वह करीब 100 फुट दूर खाई में जा गिरा, वे तत्काल उसकी मदद के लिए वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि विद्युत कर्मी जीवन सिंह बेहोश पड़ा है। उन्होंने उसको होश में लाने का प्रय किया और तत्काल एंबुलेंस के लिए फोन किया और उसे ददाहू अस्पताल पहुंचाया। इस बारे में जब बोर्ड के अधिकारियों एसडीओ व जेई से संपर्क किया गया तो वे इस मामले में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हुए। रेणुका थाने के प्रभारी जीत सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

### मंडी में सड़क किनारे पार्क कार गायब

**मंडी।** मंडी के सन्यारड़-कैहनवाल सड़क मार्ग के साथ पार्क की गई एक कार चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस थाना सदर मंडी ने शिकायतकर्ता अरुण कुमार पुत्र धर्म सिंह निवासी गांव ध्याण बाग डाकघर मसेरन तहसील सरकाघाट जिला मंडी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता अरुण कुमार ने अपनी मारुति-800 कार नंबर (एचपी-33-ए-3704) मंडी के सन्यारड़-कैहनवाल सड़क मार्ग के साथ पार्क की हुई थी, जब शिकायतकर्ता अगले दिन वहां गया तो उसकी कार मौके पर नहीं थी। शिकायतकर्ता अनुसार कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी कार चुरा कर ले गया है। मामले की पुष्टि करते हुए रविवार को एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि पुलिस थाना सदर ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली जा रही है।

## ड्रग एडिक्शन और ड्रग एब्यूज में अंतर और इनका शरीर पर प्रभाव

**अनंत ज्ञान विशेष**

**हेल्थ टिप्स**



**डॉ. रामस्वरूप चांद**
बीएएमएस,डीएनएनवाई, नगरोटा बगवां

ड्रग एडिक्शन जिसे आमभाषा में नशाखोरी कहा जाता है, वर्तमान समय में एक सामाजिक बीमारी बन चुकी है। किशोरवय अवस्था से युवावस्था तक की नौजवान पीढ़ी नशे की गिरफ्त में पड़ कर अपना व देश का भविष्य गर्क कर रहे हैं।

नशाखोरी का कारण शराब का अत्यधिक सेवन, भांग, चरस, गांजा, हेरोइन, हषीश, चिट्टा, अफीम, नशायुक्त कैप्सूल व इंजेक्शन, कोकीन युक्त कफ सिरप का अत्यधिक सेवन माना जाता है, जिससे शरीर के मुख्य अंगों यथा गुर्दे, जिगर, फेफड़े, हृदय पर दुष्प्रभाव पड़ता है, वहीं पर अंगों का कांपना व नाड़ीवह संस्थान भी कमजोर हो जाता है और देखने, समझने और कुछ करने की क्षमत्ता कम हो जाती है। पीड़ित व्यक्ति का समय रहते उपचार न करने से कालांतर में मृत्यु भी हो जाती है। यह एक राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। तमाम सरकारी व गैर सरकारी संगठन युद्धस्तर पर इस नशे के चंगुल से युवक, युवतियों को बाहर निकालने के अनथक प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इस सबके बीच हम ड्रग एब्यूज यानी दवाखोरी बारे चर्चा करेंगे।

ड्रग एब्यूज यानी कि दवाखोरी भी भारतवर्ष में अनचाही बीमारियों का गंभीर कारण बनकर तेजी से अपने पांव पसार रही है। ड्रग एब्यूज को हम सरल भाषा में यूं भी समझ सकते हैं कि छोटी-मोटी बीमारी में बिना डॉक्टर की सलाह के अपनी मर्जी से ही दवाई खा लेना, जो कि धीरे-धीरे व्यक्ति की प्राकृतिक प्रतिरोधात्मक शक्ति (इम्युनिटी) को कम कर देती है और शरीर बीमारियों का सहज बसेरा बन जाता है। आमतौर पर जब भी परिवार में किसी को हल्का सा सिरदर्द भी हो तो तुरंत ही किसी बड़े परिजन द्वारा उस सिरदर्द का कारण जाने बिना ही कोई भी गोली खिला दी जाती है और दर्द ठीक भी हो जाता है। बाद में जब भी उक्त पीड़ित को सरदर्द होता है और उसी दवाई का सेवन कर लिया जाता है, जबकि सिरदर्द स्वयं में कोई बीमारी न होकर बीमारी का मात्र एक लक्षण ही होता है। सिरदर्द के कई कारण होते है, जिनमें बुखार, हाई ब्लडप्रेशर, नजर में कमजोरी, माइग्रेन, सर्वाइकल स्पॉन्डोलाईटिस, ब्रेन ट्यूमर, न्यूरैलजीया और गुर्दे की बीमारियां मुख्य हैं। अब इन मूलभूत कारणों को जाने बिना यूं ही सिरदर्द की दवाई खा लेना ही ड्रग एब्यूज या दवाखोरी कहलाता है। इसी प्रकार घरों में बड़े बूढ़े जोड़ों की दर्दों से परेशान होकर अक्सर हरे रंग की गोली, जो कि डेक्लोवेन सोडियम और पेरासिटामोल युक्त होती है का प्रयोग दर्द निवारक के तौर पर कर लेते हैं और यह उनकी आदत ही बन जाती है।

अब शोध से पता चला है कि डिक्लोवन नामक दवाई का सेवन जब ज्यादा समय तक लगातार बिना डॉक्टरी सलाह के किया जाए तो अस्थिमज्जा ह्रास (बोन मेररो डिप्रेशन) हो जाता है, जिससे खून की कमी यानी एनीमिया हो जाता है, जो कि अन्य कई गंभीर बीमारियों का जनक माना गया है।

इसी प्रकार गुर्दे की पथरी के इलाज में आमतौर पर पीड़ित घरेलू नुस्खों और शर्तिया इलाज करने वालों के चक्कर में फंसकर गुर्दों का नाश कर लेते हैं, जिसे किडनी फेलियर कहा जाता है। बिना डॉक्टरी सलाह के किए गए उपचार को ड्रग एब्यूज ही कहा जाता है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि ड्रग एडिक्शन के साथ साथ ड्रग एब्यूज के बारे भी जन-जागरण अभियान चलाया जाए, जिससे कई कीमती जिंदगियां बचाई जा सकें।

## कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

### शिमला में दो और एक मामला मंडी में आया सामने, जान-पहचान वाले दे रहे झांसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ठगने का तीन मामले सामने आए हैं। अब पीड़ितों ने पुलिस से उनके पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई है। इनमें दो मामले शिमला जिला व एक मामला मंडी जिले का सामने आया है, जहां पर पीड़ितों ने अपने सगे संबंधियों, रिश्तेदारों व दोस्तों के खिलाफ नौकरी का झांसा देकर पैसे ऐंठने का मामलों की शिकायत पुलिस से की है।




पहले मामले के तहत जिला शिमला की ठियोग तहसील की एक 19 वर्षीय युवती शबनम ने पुलिस थाना ठियोग को दी शिकायत में बताया है कि उसकी बहन ने उसे नौकरी का झांसा देकर बुलाया और बताया कि उसे मासिक वेतन अच्छा खासा दिया जाएगा। उन्होंने वहां पर उसे दो दिन की ट्रेनिंग भी दी और कहा कि उसे काम करने के लिए पैसे देने होंगे। उसने वहां पर 83500 रुपए जमा करवा दिए और उसे बताया गया कि उसे वहां प्रोडक्ट दिए जाएंगे। बाद में उसे मालूम हुआ कि यहां पर लोगों को जोड़कर पैसे कमाए जाते हैं, जब वह घर जाने के लिए कहती थी तो उसके पैसे डूबने की बात कही जाती। वह अपने घर वापस आ गई और अब उसने अपने पैसे वापस दिलाने की पुलिस से गुहार लगाई है। दूसरे मामले के अंतर्गत ठियोग उपमंडल के फागू चौकी के तहत टिक्कर निवासी 21 वर्षीय अंकुश शर्मा ने बताया कि उसके मित्र अखिल शर्मा ने उसे झूठ बोलकर और नौकरी का झांसा देकर पिंजौर बुलाया, जहां उसने पहले 11000 और बाद में 8000 रुपए जमा करवाए। बाद में उसने उसे मार्केटिंग करने के लिए लोगों को जोड़ने के लिए बोला, जब पैसे वापस लेने के लिए बोला तो उसे धमकी देने लगे कि उसका पैसा वापस नहीं होगा, जबकि इनकी पॉलिसी यह है कि यदि एक माह से पहले काम अच्छा नहीं लगा तो पैसे रिफंड होंगे।

अब पीड़ित ने पुलिस से उसके पैसे वापस दिलाने की मांग की है। उधर, तीसरे मामले के अनुसार मंडी जिला के जंजैहली के 21 वर्षीय युवक ज्ञानचंद के साथ भी उसके दोस्त शुभम ने धोखे से उसे पिंजौर बुलाया और यहां मार्केटिंग के नाम पर उससे तीन दिन की ट्रेनिंग करवाई और 83500 रुपए जमा करवाए। उसे इस काम करवाने के लिए उसका पूरी तरह से माइंड वॉश करवाया। उसने उनसे अपने पैसे वापस दिलाने के लिए 25 दिनों तक कोशिश की, लेकिन उसे धमकियां ही मिलती रहीं। उसने पुलिस से गुहार लगाई है कि न जाने इस कंपनी ने कितने ही युवाओं के साथ इस प्रकार की ठगी व जालसाजी की है और पुलिस इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और उसके पैसे वापस दिलवाएं।

डीआईजी साइबर क्राइम मोहित चावला ने कहा कि किसी भी कंपनी में नौकरी करने या निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी तरह से जांच पड़ताल कर लें कि कहीं वह फ्रॉड या ब्लैक लिस्ट तो नहीं है। इसके लिए पुलिस के टोल फ्री नंबर 1930 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**नौकरी के नाम पर पैसा जमा करवाते हैं शातिर**

**विकास** | मंडी जिले से लगभग 105 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है संधोल, यहां आने से डरते थे हमीरपुर, कांगड़ा के लोग

## कभी कहा जाता था 'काला पानी', आज विकास पथ पर अग्रसर 'संधोल'

**दीक्षित धलारिया, संधोल**

एक तरफ कांगड़ा जिला तो दूसरी तरफ हमीरपुर एक तरफ ब्यास नदी तो दूसरी तरफ बाक्कर खड्ड पुल न होने की वजह से बरसात में क्षेत्र का संपर्क कट जाता था। कभी 12वीं करने जाना पड़ता था नदी पार कर हारसीपत्तन से जयसिंहपुर, तो कॉलेज की पढ़ाई के लिए सरकाघाट व हमीरपुर।

कभी पेट्रोल पंप न होने की वजह से गिनी-चुनी गाड़ियों का तेल लाने नदी पार कर जाना पड़ता था जयसिंहपुर या सुजानपुर। गिनी-चुनी बसे खड्डों के रास्तों से होकर पहुंचती थीं बडौरशहर, बरसात में सचमुच कहानी काला पानी की तरह होती थी। बुजुर्ग बताते हैं कि क्षेत्र में जीवनयापन इतना कठिन था कि लोग संधोल में विवाह के लिए अपनी बेटी का रिश्ता करने से कतराते थे और जो लोग संधोल दिन में आया करते थे रात पड़ने से पहले वापस हो जाया करते थे। इस बात को आज भी कांगड़ा व हमीरपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों के बुजुर्गों से पूछें तो वे इन बातों का जिक्र करते नजर आएंगे। कभी तहसील संबंधित प्रशासनिक कार्यों के लिए सरकाघाट जाना पड़ता था, बाजार के नाम पर चार-छह दुकानें हुआ करती थीं।



पहले की स्थिति को दर्शाता चित्र।

कभी पानी भरने के लिए नौण व प्राकृतिक स्त्रोतों पर जाना पड़ता था। गैस की गाड़ियां सुजानपुर से आती थीं। रोड बंद होने पर यह सेवा भी ठप रहती थी। सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवा के लिए करना पड़ता था हमीरपुर, मंडी का रुख। खैर इस क्षेत्र में तो हाल आज भी ऐसे ही हैं अभी भी छोटी सी बीमारी व टेस्ट के लिए हमीरपुर ही जाना पड़ता है। इस बात से कोई अनजान नहीं है।

वक्त का पहिया इस कदर घुमा कि जिस संधोल को काला पानी कहा जाता था, जहां खड्डों में गिने-चुने वाहन बसें चलती थीं, बस स्टैंड खड्ड में हुआ करता था, आज वह तहसील का दर्जा प्राप्त क्षेत्र है। अब यहां नगर पंचायत बनने जा रही है शिक्षा क्षेत्र में स्नातक व औद्योगिक प्रशिक्षण तक की शिक्षा संधोल में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संधोल, केंद्रीय विद्यालय संधोल व आर्यभट्ट राजकीय महाविद्यालय संधोल व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संधोल सहित कई निजी शिक्षण संस्थान क्षेत्र में खुल कर सेवा प्रदान कर रहे हैं साथ में साथ लगते जिलों के बच्चे भी यहां आते हैं। कभी गिनी-चुनी बसें खड्डों में चलने वाले क्षेत्र में अब हिमाचल पथ परिवहन निगम के सब-डिपो सहित बेहतरीन बस अड्डा है, जहां से प्रदेश के कई क्षेत्रों सहित दिल्ली, चंडीगढ़, कटड़ा, हरिद्वार, वृंदावन जैसे क्षेत्रों तक सरकारी व निजी बसें दौड़ती नजर आती हैं।



संधोल के विकास को दर्शाते चित्र

आज संधोल क्षेत्र में अपना 100 बिस्तर का अस्पताल, बहुमंजिला लघु सचिवालय, अनेक बैंक, पेट्रोल पंप, एलपीजी गैस एजेंसी, संतुलित बाजार, नदी-खड्डों पर पुल, पक्की सड़कें, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सीएसडी कैंटीन, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, जल शक्ति विभाग विश्राम गृह सहित अनेक सुविधाएं घरद्वार पर उपलब्ध हैं। क्षेत्र के कई बाशिंदे सेना में कर्नल, लेफ्टिनेंट जैसे उच्च पदों पर देश सेवा कर चुके हैं, तो कुछ अभी भी सेवारत हैं। इसी प्रकार समाज के अन्य क्षेत्रों में भी क्षेत्र से लोग अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं चाहे शिक्षा हो स्वास्थ्य हो तकनीक हो या अन्य क्षेत्र। सीमावर्ती जिलों से जो लोग कभी संधोल आने से डरा करते थे, आज व्यावसायिक दृष्टि व अनेक कार्यों के लिए संधोल का रुख करते हैं। आज संधोल 'काला पानी' नहीं बल्कि चमकता सितारा बनकर उभर रहा है। इसका श्रेय प्रत्येक क्षेत्रवासी को जाता है। (अनंत ज्ञान)

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### हैप्पी बर्थडे



सेराथाना की कविता धीमान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।



भोरंज के प्रदीप मिन्हास को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



भिंडला के सूबेदार कृष्णावतार व शकुंतला देवी को शादी की सालगिरह की गोल्डन जुबली पर हार्दिक बधाई।



बनीखेत के विनोद और रीना को शादी की सालगिरह पर हार्दिक बधाई।

### प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच हुआ समझौता, 225 करोड़ का होगा निवेश

# ढगवार मिल्क प्लांट देगा परामर्श सेवाएं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

कांगड़ा जिले के ढगवार में स्थापित मिल्क प्लांट अब परामर्श सेवाएं भी प्रदान करेगा। इस बाबत सीएम सुक्खू और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच एक एमओयू साइन हुआ है।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को यहां कहा कि जिला कांगड़ा के ढगवार में अत्याधुनिक स्वचालित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है।

उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से स्वचालित इस संयंत्र की क्षमता शुरुआत में 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन होगी, जिसे तीन लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकता है। इस परियोजना के तहत प्रथम चरण में 225 करोड़ के निवेश से निर्माण कार्य किया जाएगा। संयंत्र का उद्देश्य दही, लस्सी, मक्खन, घी, पनीर, फलेवर्ड मिल्क, खोया तथा मौजरेला चीज जैसे डेयरी उत्पादों का उत्पादन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के आरंभ होने से दुग्ध उत्पादकों के जीवन में खुशहाली आएगी तथा प्रदेश की समग्र प्रगति में भी योगदान मिलेगा।



फाइल फोटो

उन्होंने कहा कि यह संयंत्र चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा तथा ऊना जिले के किसानों से सीधे तौर पर दूध खरीद कर ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने दूध प्रापण में पारदर्शिता पर बल देते हुए कहा कि किसानों को उनकी मेहनत के उचित दाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि दूध प्रापण नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए 43 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश का प्रावधान किया गया है। संयंत्र को संचालित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन 2.74 लाख लीटर दूध की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल किसान कल्याण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें दूसरे चरण के तहत ढगवार दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र में मिल्क पाउडर, आइसक्रीम तथा विभिन्न प्रकार के पनीर का उत्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा हाल ही में दूध प्रापण दर में सीधे छह रुपए प्रति लीटर की वृद्धि कर, यह दर 32 रुपए से बढ़कर 38 रुपए की गई है।

### किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास कर रही सरकार

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास कर रही है तथा भविष्य में नई योजनाएं आरंभ की जाएंगी। प्रदेश की 95 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति के बिना आत्मनिर्भर हिमाचल का लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है।

# गिरिपार के देशराज शर्मा ने मुंबई में सिरमौर को किया गौरवान्वित

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र शिलाई विधानसभा के अंतर्गत गांव मिल्ला से संबंध रखने वाले देशराज शर्मा ने मुंबई में सिरमौर को गौरवान्वित किया है। देशराज शर्मा भारत सरकार का उपक्रम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में ब्रांच प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं, जिन्हें हाल ही में मुंबई में पावर पाइनियर रोलिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो गिरिपार के लिए गर्व का विषय है।

देशराज शर्मा बचपन से ही एक संघर्षरत और मेधावी छात्रों में से एक रहे हैं, जिनकी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरग से शुरू हुई और तत्पश्चात नाहन कालेज से बीएससी की डिग्री हासिल की और फिर धर्मशाला से डीएड की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में अनेक वर्षों तक गिरिपार के छात्रों को गणित में ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। देशराज शर्मा के पिताजी शिक्षा विभाग में कार्यरत रहे हैं। देशराज शर्मा ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कैशियर के रूप में पांवटा साहिब में अपनी सेवाएं शुरू कीं, परंतु भविष्य में कुछ और बेहतर करने की इच्छाशक्ति के बलबूते देशराज शर्मा ने बैंक में सहायक प्रबंधक की परीक्षा उत्तीर्ण की और तत्पश्चात अपनी सेवाएं विभिन्न प्रदेशों में दे रहे हैं।



पुरस्कार प्राप्त करते देशराज शर्मा।

हाल ही में देशराज शर्मा मुंबई में पदस्थापित है, जिनको बैंक के क्षेत्र में सम्मानित किया गया है। वहीं, हाल ही में इसी गांव से संबंध रखने वाले प्रतिभान सिंह राणा को भी ईमानदारी के लिए सम्मानित किया गया था। राणा केंद्र सरकार के अधिनस्थ समुद्री जहाज में कार्यरत हैं।

# प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति पर दिल्ली में होगा मंथन

**अरविंद शर्मा, शिमला**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस हाई कमान में दिल्ली में बैठक तय की है, जिसको लेकर रविवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह दिल्ली रवाना हो सकते हैं। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की स्थिती पर चर्चा होगी और साथ ही लोकसभा के उम्मीदवारों को लेकर भी चर्चा संभव है।

चुनाव समिति की इस बैठक में प्रदेश के तीन नेताओं को ही न्योता मिला है। हालांकि यह बैठक सोमवार पांच फरवरी को रखी गई है, लेकिन मौसम ने जाने के रास्ते रोक रखे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से भी बैठक के लिए रवाना हो सकते हैं। दिल्ली में रखी गई इस बैठक की अध्यक्ष लोकसभा प्रचार समिति के अध्यक्ष भगत चरण दास करेंगे। इसके अलावा हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला भी बैठक में मौजूद रहेंगे। प्रदेश की चारों सीटों पर कांग्रेस किन उम्मीदवारों को मैदान में उतारने जा रही है कमेटी इस पर अपनी मुहर लगा सकती है। इसके अलावा इस बैठक में हिमाचल प्रदेश में होने जा रहे राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार को लेकर भी चर्चा संभव है। फरवरी माह में ही कांग्रेस द्वारा राज्यसभा के लिए एक सदस्य भेजा जाएगा, जिसको लेकर कई उम्मीदवारों के नाम चर्चा में चल रहे हैं। सुत्रों की मानें तो कांग्रेस हाई कमान प्रियंका वाड्रा को हिमाचल से राज्यसभा में भेज सकती है। (अनंत ज्ञान)

### मौसम खराब होने के कारण बद्दी नहीं जा सके सीएम

**बद्दी** के झाड़माजरी में जलकर स्वाह हुई परफयूम फैक्टरी में हादसे की जानकारी और उपचाराधीन लोगों से मिलने के लिए अभी तक मुख्यमंत्री खराब मौसम के चलते अभी तक नहीं पहुंच सके। वहीं, अब तक उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बद्दी का दौरा कर चुके हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री ने प्रशासन को उचित कार्रवाई के लिए जरूरी दिशानिर्देश प्रदान किए हैं।

# जेपी नड्डा ने संगठन में भरा जोश

## प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा हिमाचल प्रदेश की प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक में भाग लिया। यह बैठक होटल रिवर रिट्रीट में संपन्न हुई।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अढ़ाई घंटा चली इस बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर मार्गदर्शन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अनेक अभियान चल रहे हैं, जिसमें गांव चलो अभियान है, जिसके कार्यों की समीक्षा बैठक में की गई, बूथ कैसे मजबूत हों इसका चिंतन किया गया, मन की बात कार्यक्रम को कैसे और प्रभावशाली बनाया जाए, मन की बात कार्यक्रम में हर बूथ की बैठक हो अर्थात ग्राउंड जीरो के उपर नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां किस प्रकार से पहुंचे और विपक्षी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी की जो नकारात्मक नीतियां हैं, जो परिवारवाद है, इन सभी विषयों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी को चाक चौबंद किया। डॉ. बिंदल ने कहा कि पार्टी द्वारा प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक पार्टी में लोगों को जोड़ने के लिए ज्वाइनिंग अभियान प्रारंभ हुआ, जिसमें सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी जगदीश चंद शर्मा को विधिवत रूप से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलवाई। डॉ. बिंदल ने कहा कि 2024 में हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें जीतने के लिए किस तरीके के साथ संगठन को आगे बढ़ना है। वह समस्त दिशा-निर्देश रविवार की बैठक में दिए गए और यथासमय संगठन अपने कार्यों को पूरा करेगा, ऐसा प्रदेश संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को आश्वस्त किया।



होटल रिवर रिट्रीट में आयोजित भाजपा की प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व अन्य पदाधिकारी।

इस बैठक में नव मतदाता सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क अभियान, मन की बात, लाभार्थी संपर्क जैसे विभिन्न अभियानों को लेकर विशेष चर्चा हुई।

### बैठक में इन्होंने भरी हाजिरी

**बैठक** में उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, सिकंदर कुमार उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक और विभिन्न प्रतिनिधियों को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के पिता का देहांत

**बैजनाथ।** राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के पिता जगमोहन गिरी (91) का रविवार को देहांत हो गया। सुबह नौ बजे के करीब उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई।



प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी, लेकिन 11:30 बजे के करीब रास्ते में ही उनकी तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ गई, तब उन्हें विवेकानंद हॉस्पिटल पालमपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बैजनाथ के बिनबा घाट पर रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल, वर्तमान सरकार में मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उमेश दत्त शर्मा, पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी, हिमांशु मिश्रा सहित सैकड़ों लोग शब यात्रा में शामिल हुए। इंदु गोस्वामी के पिता जगमोहन गिर के निधन पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल, बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल, भाजपा प्रवक्ता उमेश दत्त शर्मा, पूर्व विधायक दूलो राम, पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी, हिमांशु मिश्रा, बैजनाथ प्रेस परिषद, बैजनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर, भाजपा मंडल अध्यक्ष वरिंदर राणा, भारती विद्यापीठ स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने गहरा दुख जताया है।



भारी बारिश में छाता लेकर राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के पिता की अंतिम यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल।

# सराज में आपदा राहत पैकेज का बांटा सबसे ज्यादा पैसा

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बोले कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए आपदा राहत पैकेज का सर्वाधिक पैसा सराज विधानसभा क्षेत्र में बांटा गया है। यह बात उन्होंने रविवार को सराज विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बाखली गांव में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों में आपदा राहत पैकेज जारी किया और प्रभावितों को सात-सात लाख की राहत राशि दी गई है। वहीं, सांसद एवं कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने अपने संबोधन में जयराम ठाकुर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने सीएम रहते सारी मशीनरी सराज में तैनात कर दी। यहां इतना ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर दिया जो आज सफेद हाथी बनकर रह गया है। आज सराज में बने भवनों की देखरेख करने के लिए चौकीदार तक नहीं है। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर ही निपटारा भी किया।

इस मौके पर बहुत से लोग मांगों को लेकर आए थे, जिनकी मांगों पर समय अनुसार उचित कार्रवाई की भरोसा दिलाया गया।



कार्यक्रम के दौरान रिबन काटते मंत्री विक्रमादित्य सिंह और सांसद प्रतिभा सिंह।

### शारटी स्कूल के लिए 25 लाख रुपए मंजूर

**गोहर।** सांसद ने बताया कि उन्होंने अपने पिछले दौरे में बरसात में क्षतिग्रस्त शारटी और खोलानाल स्कूलों के लिए 25 लाख रुपए और दस लाख की घोषणा की थी। वह राशि मंजूर हो गई है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव चेत राम ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में इस क्षेत्र में खुले संस्थानों की जानकारी दी। पंचायत प्रधान अमरावती देवी ने उनकी पंचायत में कार्यक्रम के आयोजन का धन्यवाद किया और पंचायत की समस्याएं बताईं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव चेत राम ठाकुर और अमित पाल सिंह, नाचन से कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेश चौहान, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष तरुण, एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार, मुख्य अभियंता लोक निर्माण एनपीएस चौहान, प्रशासनिक अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेपी नड्डा को अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की दी चुनौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा की धर्मशाला रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रदेश सरकार पर झूठे आरोपों की बरसात कर अपनी पार्टी की हिमाचल विरोधी मानसिकता पर पर्दा डालने का असफल प्रयास किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष के प्रदेश में केंद्र द्वारा विकास करने और आपदा में आर्थिक सहायता करने के झूठे दावों से हकीकत नहीं बदलेगी।



यदि उन्हें अपनी तथा केंद्र की भाजपा सरकार की लोकप्रियता को लेकर कोई खुश फहमी है तो कांग्रेस पार्टी उन्हें अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की चुनौती देती है और अगर उनमें साहस है इस चुनौती को स्वीकार करें, उनकी सारी गलत फहमियां दूर हो जाएंगी। कौशल ने कहा कि वास्तविकता यह है कि नड्डा वाया राज्यसभा सत्ता सुख भोगने के आदि हैं और जमीनी राजनीति से उनका कोई सरोकार नहीं है।

हिमाचल के प्रति उनका शून्य योगदान है, क्योंकि अगर वह हिमाचल के हितेषी होते तो जयराम सरकार के समय डबल इंजिन का ढिंढोरा पीटने वालों के शासन काल में प्रदेश आर्थिक दिवालियेपन के कगार पर नहीं पहुंचता। हिमाचल के गठन से लेकर देश के पहाड़ी राज्यों में विकास की दृष्टि से मॉडल स्टेट बनने तक के सफर में मात्र कांग्रेस पार्टी और इसके केंद्रीय तथा प्रदेश के नेताओं का योगदान रहा है भाजपा ने सदैव हिमाचल विरोधी राजनीति की है, क्योंकि स्टेट हुड मारो ठुड यह भाजपा का ही नारा था।

### कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने धर्मशाला रैली पर घेरे जेपी नड्डा

### हमीरपुर संसदीय सीट में फौजी वोटरों की रहती है खास भूमिका, कांग्रेस देख रही प्रत्याशी के चयन की राह

# भाजपा ने संभाला मोर्चा, कांग्रेस 'कन्फ्यूज'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

कांग्रेस के भीतर प्रत्याशी के चयन को लेकर जारी धड़ेबंदी हमीरपुर संसदीय सीट पर कई तरह के सवाल खड़े कर रही है। भाजपा के नेताओं ने इस सीट पर काफी पहले से मोर्चा संभाल रखा है, लेकिन कांग्रेस का कुनबा नेताओं की जोर आजमाइश में प्रत्याशी के चयन की राह देख रहा है।

इस बार कांग्रेस के लिए यह सीट इसलिए भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, क्योंकि उसके आला नेताओं की मौजूदगी उन्हें चुनौतियां पेश कर रही है। हमीरपुर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और ऊना से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की मौजूदगी का रूप भी देखना जरूरी है। कांग्रेस के लिए यह सीट पिछले तीन दशकों से गुदगुदाने वाली नहीं रही है। प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनावी माहौल में एकजुटता को दिखाने में इस सीट पर कांग्रेस के दिग्गज विरोधियों के मुकाबले में हमेशा पिछड़ते रहे हैं। यही उसकी सबसे बड़ी खामी रही है। कांग्रेस की असल समस्या यह है कि यहां से किसे प्रत्याशी बनाया जाए। सैनिकों का इस सीट पर अच्छा खासा वर्चस्व रहता है। पूर्व सैनिक काफी बड़ी तादाद में यहां है। उनके परिवारों की संख्या भी राजनीति के इस तराजू को अच्छे से तोलने में माहिर है। ऊना जिला कांग्रेस ने सतपाल राय ज्यादा का नाम उछालकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को उम्मीदवारी के लिए भेजा है, लेकिन कांग्रेस का अभी हमीरपुर और बिलासपुर जिले चुप्पी साधे हुए है। ऊना जिले से ताल्लुक रखने वाले सेवानिवृत्त कर्नल धर्मेंद्र पटियाल की चर्चा हर चुनाव में होती है।

इस बार भी हो रही है। सैनिक परिवारों के रूप में और जातीय समीकरणों में उनकी मौजूदगी को कांग्रेस के बड़े नेता भले ही नकारते नहीं होंगे, लेकिन असल समस्या खेमेबाजी की है। उस पर यदि पार पा लिया, तो कांग्रेस के लिए यह सधी हुई शुरुआत मानी जा सकती है। ओबीसी का कोई नेता कांग्रेस को अब मजबूती दे पाएगा? ऐसी स्थिति किसी नेता के रूप में यहां दिखती नहीं है। इसलिए तुरूप की नई चाल कांग्रेस को चलानी होगी। सीएम के ऊना हमीरपुर के दौरे हो चुके हैं। देखना यही है कि भूतपूर्व सैनिक कार्ड खेला जाएगा या नहीं, लेकिन इस कंफ्यूजन की स्थिति से बाहर निकालने के लिए संगठनात्मक ढांचे में भी मजबूती देनी पड़ेगी। तभी नैया पार लगाने के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा जा सकता है। वहीं, कांग्रेस के मुकाबले भाजपा पिछले कुछ महीनों से यहां पर अपने नेताओं के कार्यक्रमों के जरिए डेरा डाले हुए हैं अलग-अलग मोचन पर उसके नेता डटे हुए हैं।

खुद केंद्रीय मंत्री और यहां के सांसद अनुराग ठाकुर की लगातार बढ़ती गतिविधियां माहौल को गर्मा रही हैं। उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल भी अपने स्तर पर मौजूदगी का एहसास रोजाना के कार्यक्रमों में करवा रहे हैं। भाजपा का कैंपेन मुकम्मल तौर पर गर्म चुका है। इंतजार कांग्रेस के नेताओं के रवैए का है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस की चुनौती, इस बार कौन होगा प्रत्याशी

**इस** बार कौन होगा प्रत्याशी? यही सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस के लिए अभी भी मुंह फुलाकर खड़े हुए है। कभी दिवंगत नारायण चंद्र पराशर के रूप में यह सीट कांग्रेस के लिए ओबीसी के वोट बैंक पर नेताओं की एकजुटता को दिखाती थी, लेकिन उसके बाद दिवंगत मेजर जनरल विक्रम सिंह के रूप में भी यहां से राजपूत उम्मीदवार को उतार कर कांग्रेस ने सीट फतह की थी, लेकिन उसके बाद तीन दशक बीत गए कई प्रत्याशी आए बड़े-बड़े मार्जिन से हारे, लेकिन कांग्रेस को जीत का सुकून नहीं मिल पाया। दिग्गजों की अंदरूनी राजनीति देखें तो इस बात का आभास अभी तक मिल रहा है कि चुनाव लड़ने से दिग्गज कतरा रहे हैं और किसी नए पैंतरे के जरिए चुनावी माहौल को गरमाने के प्रयास में जुटे हुए दिखने लगे हैं।

### चुनाव में होती है ऊना से ताल्लुक रखने वाले सेवानिवृत्त कर्नल धर्मेंद्र पटियाल की चर्चा

### प्रदेशवासियों का विकास कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता से बाहर

# अपने विधायकों-मंत्रियों को खुश करने में लगी है प्रदेश सरकार: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपना एक चौथाई कार्यकाल पूरा कर चुकी, लेकिन प्रदेश और प्रदेशवासियों का हित उनकी प्राथमिकता में कहीं नहीं है। सरकार सिर्फ अपने विधायकों और मंत्रियों को संतुष्ट करने में लगी है, जबकि प्रदेश के लोग सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण सड़कों पर उतर गए हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आम जन सरकार के विकास और सुविधाओं की बात यह सरकार कब करेगी।



उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पहली बार ऐसी सरकार आई है, जिसका विकास से कोई लेना-देना नहीं है। यह सरकार प्रदेश को फॉरवर्ड गियर के बजाय रिवर्स गियर में ले जा रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने कर्ज लेने, विकास न करने के साथ-साथ प्रदेश के लोगों से झूठ बोलने का रिकॉर्ड बनाया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अपने पहले फैसले से लेकर अब तक इस सरकार ने एक भी जनहित के काम नहीं किए हैं। आज 14 महीने के कार्यकाल में कांग्रेस के पास लोगों को बताने के लिए एक भी काम नहीं है, जिसे बताकर प्रदेश के लोगों को कह सके कि हमने भी कुछ किया है। सिर्फ पिछली सरकार को कोस कर कांग्रेस के लोग सरकार चलाना चाह रहे हैं। आज विपक्ष ही नहीं कांग्रेस के विधायक और महत्वपूर्ण पदाधिकारी सरकार की कार्यप्रणाली और नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। इस सरकार से न प्रदेश के लोग खुश हैं, न ही कांग्रेस के विधायक मंत्री एवं पार्टी के नेता और पदाधिकारी। ऐसे में कांग्रेस का क्या भविष्य हो सकता है। अपने ही नेताओं द्वारा सरकार पर सवाल उठाना सरकार के नाकामी की कहानी कहने के लिए काफी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे देश से मिल रहे अपार जनसमर्थन से यह साफ हो गया है कि देश के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रचंड बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय कर लिया है। इस बार देश के लोग प्रधानमंत्री को ऐतिहासिक जनमत के साथ विजयी बनाएंगे और इसमें हिमाचल प्रदेश के हर बूथ से बीजेपी को जीत मिलेगी।

## हिमाचल में बढ़ रहे कैंसर के मरीज, हर साल आ रहे 2000 से अधिक नए केस

# हिमाचलियों को जकड़ रहा सिर व गर्दन का कैंसर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

कैंसर की बीमारी ने अब हिमाचलियों की चिंता बढ़ा दी है। ज्यादातर हिमाचलियों को सिर व गर्दन का कैंसर जकड़ रहा है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि दूषित वातावरण व तंबाकू के सेवन करने से एक साल में 2000 हिमाचलियों को कैंसर हो रहा है। इनमें महिलाएं व पुरुष दोनों शामिल हैं। पुरुषों में लंग कैंसर तो महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर अधिक हो रहा है।

आईजीएमसी कैंसर अस्पताल के सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपक तुली से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि चार फरवरी को पूरे विश्व में कैंसर दिवस मनाया गया है। यह इसलिए मनाया जाता है कि लोग कैंसर के बारे में जाकरूक हों। हिमाचल की अगर बात की जाए तो सबसे ज्यादा आईजीएमसी कैंसर अस्पताल शिमला में सिर और गर्दन के कैंसर के मरीज आ रहे हैं। 2020 में सिर और गर्दन में कैंसर के मरीज 405 आए। 2021 में इनकी संख्या बढ़कर 412 हो गई। 2022 में 450 नए मरीज सिर और गर्दन के कैंसर के आए। वहीं 40 साल से नीचे वाली 30 प्रतिशत महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की शिकार हो रही हैं। प्रोफेसर डॉ. दीपक तुली ने कहा कि लोगों को जैसे ही इसके लक्षण दिखाई दे तो वह अस्पताल में आकर अपना उपचार करवाएं। कैंसर का उपचार अस्पताल में है और लोग ज्यादा घबराए नहीं। (अनंत ज्ञान)

### एक साल के अंदर आ रहे 650 ब्रेस्ट कैंसर के मरीज

एक साल के अंदर लगभग 650 के करीब ब्रेस्ट कैंसर के मरीज आ जाते हैं। ब्रेस्ट कैंसर होने का मुख्य कारण जब किसी महिलाओं के स्तन की कोशिकाओं का विकास असामान्य रूप से हो जाता है, तो यह स्तन कैंसर का कारण बन सकता है और कुछ महिलाओं में स्तन कैंसर का कारण उनके शरीर में होने वाले हॉर्मोन बदलाव हो सकते हैं। वहीं स्तन कैंसर का प्रमुख करण जीवन शैली का अनियमित होना, जिसका वजन बहुत अधिक होता है, उसमें स्तन कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि अधिक वजन बल्ड शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है। वहीं जो महिला अधिक मात्रा में कैलोरी का सेवन करती है। उनमें भी कैंसर हो सकता है। तंबाकू का सेवन करने वाले मरीजों को लंग कैंसर हो रहा है।

### इन चीजों से बढ़ रहा कैंसर

कैंसर कई तरह का होता है और हर कैंसर के होने के अलग-अलग कारण हैं, लेकिन कुछ मुख्य कारण ऐसे भी हैं, जिनसे कैंसर होने का खतरा किसी को भी हो सकता है। इनमें वजन बढ़ना या मोटापा अधिक शारीरिक सक्रियता न होना, एल्कोहल और नशीले, पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करना, कैंसर में पौष्टिक आहार न लेना, अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल न करना इत्यादि है। इसके अलावा कैंसर के अन्य कारण भी हैं। किसी गंभीर बीमारी के कारण भी आपको कैंसर हो सकता है।

### महिलाओं में स्मोकिंग करने से भी हो रहा कैंसर

हिमाचल में पुरुष स्मोकिंग काफी ज्यादा कर रहे हैं, लेकिन महिलाएं भी अब कम नहीं है। बताया जा रहा है कि बीते एक साल के मुताबिक 25 प्रतिशत से अधिक महिलाओ में स्मोकिंग करने से कैंसर हुआ है। जो कि एक बहुत बड़ी बात है। महिलाओं को स्मोकिंग को पूरी तरह से त्याग देना चाहिए। तभी इस बीमारी से छुटकारा मिल सकता है।

### शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर का कारण



सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपक तुली ने बताया कि शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं, तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता न लगाया गया और उसका उपचार न हुआ तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है। कैंसर के सौ से भी अधिक रूप हैं। इनमें स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर इत्यादि।

## पंचायत भवन में सजी ऑर्गेनिक सब्जी मंडी, लोगों को मिली फ्रेश सब्जियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



रविवार को पंचायत भवन शिमला में सजी ऑर्गेनिक सब्जी मंडी।

राजधानी शिमला में हर रविवार को पंचायत भवन शिमला में संडे मार्केट सजती है। पंचायत भवन शिमला में लगी मंडी में लोगों ने ऑर्गेनिक सब्जियों की खरीददारी की। हर संडे घणाहट्टी, सोलन, शोघी और जुबड़हट्टी के किसान अपनी सब्जियां लेकर आते हैं, जिसको तैयार करने के लिए गाय के गोबर का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बाहरी खाद का प्रयोग नहीं किया जाता है।

रविवार के दिन संडे मार्केट में 25 के करीब दुकानें सजी। रविवार के दिन लोग अपनी छुट्टी को मानने के लिए मॉल रोड का रुख करते हैं। इसके साथ ही घूमने के बाद वापसी के समय संडे मार्केट से ताजी सब्जियां खरीदते हैं। रविवार के दिन पंचायत भवन में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। कई लोग यहां से सब्जियां खरीद कर अपनी थैलियां भरकर बस स्टैंड की ओर जाते हैं। लोगों का कहना था कि वे सप्ताह के अंतिम दिन पंचायत भवन में हरी भरी ताजी सब्जियां खरीदते हैं। आपको बता दें कि रविवार के दिन किसान स्वयं अपनी दुकानें सजाते हैं। सभी किसान रविवार के दिन का इंतजार करते हैं। किसान सीजन शुरू होते ही यहां सब्जी लेकर आते हैं। सब्जी मंडी पहुंचते ही लोगों की भीड़ जुट जाती है। शनिवार के दिन खेतों से आलू, टमाटर, अरबी और गोभी तथा अन्य फसल निकलते हैं और रविवार के दिन बाजार में बेचने के लिए लाते हैं। जितनी भी सब्जियां किसानों द्वारा बाजार में लाई जाती हैं, वह शाम तक खत्म हो जाती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बाधित रहेगी बिजली

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड में आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 33 केवी कंडाघाट फीडर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने यह जानकारी दी। सोमवार सुबह 10 से सांय 5 बजे तक वाकनाघाट, क्यारीघाट, शालाघाट, कैथलीघाट, छावशा, डुमैहर, कदौर, गरू, पौघाट, कून, आंजी, सुनारा, साधुपुल, कलहोग, दोची, सोनाघाट, सैंज, कोटला, चायल, नंगाली, हिन्नर, कुरगल, झाझा, धंगील, आलमपुर, जनेड़घाट, टिक्कर एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। निर्धारित तिथि व समय में खराब मौसम व अन्य परिस्थितियों के दृष्टिगत परिवर्तन किया जा सकता है।

### टारिंग, मेटलिंग के लिए पांच करोड़ दिए

**शिमला।** ठियोग सैंज से चौपाल, नेरवा, फेडीज पुल रोड के डबल लेन निर्माण और टारिंग व मेटलिंग के लिए 5 करोड़ की प्रारंभिक राशि प्रदान की है। इस पूरे निर्माण में 36 करोड़ का खर्चा होगा। प्रारंभिक कार्य खिड़की से चौपाल तुरंत शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री जल्द ही निर्वाचन क्षेत्र चौपाल के नेरवा का दौरा करेंगे और साथ ही साथ नेरवा बाईपास का शिलान्यास भी करेंगे। यह जानकारी रजनीश किमटा ने दी है।

### राजधानी के कॉलेजों में फिर लौटेगी रौनक

**शिमला।** राजधानी शिमला के कॉलेज सोमवार को खुलेंगे। शिमला शहर में फिर से कॉलेज के विद्यार्थियों की चहलकदमी के साथ ही कॉलेजों में रौनक लौट आएगी। नए साल से लेकर 4 फरवरी तक छुट्टियां थी जो रविवार को खत्म हो गई। मार्च माह के अंत में अब प्रदेश के सभी कॉलेजों में परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। एग्जामिनेशन फॉर्म भरने समेत छात्रों के परीक्षा हॉल में बैठने संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। संजौली कॉलेज प्रिंसिपल भारती भागड़ा का कहना है कि आज से कॉलेज खुल रहे हैं। जो छात्र दूरदराज के क्षेत्रों से आते हैं, जहां अभी सड़कें क्लियर नहीं हैं, उन्हें कॉलेज प्रबंधन को एप्लिकेशन के जरिए इसकी सूचना देनी होगी। एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स को सेल्फ स्टडी के अलावा अपने प्रश्न संबंधित सब्जेक्ट टीचर से पूछने चाहिए, इसलिए एग्जाम से पहले सभी छात्रों को कॉलेज आना होगा।

### जेबीटी का रिजल्ट न आने से असमंजस

**शिमला।** तीन माह बीत जाने के बाद भी सरकार व शिक्षा विभाग जेबीटी काउंसलिंग का परिणाम घोषित करने में असमर्थ रहा है। एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ ने जेबीटी बैच आधार नियुक्तियां जल्द करने की मांग उठाई हैं। एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ जिला शिमला की कार्यकारी अध्यक्ष रीना ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में जेबीटी अध्यापकों के 1161 के करीब पद भरने के लिए साक्षात्कार नंवबर माह मे हुए थे, लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी अभी तक नियुक्तियां नहीं हुई हैं। उनका कहना था कि बेरोजगार अध्यापक वर्ग बड़ी अधीरता से इस काउंसलिंग के परिणाम का इंतजार कर रहा है। इतने लंबे समय तक रिजल्ट को रोके रखना किसी भी सूरत में तर्कसंगत एवं न्यायसंगत नहीं है। एलिमेंटरी अध्यापक संघ का कहना है कि प्रदेश में वर्तमान मे जेबीटी के 4000 से अधिक पद रिक्त हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि अब उनके सब्र का पैमाना छलक रहा है इसलिए राज्य सरकार व शिक्षा विभाग से आग्रह है कि नवंबर माह में हुई काउंसलिंग के परिणाम पर जल्द निर्णय लेकर नियुक्तियां की जाएं।

### पेंशनर्स की बकाया राशि जारी करे सरकार

**जुन्गा।** प्रदेश सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों के देय लाभों को रोकना तर्कसंगत नहीं है। पेंशनर्स संघ के प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 2016 से छठे वेतन आयोग के बड़े हुए वेतनमान के अनुसार ग्रेच्युटी, लीव एनकएशमेंट, कम्युटेशन , डीए बढ़ोतरी और अन्य भत्तों की अदायगी तुरंत की जाए। उन्होंने बताया कि बीते 5-6 वर्षों के अंतराल में बहुत सारे सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी बिना वेतन भत्ते लिए स्वर्ग भी सिधार गए हैं। इस उम्र में आर्थिक तंगी के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

# कुछ रोड खुले, फिसलन से गाड़ियां हो रही स्किड

## अपर शिमला में कुछ जगह बर्फबारी तो कई जगह हुई बारिश, नारकंडा व चौपाल अभी बंद, कुफरी व मशोबरा में लग रहा जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



अपर शिमला सड़क पर गिरी बर्फ को हटाने में जुटी मशीनरी।



अपर शिमला सड़क पर बर्फ के चलते रुक-रुककर चलते वाहन।

अपर शिमला में अभी कुछ सड़कें तो बहाल हो गई हैं, लेकिन कई अभी बंद हैं। यहां पर स्थिति ऐसी बनी हुई है कि जो सड़कें खुली हैं उसमें भी अभी काफी ज्यादा फिसलन है। ऐसे में गाड़ियां स्किड हो रही हैं। जिसके चलते गाड़ियां आपस में भी टकरा रही हैं।

शिमला में रविवार को कुछ जगह पर बर्फबारी तो कई जगह पर बारिश हुई है। वहीं कुफरी व मशोबरा क्षेत्र में बर्फ के चलते सबसे ज्यादा फिसलन है। बर्फ के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला शिमला में वर्षा और हिमपात का दौर जारी है। जिला के ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात के कारण सड़कें अवरुद्ध और गाड़ी चलाने के लिए असुरक्षित हैं। प्रशासन द्वारा सड़कों को बहाल करने के लिए पर्याप्त प्रयास किए जा रहे हैं। जिला में सड़कों की स्थिति अभी इस प्रकार है कि नेशनल हाईवे 05 शिमला से रामपुर छराबड़ा, कुफरी, फागू में फिसलन तथा नारकंडा में बंद है। नेशनल हाईवे 705 ठियोग से हाटकोटी व खड़ापत्थर में फिसलन है। नेशनल हाईवे 205 शिमला से बिलासपुर यातायात के लिए खुला है। स्टेट हाईवे 8 सैंज, चौपाल, नेरवा, चंबी, खिड़की तथा छारकी में बंद है और फिसलन है। स्टेट हाईवे 13 शिमला, सुन्नी, तत्तापानी, मशोबरा में फिसलन है। शिमला शहर के सभी मार्ग यातायात के लिए खुले हैं। शिमला पुलिस ने सभी स्थानीय निवासियों और पर्यटकों से आग्रह किया है कि सड़कों के बहाल होने तक गाड़ियां न चलाएं, सुरक्षित स्थानों पर रहें और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में न जाएं।

## एक माह में 30 मामले दर्ज पकड़े गए 45 नशा तस्कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**ड्रग माफिया की कमर तोड़ने के लिए लगातार ग्राउंड जीरो पर काम कर रही पुलिस**

शिमला पुलिस ने नशा तस्करों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। शिमला पुलिस का चिट्टा माफिया के खिलाफ चल रहा अभियान लगातार जारी है और पुलिस ने जनवरी माह में ही 30 दर्ज मामलों में 45 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। शिमला पुलिस ने एक महिला और पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी को धर दबोचा है, जबकि एनडीपीएस एक्ट के तहत ठियोग व कोटखाई के दस लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। शिमला पुलिस ने वर्ष 2023 में एक वर्ष के भीतर ही ड्रग्स से जुड़े 424 मामले दर्ज किए।

इनमें 676 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। खास बात यह है कि पूरे प्रदेश में ड्रग्स के खिलाफ हुई कार्रवाई में से 37 फीसदी कार्रवाई सिर्फ शिमला पुलिस ने ही की है। अब तक पुलिस ने इन मामलों में 1.50 करोड़ की प्रॉपर्टी को फ्रीज कर दिया है, जबकि इतनी ही संपत्ति को जल्द फ्रीज किया जाएगा। इन मामलों में पुलिस ने 135 गाड़ियों को भी सीज किया है।

पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी ने कहा कि चिट्टा व नशे के सौदागरों के खिलाफ चल रहे अभियान में कोई भी संलिप्त होगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ड्रग माफिया की कमर तोड़ने के लिए लगातार ग्राउंड जीरो पर काम कर रही है।

### जलशक्ति विभाग में पदों को भरने की तिथि को बढ़ाया जाए: प्रेम ठाकुर

**जुन्गा।** जल शक्ति विभाग कसुम्पटी मंडल-1 शिमला द्वारा अस्थायी तौर पर भरे जा रहे विभिन्न पदों में भाजपा जिला शिमला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने बेकडोर एंट्री की संभावना जताई है। इनका आरोप है कि इन पदो के आवेदन करने के लिए केवल एक सप्ताह का समय दिया गया है। इनका कहना है कि 27 जनवरी को अधीशासी अभियंता जलशक्ति कसुम्पटी मंडल द्वारा अधिसूचना पर हस्ताक्षर किए गए है और 8 फरवरी तक आवेदन मांगे गए हैं। कोई भी सरकारी एजेंसी आवेदन के लिए कम से कम माह का समय देती है। जलशक्ति विभाग द्वारा एक सप्ताह का समय देना तर्कसंगत नहीं है जिस पर विभाग को विचार करना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इन पदों को भरने के लिए आवेदन की तिथि को बढ़ाकर कम से कम एक महीना किया जाना चाहिए।

## करगाल में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग का विस्तार पटल शुरू

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**



करगाल में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के विस्तार पटल का शुभारंभ करते हुए।

तत्तापानी के साथ लगती तहसील निहरी की ग्राम पंचायत शोहजा के दूरदराज गांव करगाल में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के विस्तार पटल का शुभारंभ हुआ । इस उपलब्धि के लिए प्रधान मोहन लाल, पूर्व प्रधान खूबचंद, पूर्व उप-प्रधान सोहन लाल, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश महासचिव भगतराम व्यास, द्रेहठ सहकारी सभा समिति के सचिव केसर सिंह,सेल्समैन गीताराम शर्मा तथा समस्त गांव वासियों ने पूर्व सीपीएस सोहनलाल ठाकुर, जिला अधिकारी खाद्य आपूर्ति विभाग मंडी तथा निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सुंदरनगर का आभार प्रकट किया है। इस दौरान गांव वासियों ने मिठाई बांट कर खुशी जताई तथा प्रदेश सरकार का धन्यवाद भी किया। बता दें कि इस क्षेत्र में खाद्य नागरिक आपूर्ति एव उपभोक्ता विभाग के विस्तार पटल की मांग लंबे अरसे से की जा रही थी और इस विस्तार पटल के गांव में आरंभ होने से आस पास के डिपो धारकों को काफी मदद मिल पाएगी तथा सैंकड़ों ग्रामीणों को भी लाभ पहुंचेगा। बहरहाल गांव वासियों ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत की इस मांग को बुलंद करने में अहम भूमिका निभाने वाले राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के महासचिव भगत राम व्यास का भी धन्यवाद भी किया है ।

## लोकसभा चुनाव — शिमला सीट पर जीत का चौका लगाने उतरेगी भाजपा, कांग्रेस के सामने भाजपा के विजयी रथ को रोकने की चुनौती

# मूंगटा, शांडिल या फिर दयाल प्यारी का महिला कार्ड खेलेगी कांग्रेस

**अनिल पंवार, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की शिमला लोक सभा सीट से कांग्रेस को मिशन 2024 के लिए जिताऊ चेहरे की तलाश है। पूर्व में कांग्रेस की परंपरागत मानी जाने वाली शिमला सीट पर बीते तीन लोकसभा चुनावों मे कांग्रेस जीत का स्वाद नहीं चख पाई है।

इससे पहले अधिकतर समय शिमला संसदीय सीट से कॉलेज कांग्रेस के ही उम्मीदवार जीतते रहे हैं, लेकिन बीते पंद्रह सालों से शिमला सीट की सत्ता से बाहर हैं। ऐसे में कांग्रेस को मिशन 2024 मे भाजपा विजयी रथ को रोकने व शिमला लोकसभा सीट से जीत के सूखे को खत्म करने के लिए एक जिताऊ चेहरे की तलाश है। शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 मे जहां एक और जीत का चौका लगाने उतरेगी, वहीं कांग्रेस के सामने इस सीट पर पंद्रह सालों बाद वापसी करने की चुनौती होगी। लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। बैठकों व दिल्ली से नेताओं के आने का दौर शुरू हो चुका है। शिमला संसदीय सीट पर संभवत जहां भाजपा के उमीदवार की स्थिति स्पष्ट है कि भाजपा वर्तमान सांसद सुरेश कश्यप के साथ ही चुनावी मैदान मे उत्तर सकती है। वहीं कांग्रेस को इस सीट पर मोदी मैजिक के इस दौर में भाजपा के विजयी रथ को रोकने वाले उम्मीदवार की तलाश है। शिमला सीट पर कांग्रेस के पास चुनावी मैदान मे उतारने के लिए चेहरे तो कई हैं लेकिन जो सीट को कांग्रेस की झोली में डाल सके ऐसे चेहरे की खोज जारी है। भाजपा जहां चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के साथ जनता के बीच जाएगी, वहीं कांग्रेस को स्थानीय मुद्दों के साथ जाना पड़ेगा। हालांकि कांग्रेस के लिए यह सीट निकलना उतना मुश्किल भी नहीं है, क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और शिमला लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभा की कुल सत्रह सीटों में से ग्यारह विधानसभा सीटें कांग्रेस के पास हैं जिन पर जीते हुए कांग्रेस विधायकों में से पांच प्रदेश सरकार में मंत्री, तीन सीपीएस व एक विधानसभा उपाध्यक्ष भी हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए सीट जीतना असंभव नहीं है। कांग्रेस के संभावित चेहरों में प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के जैसा अनुभव, कौशल मूंगटा जैसा युवा जोश तो वहीं दयाल प्यारी जैसा महिला कार्ड भी उपलब्ध है। विनोद सुल्तानपुरी, विनय कुमार व मोहन लाल ब्राक्टा जैसे दिग्गज चेहरे भी उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

### कर्नल धनीराम शांडिल



वर्तमान प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं। शांडिल पूर्व में दो बार सांसद भी रह चुके हैं और 2019 में चुनाव लड़ चुके हैं। ऐसे मे इस सीट पर चुनाव लड़ने का उनके पास लंबा अनुभव है।

### मोहन लाल ब्राक्टा



रोहड़ू विधानसभा सीट से कॉलेज कांग्रेस विधायक व वर्तमान कॉलेज सुक्खू सरकार में सीपीएस मोहन लाल ब्राक्टा कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं। ब्राक्टा तीसरी बार के विधायक हैं और व पहले भी शिमला सीट से चुनाव लड़ चुके हैं।

### विनय कुमार



श्री रेणुका जी से तीसरी बार के कांग्रेस विधायक व प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार का विकल्प भी कांग्रेस आलाकमान के पास उपलब्ध है। विनय कुमार के पास संसदीय राजनीति का लंबा अनुभव है।

### अमित नंदा



वर्तमान कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमित नंदा के रूप में भी कांग्रेस नेतृत्व के पास विकल्प मौजूद है। नंदा पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के करीबियों में माने जाते हैं। उनके नाम पर भी चर्चा हो सकती है।

### विनोद सुल्तानपुरी



विनोद सुल्तानपुरी कांग्रेस के दिग्गज नेता केडी सुल्तानपुरी के पुत्र हैं और वर्तमान समय मे कसौली विधानसभा क्षेत्र से पहली बार के विधायक भी हैं। केडी सुल्तानपुरी करीब सात बार इसी शिमला लोकसभा सीट से सांसद रहे जो प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा आंकडा है।

### दयाल प्यारी



2022 विधानसभा चुनाव में पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी रही दयाल प्यारी का विकल्प भी कांग्रेस आलाकमान के पास उपलब्ध है। दयाल प्यारी वर्तमान समय में शिमला सीट से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप के गृह जिले व गृह विधानसभा क्षेत्र से ही संबंध रखती हैं।

### कौशल मूंगटा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पेनलिस्ट व युवा जिला परिषद सदस्य कौशल मूंगटा के रूप में कांग्रेस आलाकमान के पास युवा जोश का विकल्प भी मौजूद है। कौशल मूंगटा स्थानीय टीवी चैनलों की डिबेट में कांग्रेस के लिए जोरदार बल्लेबाजी करते हुए नजर आते हैं और उनकी सोशल मीडिया पोस्ट से उनकी चुनाव लड़ने की इच्छा भी जाहिर होती है। एक युवा का विकल्प भी कांग्रेस के पास मौजूद है।

## आयरन और फाइबर युक्त बाजरा बन रहा हर रसोईघर की शान

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

आयरन और फाइबर का पावरहाउस तथा सुपर फूड के नाम से जाना जाने वाला बाजरा आज हर रसोईघर की शान बन चुका है। साधारण से दिखने वाले अनाज को रेगिस्तान की रानी, सूरज का साथी, गरीबों का सोना के नाम से भी जाना जाता है।

बताते चलें कि बाजरा लगभग 4000 साल का इतिहास समेटे है तथा बाजरे ने अफ्रीका से भारत की यात्रा तय की और यहां की संस्कृति में इस कदर रच बस गया कि दादी मां की कहानियों से लेकर खेतों के नजारों तक, हर जगह इसकी छाप देखने को मिलती है। आज जब आधुनिक जिंदगी की भागदौड़ में हम पौष्टिकता की तलाश कर रहे हैं, तो बाजरा एक सुखद अनाज की तरह सामने आता है। ये वह अनाज है जो सूखी और कमजोर जमीन पर भी हंसते-हंसते फसल देता है। जहां गेहूं और मक्का प्यासे होकर हार मान लेते हैं, वहां बाजरा अपना हरा झंडा लहराता रहता है। ये गुण ही इसे पर्यावरण का आदर्श साथी बनाते हैं, लेकिन बाजरा की असली ताकत तो उसके अंदर छिपी है। बाजरा आयरन, कैल्शियम और विटामिन ई का खजाना है, जो हमारे शरीर को हर जरूरी तत्व प्रदान करता है। फाइबर, मैग्नीशियम, जिंक और विटामिन बी कांप्लेक्स के साथ मिलकर यह हमारी सेहत की पहरेदारी करता है। एनीमिया को हराना हो, वजन को कम करना हो, मधुमेह को कंट्रोल करना हो या हृदय को मजबूत बनाना हो, बाजरा हर बीमारी पर कारगर सिद्ध होता है। एंटीऑक्सिडेंटस गुणों से भरपूर, ये कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और सांस की तकलीफें भी दूर भगाता है। यहां तक कि माइग्रेन के दर्द से भी निजात दिलाने में मदद करता है। बाजरे से विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए जा सकते हैं। बाजरे की खिचड़ी से लेकर रोटी, परांठे से लेकर भजिया, उपमा से लेकर इडली, डोसा और यहां तक कि केक और ब्राउनी तक और चूरमा, बाजरा हर रूप में स्वाद का जादू बिखेरता है तथा सेहत और स्वाद का नया अनुभव लिया जा सकता है। बाजरा हमें याद दिलाता है कि पुरानी चीजों में भी नयापन तलाशने की कोशिश करनी चाहिए।

# मंत्री जी! अवैध खनन रोको, स्वास्थ्य वातावरण और फसलें हो रहीं बर्बाद

## 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में आम जनता ने खोली अधिकारियों की पोल, बोले-पटवारी खाते हैं पैसा



सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के विभिन्न दृश्य।

**प्रीती चौहान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब के सालवाला पंचायत में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी के सामने ग्रामीणों ने कई विभागों की पोल खोल कर रख दी। सबसे ज ज्यादा समस्याएं आईपीएच, बिजली बोर्ड और माइनिंग विभाग से संबंधित थी। इसके आलावा कई ऐसी शिकायतें आम जनता ने रखीं, जिन्हें सुनकर मंत्री अधिकारियों की भी क्लास लगाए बिना नहीं रह सके।

ग्रामीणों का कहना था कि पटवारी छोटे से छोटे काम करवाने के लिए भी पैसे लेते हैं। पटवारी को कहीं किसी काम से बुलाया जाए तो भी अतिरिक्त पैसे मांगते हैं। इस दौरान कई लोगों ने पटवारियों के नाम भी उजागर किए। मंत्री ने आधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि आम जनता के साथ इस प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने छोटे कर्मचारियों से लेकर बड़े अधिकारियों तक सभी से बातचीत की और लोगों की समास्याओं का जवाब मांगा, जिसका कई अधिकारी तथ्यों के साथ जवाब नहीं दे सके।

मंत्री के समक्ष कई लोगों ने अवैध खनन को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से इस समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं।

**कार्यक्रम में राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी रहे मुख्यातिथि**

अवैध खनन से न केवल वातावरण बल्कि फसलें और स्वास्थ्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ जब भी आवाज उठाई जाती है तो डरा-धमकाकर उन्हें चुप करवा दिया जाता है। इस पर मंत्री ने खनन अधिकारी से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि वह लोगों की समस्याओं को देखते हुए अवैध खनन को रोकने का प्रयास करेंगे।

वहीं, बिजली बोर्ड से संबंधित भी लोगों ने कई समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। इसमें अधिकतर लोगों के घरों के ऊपर बिजली की तारें या घर से पास ट्रांसफार्मर हैं, मगर बिजली बोर्ड के कर्मचारी हर बार मौके का जायजा लेकर वापस चले जाते हैं।

लोगों ने कहा कि विभाग इस तरह लोगों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि अधिकारियों को सख्त आदेश दिए जाएं कि अधिकारी गंभीरता से आम जनता की समस्याओं को सुनें और उनका निस्तारण करें। (अनंत ज्ञान)

## ट्यूरा गांव से एक व्यक्ति का बकरा चोरी

**सोलन।** दाड़लाघाट थाना क्षेत्र के धुंदन इलाके के ट्यूरा गांव से एक व्यक्ति की गोशाला से अज्ञात व्यक्ति उसका साठ किलो बजनी बकरा ले उड़ा। पीड़ित ने पुलिस को घटना की लिखित सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार ट्यूरा निवासी इंद्र लाल की धुंदन में गोशाला है। 26 जनवरी की सुबह जब वह गायों का दूध निकालने के लिए गया तो गोशाला के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और साठ किलो बजनी भूरे रंग का बकरा भी गायब था। बकरे की काफी तलाश के बाद उसने पुलिस को मामले की लिखित जानकारी दी।

## मोदी को मिल रहा समर्थन अपार, लोस चुनाव में सीटें होंगी 400 के पार : रावत



**नाहन।** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को देश व प्रदेश की जनता का लोकसभा चुनाव के लिए अपार समर्थन मिल रहा है। इसकी वजह से भाजपा इस बार के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगी क्योंकि देश व प्रदेश की जनता को सिर्फ पीएम नरेंद्र मोदी पर भरोसा है, किसी अन्य नेता पर नहीं। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। रावत ने बताया कि विपक्ष के पास न कोई नेता है और न ही कोई नीति है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन को करारा झटका देते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि महागठबंधन पीएम नरेंद्र मोदी के आगे कहीं पर भी टिक नहीं पाएगा क्योंकि मोदी की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है जिसको रोक पाना महागठबंधन के नेताओं के बस में नहीं है। भाजपा हिमाचल प्रदेश की भी चारों लोकसभा सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी क्योंकि प्रदेश की जनता का मुख्यमंत्री सुक्खु की सरकार से मोह भंग हो चुका है।

## पटवारी-कानूनगो ने मांगें पूर्ण होने पर जताया सरकार का आभार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

संयुक्त पटवारी व कानूनगो संघ जिला सिरमौर की बैठक पांवटा साहिब में आयोजित हुई। बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई और प्रदेश सरकार द्वारा पूरी की गई मांगों के लिए आभार भी जताया गया, साथ ही लंबित मांगों के शीघ्र पूर्ण होने की आशा जताई गई।

संघ के अध्यक्ष भगत सिंह ने बताया कि आज संयुक्त पटवार एवं कानूनगो महासंघ की बैठक आयोजित में संघ द्वारा मांग की गई कि जिला सिरमौर में 21 पटवारियों के वेतन में प्रशासनिक कारणों से आई वेतन विसंगति को ठीक किया जाए, जिस बारे संघ ने राजस्व मंत्री को भी ज्ञापन भी दिया गया है।

इसके अतिरिक्त संघ ने पटवार एवं कानूनगो के जिला कैडर करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया, साथ ही बैठक में रिक्त पदों को भरने, ब्रॉडबैंड की सुविधा उपलब्ध करवाने, बैंक द्वारा मांगे जाने वाले अनावश्यक प्रमाण पत्रों के आरबी आई के नियमों के आधार पर जारी करने बारे आदि मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला सिरमौर का कोई भी पटवारी आरबीआई के नियमों के बाहर कोई भी प्रमाण पत्र बैंक द्वारा मांगे जाने पर नहीं देगा, साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि किसी भी पटवारी एवं कानूनगो के साथ कोई अनहोनी होती है तो प्रति पटवारी एवं कानूनगो 1100 रुपए की राशि एकत्रित कर आर्थिक सहायता के तौर पर उसके परिवार को संघ की तरफ से प्रदान की जाएगी।

बैठक में संघ को मजबूत करने और संघ की नियमित अंतराल में बैठक करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में महासचिव रजनीश शर्मा, राज्य प्रतिनिधि विनोद तोमर, राम सिंह ठाकुर, अन्य जिला कार्यकारिणी प्रतिनिधि, तहसील इकाइयों के प्रतिनिधियों और सदस्यों ने भाग लिया।




संयुक्त पटवारी व कानूनगो संघ जिला सिरमौर की बैठक पांवटा में आयोजित की गई।

## कलाकारों ने लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग से सौजन्य से सोलन जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सांस्कृतिक दलों द्वारा लोगों को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। शिव शक्ति कला मंच कुनिहार के कलाकारों द्वारा आज नालागढ़ विस क्षेत्र की पंचायत चमदार तथा पंचायत दिग्गल में लोगों को गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया गया।

कलाकारों ने लोगों को अवगत करवाया कि सरकार द्वारा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना-2023 को स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत 50 हजार रुपए तक के ऋण पर उद्यमियों को 50 प्रतिशत ब्याज उपदान प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना आरंभ की गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चमदार के प्रधान कर्म चंद, पंचायत दिग्गल के प्रधान पवन कौशल, पंचायत दिग्गल के उपप्रधान सुखन लाल, वार्ड सदस्य चमदार लता देवी तथा रामानंद, महिला मंडल प्रधान करुणा शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोमा देवी तथा फूला देवी, नेहरू युवक मंडल के प्रधान बलवीर ठाकुर, सचिव धर्मेंद कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी देते कलाकार।

## कंडाघाट क्षेत्र में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच फरवरी को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 33 केवी कंडाघाट फीडर के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी।

राहुल वर्मा ने कहा कि पांच फरवरी को प्रात: 10 से सायं पांच बजे तक कंडाघाट उपमंडल के वाकनाघाट, क्यारीघाट, क्वारग, शालाघाट, कैथलीघाट, छावशा, डुमैहर, कदौर, गरू, पौघाट, कून, आंजी, सुनारा, साधुपुल, कलहोग, दोची, सोनाघाट, सैंज, कोटला, चायल, नंगाली, हिन्नर, कुरगल, झाझा, धंगील, आलमपुर, जनेड़घाट, टिक्कर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय में खराब मौसम व अन्य परिस्थितियों के दृष्टिगत परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## रेणुका वनमंडल में वन मित्रों की शारीरिक परीक्षा आठ से

**अनंत ज्ञान, श्री रेणुका /अर्की/राजगढ़**

वन मंडल रेणुका के अधीन आने वाले पांच वन परिक्षेत्र में वन मित्र भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा आठ से 12 फरवरी के बीच होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए डीएफओ रेणुका परमिंद्र सिंह ने बताया कि सरकार व विभाग के निर्देशानुसार आठ फरवरी को वन रेंज नोहराधार, नौ फरवरी को संगड़ाह, 10 फरवरी को रेणुका जी, 11 फरवरी को कफोटा व 12 फरवरी को शिलाई वन रेंज के उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता के लिए रेणुका झील परिक्रमा मार्ग मे प्रात: सात बजे रिपोर्ट करनी होगी।

डीएफओ ने बताया कि इस परीक्षा में वही उम्मीदवार भाग ले सकते है, जिन्होंने पूर्व में वन विभाग में इस पद हेतु आवेदन किया हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि सभी उम्मीदवार इस मौके पर अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लाएं। उन्होंने उम्मीदवारों से अपील की वे सात बजे प्रात: से पूर्व निश्चित तिथि उपस्थित हो जाएं। उन्होंने बताया कि मुख्य अरण्य पाल द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार यदि किसी अपरिहार्य कारणों से दोनों तिथियों में से किसी भी दिन परीक्षा नही हो पाती है तो प्रार्थियों को मौके पर ही अगली तिथियों का विवरण दे दिया जाएगा।

**अर्की में वन मित्र के लिए फिजिकल टेस्ट आठ व नौ को :** वन वृत्त बिलासपुर व वन मंडल कुनिहार के अधीन आने वाले वन परिक्षेत्र अर्की में वन मित्र भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा आठ व नौ फरवरी को होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए अर्की वन परिक्षेत्र अधिकारी किशोरी भारद्वाज ने बताया कि यह परीक्षा राजकीय महाविद्यालय (बातल) अर्की में होगी। उन्होंने कहा कि सरकार व विभाग के निर्देशानुसार आठ फरवरी को पुरुष उम्मीदवार व नौ फरवरी को महिला उम्मीदवारों की परीक्षा तिथि निश्चित की गई है।

भारद्वाज ने कहा कि इस परीक्षा में वही उम्मीदवार भाग ले सकते हैं, जिन्होंने पूर्व में वन विभाग में इस पद हेतु आवेदन किया हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि सभी उम्मीदवार इस मौके पर अपना आधारकार्ड अवश्य साथ लाएं। उन्होंने उम्मीदवारों से अपील की वह नौ बजे प्रात: से पूर्व भर्ती स्थल पहुंच जाएं। उन्होंने बताया कि मुख्य अरण्य पाल द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार यदि किसी अपरिहार्य कारणों से दोनों तिथियों में से किसी भी दिन परीक्षा नहीं हो पाती है, तो उम्मीदवारों को मौके पर ही अगली तिथियों का विवरण दे दिया जाएगा।

**राजगढ़ में वन मित्र की भर्ती नौ फरवरी से :** वन विभाग राजगढ़ वन मंडल में नौ फरवरी से वन मित्र की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डिप्टी रेंजर वनमंडल राजगढ़ नरेंद्र चौहान ने बताया कि वन मित्र की भर्ती रैंज वाइज की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी नौ फरवरी को हाब्बन व राजगढ़ रेंज के वन मित्रों की भर्ती प्रक्रिया सुबह 7.30 बजे से रेंज कार्यालय राजगढ़ मे शुरू की जाएगी, जबकि 10 फरवरी को सराहां व नारग रेंज की भर्ती प्रक्रिया डूंगा घाट बस स्टॉप सराहां में की जाएगी।

नरेंद्र चैहान ने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि उपरोक्त तिथि को प्रात:काल में सभी अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण किया जायगा तथा सफल उम्मीदवार को ही अगली प्रक्रिया ग्राउंड टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुरुष और महिलाओं अभ्यर्थियों के लिए एक ही दिन भर्ती प्रक्रिया अर्थात शारारिक परीक्षण के लिए सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त दिए गए भर्ती स्थल पर तय समय सीमा पर रिपोर्ट करें, अन्यथा उम्मीदवार को अनुपस्थित घोषित कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए रेंज कार्यालय में कार्य दिवस पर 10 से सायं पांच बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

### शारीरिक मापदंड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा वन मंडल कुनिहार में आठ व नौ को होगी आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

वन मंडल कुनिहार में वन मित्र योजना के तहत प्रतिभागियों का शारीरिक मापदंड परीक्षण कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है।

यह जानकारी मुख्य अरण्यपाल बिलासपुर वन वृत्त अनिल कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि सभी पुरुष प्रार्थियों की शारीरिक मापदंड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा आठ फरवरी तथा महिला प्रार्थियों की नौ फरवरी को आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अर्की में डिग्री कॉलेज बातल, दाड़लाघाट में वन विश्रामगृह दाड़लाघाट, कुनिहार में वन विश्रामगृह कुनिहार तथा कुठार में शारीरिक मापदंड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा बनलगी में आयोजित की जाएगी। सभी स्थानों पर यह कार्यक्रम प्रात: नौ से आरंभ होगा। मुख्य अरण्यपाल ने कहा कि यदि किसी कारण निर्धारित दिवस पर यह प्रक्रिया नहीं हो पाती है तो प्रार्थियों को उसी समय अगली तिथि बता दी जाएगी।

## प्लॉट खुदाई में अनियमितता की विजिलेंस जांच को प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**खलोगड़ा को-ऑपरेटिव सोसायटी कुमारहट्टी की आम सभा आयोजित**

खलोगड़ा को-ऑपरेटिव सोसायटी कुमारहट्टी की आम सभा की बैठक में नाहन रोड के जीरो प्वाइंट पर हुए प्लाट खुदाई में हुई अनियमिताओं की जांच अब विजिलेंस से कराने का प्रस्ताव सरकार को भेजने की सहमति बन गई है।

समिति के वार्षिक अधिवेशन में जनता की मांग पर सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया। समिति के प्रधान अमरचंद की अध्यक्षता में राजा वीरभद्र कांप्लेक्स में शुक्रवार को हुए जनरल हाउस में सभा में बनाए गए नए सदस्यों को भी स्वीकृति दी गई।

सभा द्वारा पिछले वर्ष पांच लाख का लाभ कमाने पर सभा को सदस्यों ने बधाई भी दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सभा के करीब 60 लाख रुपए का दुरुपयोग किए जाने पर सभा की पूर्व कमेटी के खिलाफ विजिलेंस इंक्वायरी की भी मांग की, जिसे सभा द्वारा अपनी कार्रवाई में डाला गया।

आईसीडीएस द्वारा एक ही बार में उपरोक्त कार्य के लिए सारा पैसा बिना निर्माण कार्य की जांच किए, सभा के बचत खाते में एक बार डालने की भी जांच की मांग सदस्यों द्वारा की गई। सभा ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि आगामी तीन महीने में उपरोक्त प्लॉट के लिए नेशनल हाई-वे से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाएगा व जमीन की निशानदेही करवा कर उसमें डंगा लगाकर प्लॉट के कार्य को भी पूरा किया जाएगा।

आम सभा द्वारा सोसायटी के चल रहे केस का खर्च भी समिति के खाते से दिए जाने पर आम सहमति बनी। अधिवेशन में समिति के पीछे पड़ी खाली जमीन पर सभी विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद भवन बनाने के लिए आगामी साधारण अधिवेशन में इस पर चर्चा करने के बाद इस योजना पर कार्य करने की चर्चा हुई। इस अवसर पर समिति के पूर्व प्रधान सुरेंद्र ठाकुर, अनहेच पंचायत के प्रधान मोहनलाल आदि उपस्थित थे।

## द हंस फाउंडेशन के जांच शिविर में 304 का स्वास्थ्य जांचा



द हंस फाउंडेशन संस्था ने गांव नवाग्राव में निशुल्क शिविर में उपस्थित लोग।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

द हंस फाउंडेशन संस्था ने गांव नवाग्राव में निशुल्क नेत्र जांच एवं निदान शिविर लगाया गया। संस्था के द्वारा आयोजित कैंप में सैकड़ों लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ दवाइयां वितरित की गईं।

शिविर में 304 लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें 198 लोगों को मुफ्त में चश्मे दिए गए और आठ लोगों को मोतिया बिंद की सर्जरी के लिए रेफर किया गया। समाजसेवी ज्ञान ठाकुर ने बताया कि संस्था ने सराहनीय कार्य किया है और जिससे लोगों को काफी मदद मिली है। उन्होंने बताया कि पंचायती एरिया में स्वास्थ्य जांच से ग्रामीणों को काफी मदद मिलती है।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान सोमनाथ, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर अजय, डॉ. शम्मी, डॉ. राजन, कुलदीप सिंह, योगेश, रितु, नरेंद्र, सुनीता, रजनीश, राजेंद्र, रवि, अंकित व अरुण कुमार मौजूद रहे।

## लंबे समय से लंबित देयों पर भड़के पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पांवटा साहिब की बैठक डॉ. विपन कालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के महासचिव टीपी सिंह ने बताया कि गत दिनों पेंशनर्स दिवस का सफल आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने भागीदारी सुनिश्चित की।

बैठक में छठे वेतन आयोग की लंबित देनदारियों पर विशेष चर्चा हुई। सदस्यों ने रोष प्रकट किया कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के प्रति असंवेदनशील प्रतीत नहीं हो रही है। सरकार एक जनवरी 2016 से लंबित देनदारियों के बारे में कोई सकारात्मकता नहीं दिखा रही है। महंगाई भत्ते की तीन किस्तों सहित कुल 12 फीसदी देय भी लंबित हैं। चिकित्सा आपूर्ति के लिए कोई बजट का प्रावधान नहीं किया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि कुछ सदस्यों की इन देनदारियों का इंतजार करते हुए मृत्यु भी हो गई।

यदि यह देनदारी मार्च मध्य तक नहीं हुई तो लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लग जाएगी तथा फिर जून तक सभी देनदारियां लटक जाएंगी। उन्होंने कहा कि 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को क्रमश: 5, 10 व 15 प्रतिशत भत्ता ने देकर मूल पेंशन में बढ़ोत्तरी की मांग बहुत समय से लंबित है। इसे तुरंत जारी किया जाए तथा रोका हुआ एरियर एक मुस्त दिया जाए।



बैठक में विचार विमर्श करते पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पांवटा के पदाधिकारी।

**मूल पेंशन में बढ़ोतरी की मांग जल्द हो पूरी**

## दिगल स्कूल के वार्षिकोत्सव में होनहारों को नवाजा



पुरस्कार प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी गुरुजनों के साथ।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दिगल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि एसएमसी प्रधान मनीष कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया।

इसके उपरांत अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान मनीष ने 2100 रुपए का विशेष योगदान प्रदर्शनी के लिए देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. पूजा शर्मा ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पारितोषिक भी दिए गए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रिंसिपल रमा नेगी व लेक्चरर इकोनॉमिक्स सुनील कुमार, सोनू शर्मा, सुषमा स्नातक अध्यापक विज्ञान, जय सिंह अध्यक्ष प्रबंधन समिति डिग्री कॉलेज दिगल, सुरजीत, राम सिंह पंचायत सचिव, विमला देवी सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**लापरवाही** बर्फबारी देखने शिमला जा रहे पर्यटक कुमारहट्टी में घंटों फंसे रहे

## बन रहे फ्लाई ओवर से सड़क पर भरा पानी, लगा जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कालका-शिमला नेशनल हाई-वे पांच पर रविवार को पट्टामोड में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के चलते सड़क में करीब तीन से चार फुट पानी भरने के कारण नेशनल हाई-वे पर करीब तीन से चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस कारण प्रदेश में बर्फबारी देखने के लिए आ रहे पंजाब, हरियाणा व साथ लगते क्षेत्र के हजारों पर्यटक घंटों जाम में फंसे रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हाई-वे पर कुमारहट्टी से धर्मपुर की ओर करीब एक किलोमीटर आगे जाकर रेल ट्रैक को सुरक्षित करने के लिए फोरलेन कंपनी द्वारा एक छोटा फ्लाई ओवर बनाया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में पानी की समुचित निकासी न होने के चलते लगातार हो रही बारिश के कारण करीब इस चालीस से पचास मीटर की सड़क के पैच में चार से पांच फुट पानी भर गया।



सड़क पर लगा वाहनों का जाम, जिस कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

**निर्माण कंपनी ने पानी की निकासी का नहीं बनाया है कोई रास्ता**

सड़क पर वाहनों की आवाजाही ने हो सकने के कारण, हाई-वे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने हाई-वे के वाहनों को डगशाई व गांधीग्राम होकर भेजने का प्रयास किया। संपर्क मार्गों के खस्ताहाल के कारण जाम की स्थिति लगातार बढ़ती गई। इस कारण धर्मपुर से कुमारहट्टी का चार किलोमीटर का रास्ता तय करने के लिए लोगों को दो घंटे का समय लगा।

हैरत की बात तो यह है कि, आपदा के समय में फोरलेन बना रही कंपनी की कारगुजारी से हो चुके करोड़ों के नुकसान के बाद भी फोरलेन बना रही कंपनी की नींद अभी नहीं खुली है।

दो दिन की बारिश से इस सड़क में चार से पांच फुट पानी का भराव हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार व प्रशासन से फोरलेन की कंपनी पर निर्माण कार्य में बरतने पर दंडित करने की मांग उठाई है।

## धौलाकुआं में कृषि महाविद्यालय स्थापना की लोगों ने रखी मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कृषि परिसर धौलाकुआं में कृषि महाविद्यालय की स्थापना को लेकर स्थानीय व किसान संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल बागवानी मंत्री से मिला। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी सिरमौर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कृषि परिसर धौलाकुआं का भी दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल ने कृषि परिसर धौलाकुआं में कृषि महाविद्यालय स्थापित करने की मांग उठाई। उन्होंने बागवानी मंत्री को अवगत करवाया कि कृषि परिसर धौलाकुआं वर्ष 1952 से प्रदेश में कार्यरत है और प्रदेश का पहला केंद्र है। इस परिसर में हिमाचल प्रदेश का पहला और सबसे पुराना कृषि विज्ञान केंद्र, सिरमौर का कार्यालय भी है। हिमाचल प्रदेश में एक ही कृषि विश्विद्यालय पालमपुर में स्थित है, जिसमें कृषि स्नातक एवं कृषि क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधाएं उपलब्ध है। जिला सिरमौर सोलन, शिमला एवं किन्नौर के क्षेत्रों के छात्रों को कृषि शिक्षा प्राप्त करने हेतु कोई भी सरकारी शिक्षण संस्थान उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतू भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा जो भी मापदंड निधारित किए गये है कृषि विश्वविद्यालय का धौलाकुआं परिसर उन सभी मापदंडों एवं आवश्यकताओं को पूरा करता है। इस अवसर पर किरनेश जंग चौधरी, समाजसेवी शमशेर सिंह सैनी, बलजीत सिंह नागरा, गुरविंदर सिंह, किसान सभा, शिवानी चौधरी आदि उपस्थित थे।

### धर्मशाला में बारिश-बर्फबारी और ओलावृष्टि का क्रम जारी; पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरा, घरों में दुबके लोग

# नड्डी में गिरी एक फुट बर्फ, ठंड हुई प्रचंड

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

रविवार को पहाड़ों पर बर्फ और मैदानी इलाकों में बारिश का क्रम जारी रहा तथा पारा पांच डिग्री सैल्सियस तक गिर गया। धर्मशाला में रविवार को अधिकतर समय धुंध छाई रही। लगातार बारिश और ठंड के कारण अधिकतर लोग घरों में ही दुबके रहे। धर्मशाला के नड्डी, मैक्लोडगंज एवं धर्मकोट में सेलानियों ने बर्फबारी का खूब लुत्फ उठाया।

धर्मशाला के नड्डी, डलझील और धर्मकोट सहित उपरी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हुई है। धौलाधार पर्वत श्रृंखला पर भी भारी हिमपात हुआ। धर्मशाला और आपसपास के क्षेत्रों में रविवार लगातार बारिश जारी रही। इसके अतिरिक्त रविवार शाम को जम कर ओलावृष्टि भी हुई।

मैक्लोडगंज में करीब छह इंच, नड्डी में करीब एक फुट, धर्मकोट करीब एक फुट और भागसूनाग में आठ इंच बर्फ बारी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे तथा बारिश और उपरी क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार मंगलवार से मौसम साफ हो जाएगा। मौसम विभाग के पुर्वानुमान की माने तो दस फरवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना है। जबकि इसके बाद मौसम एक बार फिर करवट बदलेगा और 18 फरवरी तक बारिश एवं उपरी क्षेत्रों में बर्फ बारी होने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार को 12 एमएम बारिश हुई। धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरा। (अनंत ज्ञान)



रविवार को धर्मशाला में खूब बरसे मेघ। इस दौरान पहाड़ियों में छाए बादल।

### रविवार को 12 एमएम बारिश की दर्ज

**मौसम** विभाग के पुर्वानुमान की माने तो दस फरवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना है। जबकि इसके बाद मौसम एक बार फिर करवट बदलेगा और 18 फरवरी तक बारिश एवं उपरी क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार को 12 एमएम बारिश हुई। धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरा। वहीं, मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार मंगलवार से मौसम साफ हो जाएगा। मौसम विभाग के पुर्वानुमान की माने तो दस फरवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना है।










### बर्फ गिरने से पर्यटकों से गुलजार हुआ मैक्लोडगंज शहर

उल्लेखनीय है कि पहले अक्तूबर, नवंबर में जमकर बर्फबारी होती थी जो पक्की बर्फ होता है फिर उसके बाद दिसंबर में इस लेयर पर एक और लेयर और जनवरी, फरवरी, मार्च तक बर्फबारी का क्रम चलने से पक्के गलेशियर बन जाते थे। इससे गर्मी में जनता को पेयजल की समस्या नहीं होती थी, लेकिन इस बार चार महीने सूखे ही निकल गए, जिससे कई लोग बीमार पड़ रहे रहे थे, अब जाकर आखिर में मैदानी इलाकों में हुई बारिश से सब जगह-चहल पहल हो गई है। मैक्लोडगंज में करीब छह इंच, नड्डी में करीब एक फुट, धर्मकोट करीब एक फुट और भागसूनाग में आठ इंच बर्फ बारी दर्ज की गई है। । मौसम विभाग के अनुसार आठ एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, अब बर्फबारी को देखने के लिए पर्यटक मैक्लोडगंज पहुंच रहे है।

### बारिश और धुंध से ढका क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला



मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे तथा बारिश और उपरी क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं, धर्मशाला के नड्डी, डल झील और धर्मकोट सहित ऊपरी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हुई है।

## धर्मशाला में लोग घरों में दुबके



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

रविवार को पहाड़ों पर बर्फ और मैदानी इलाकों में बारिश का क्रम जारी रहा।

राहत की इस बारिश ने किसानों के चेहरे पर रंगत ला दी है। नवंबर, दिसंबर और जनवरी माह में बारिश न होने के कारण फसलें सूखने की कगार पर आ गई थीं लेकिन राहत की इस बारिश फसलों के लिए संजीवनी बूटी से कम साबित नहीं हुई है। धर्मशाला के नड्डी, डल झील और धर्मकोट सहित उपरी क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हुई है। धर्मशाला और आप पास के क्षेत्रों में बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि भी हुई है। वहीं, लगातार बारिश व बर्फबारी होने से ठंड बढ़ गई है। बर्फबारी होने से लोग दिनभर घरों में ही दुबके रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नड्डा ने बज्रेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**कांगड़ा।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक कांगड़ा पवन काजल, मंडल अध्यक्ष कांगड़ा सत प्रकाश सोनी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं सहित मां बज्रेश्वरी देवी मंदिर में पूजा अर्चना की।

### समारोह के सफल आयोजन पर टेका माथा

**धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के शनिवार को जोरावर स्टेडियम में सफल कार्यक्रम होने पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा प्रभारी व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व वरिष्ठ नेता त्रिलोक कपूर ने धर्मशाला के साथ लगते खनियारा गांव स्थित इंद्रुनाग देवता के मंदिर जाकर प्रार्थना-अर्चना कर भगवान इंद्रुनाग के समक्ष माथा टेका।

### विनायक होंगे देवभूमि अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित

**डाडासीबा।** विशाल इवेंट गुरु जल्द ही शिमला के कालीबाड़ी हाल में देवभूमि अचीवर सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। विशाल इवेंट गुरु के संस्थापक विशाल शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले करीब 101 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी विशाल इवेंट गुरु द्वारा कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसमें युवा प्रतिभा सम्मान समारोह, शान-ए-हिमाचल, बेटी का उपकार इत्यादि कार्यक्रमों में समाज में अच्छे कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जा चुका है। इसी कार्यक्रम के तहत जिला कांगड़ा की तहसील देहरा के गांव नेहरन पुखर से संबंध रखने वाले 24 वर्षीय युवा पत्रकार विनायक ठाकुर को भी सम्मानित किया जा रहा है। युवा पत्रकार विनायक ठाकुर पत्रकारिता के में लगभग पिछले तीन वर्ष से सेवाएं दे रहे हैं।

### धुंइयां दी वां में पीर छिंज मेला दस को

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी खुंडिया के साथ लगते टिहरी रोड धुइया दी बां मैदान में दस फरवरी को पांचवें लखदाता पीर छिंज मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। मेला कमेटी के संयोजक सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रमजान खान और सह संयोजक नेक मोहम्मद व तनवीर ने जानकारी देते हुए बताया धुंइयां दी वां टिहरी रोड पर पांचवें लखदाता पीर छिंज मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दंगल मेले में देश के पहलवानों के साथ साथ विदेश के पहलवान भी हिस्सा लेंगे। दंगल मेले का पहला इनाम तीन लाख का रखा गया है तथा दूसरा इनाम दो लाख 51 हजार व तीसरा इनाम एक लाख 51 हजार का रखा गया है। इस दंगल में बॉलीवुड स्टार शाकिर खान के साथ पंजाबी फेम बापू तेरे करके फेम गायक अमर संधू, हिमाचली गायक करनैल राणा, पम्मी ठाकुर, मोहित गर्ग भी मेले की शोभा बढ़ाएंगे। स्थानीय विधायक संजय रतन बतौर विशेष मुख्यतिथि के रूप में उपस्तिथ रहेंगे।

### देहरा को बनाया जाएगा आदर्श विधानसभा क्षेत्र

**धर्मशाला।** रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देहरा ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए देहरा स्तिथ श्री बालाजी हवेली (रिवर व्यू) में मीटिंग का आयोजन किया। इस मीटिंग में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा विशेष तौर पर उपस्तिथ रहे। मीटिंग में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए डॉक्टर राजेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसमें आम जन की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा को आदर्श विधानसभा के रूप में स्थापित करना मेरा लक्ष्य है।

## मास्टर वेटर्न बैडमिंटन प्रतियोगिता 19 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की बैठक का आयोजन रविवार को धर्मशाला में किया गया। इस बैठक में धर्मशाला में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय मास्टर वेटर्न बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन के विषय में किया गया।

जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि पहली बार धर्मशाला में राज्य स्तरीय मास्टर वेटर्न बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 19 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन संघ द्वारा जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ को दिया गया है। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष केके शर्मा एवं महासचिव रमेश ठाकुर जी का धन्यवाद करती है। जिन्होंने जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ पर विश्वास रखकर इस प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए जिला कांगड़ा को आयोजन करने के लिए दिया। इस प्रतियोगिता में 35 आयु वर्ग से लेकर 75 प्लस आयु वर्ग के खिलाड़ी पूरे हिमाचल से एकल, युगल एवं मिश्रित मुकाबले में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में एकल मुकाबले में हर जिले से चार खिलाड़ी, युगल मुकाबले में दो टीम तथा मिश्रित मुकाबले में एक टीम भाग लेगी। इसके अतिरिक्त 18 फरवरी को पहली बार राष्ट्रीय स्तर की तरह हिमाचल में भी इस प्रतियोगिता में एक दिवसीय क्वालीफाइंग राउंड करवाया जाएगा। जिसमें हर एक जिले से एकल मुकाबले में दो, युगल एवं मिश्रित मुकाबले में एक-एक टीम भाग लेगी।

यह बहुत ही उत्साह का विषय है कि हिमाचल प्रदेश में दिन प्रतिदिन बैडमिंटन को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही हैं।



चामुंडा। श्री चामुंडा नंदीकेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की पत्नी डॉक्टर मल्लिका नड्डा ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ श्री माता चामुंडा देवी और भोलेनाथ नंदीकेश्वर के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना की। पुजारी बॉबी गोस्वामी, पुजारी ओम व्यास जी ने उन्हें माताजी की चुन्नी और शिरोपा भेंट किया।

## पदर पंचायत में आवारा बैल ने महिला को टक्कर मारकर किया लहूलुहान

**अनंत ज्ञान, चामुंडा**



पदर पंचायत के वार्ड नंबर-एक बड़ोई में महिला मंडल की प्रधान सरला देवी पत्नी उत्तम चंद चौधरी को रात को जब वह अपने खेतों की ओर जा रही थी तो एक आवारा बैल ने उन पर हमला कर दिया।

इस दौरान बैल ने टक्कर मारकर उन्हें नीचे गिरा दिया। इसके कारण उनके सिर में चार से पांच टांके लगे हैं। वहीं उन्हें बाजू में और पूरे शरीर में अंदरूनी चोंटे भी उन्हें आई है। अगर समय रहते वह शोर नहीं मचाती तो कोई अनहोनी घटना भी हो सकती थी। वहीं, शोर मचाने पर पर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। इसके कारण उसे आवारा बैल को वहां से भगा दिया, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी। स्थानीय लोगों की सरकार से यह मांग है कि यहां पर पदर पंचायत में तकरीबन 20 से 25 आवारा गाय, बैल और उनके छोटे बच्चे है। जो उनकी फसलों को आए दिन नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके कारण लोगों का खेती पर से और सरकार से भी विश्वास उठ गया है। वहीं, अब लोग खेती इत्यादि नहीं करना चाहते हैं। क्योंकि जो भी वह खेती करते हैं उन्हें पहले तो यह जंगली जानवर बंदर, नील, गाय, बारहसिंगा, सुअर, उनकी फसलों को नुकसान पहुंचाते ही रहते हैं। उसके अलावा जो आवारा पशु इत्यादि हैं भी अब उनके खेतों को उनकी फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं, लोगों की सरकार से यह मांग है कि इन आवारा पशुओं को यहां से जल्दी से जल्दी गोसदन भेजा जाए, ताकि उन्हें भविष्य में और कोई भी जानी



जान माल का नुकसान न हो सके। पदर पंचायत के उपप्रधान बॉबी गोस्वामी का कहना है कि सरकार से मांग है की जल्दी से जल्दी इस और कदम उठाए और अगर भविष्य में कोई भी जानमाल का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन और प्रदेश सरकार की होगी।

### मृत मिला तेंदुए का शावक

**पालमपुर।** यामिनी होटल के पास तेंदुए का शावक मृत मिला। पहाड़ों में बर्फबारी के कारण जंगली जानवर मैदानी रिहायशी इलाको का रुख करते है। मृत मिले तेंदुए के शावक की सूचना वन विभाग को दे दी गई है।



**गुड न्यूज** सोमवार को धर्मशाला के लायंस क्लब में विधायक सुधीर शर्मा देंगे सौगात

## शगुन योजना के लाभार्थी होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधायक सुधीर शर्मा सोमवार को धर्मशाला के लायंस क्लब में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, शगुन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित करेंगे। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने देते हुए बताया कि महिला बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में कुपोषित बच्चों के लिए मिशन भरपूर अभियान भी आरंभ किया गया है तथा इस अभियान के तहत जिला में 940 के करीब कुपोषित बच्चों को हर दिन पौष्टिक तत्वों से युक्त चाकलेट बॉर उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला ब्लॉक की 162 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से इस अभियान को चलाया जा रहा है, ताकि कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सुखाश्रय योजना के तहत 18 से 27 आयु वर्ग के निराश्रित बच्चों को व्यवसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और



कोचिंग के साथ साथ समाज के सक्रिय सदस्य बनने में मदद करने के लिए वित्तीय और संस्थागत लाभ प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि जमा दो की कक्षा उत्तीर्ण कर चुके निराश्रित बच्चों को कोचिंग के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक मदद का प्रावधान किया गया है तथा स्किल डेवल्पमेंट तथा वोकेशनल कोर्स के लिए सरकार द्वारा पढ़ाई तथा हॉस्टल का खर्चा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर निराश्रित बच्चों की मदद के लिए जिला स्तर पर मुख्यमंत्री आश्रय कोष का प्रावधान किया गया है इसके तहत कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक धर्मशाला में खाता संख्या 50076640270 के माध्यम से कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से अंशदान कर सकता है इसमें 80 जी के तहत टैक्स में भी छूट रहेगी। इस कोष के माध्यम से निराश्रित बच्चों के लिए बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। वहीं, विधायक सुधीर शर्मा सोमवार को धर्मशाला के लायंस क्लब में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, शगुन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित करेंगे।

## नूरपुर में पुलिस ने पकड़े नशे के सौदागर, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

स्टेट सीआईडी की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की पुलिस जिला नूरपुर में नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने शनिवार को दो अलग-अलग मामलों में पुलिस जिला नूरपुर में नशे के सौदागरों पर बड़ी कार्रवाई की।

वहीं, मामले की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जसवाल ने बताया कि पहले मामले में नारकोटिक्स टीम ने जिला नूरपुर के बासा वजीरा में एक बाइक सवार से 151 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की व आरोपी अभय चौधरी निवासी कंडी उम्र 25 वर्ष के खिलाफ पुलिस थाना नूरपुर के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया। टीम में एचसी अंकुश, एचसी दीपक, आरक्षी योगेश, आरक्षी सुमित शामिल रहे। दूसरे मामले में नारकोटिक्स टीम ने डमटाल के हिल टॉप मंदिर के पास एक बाइक सवार से 29.30 ग्राम हीरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। वहीं, आरोपी गुरदीप राज निवासी गुरदासपुर उम्र 33 वर्ष के खिलाफ पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करवाया गया है। टीम में एएसआई करतार, एचसी रॉकी, एचएचसी मनोहर, एचएससी संजय शामिल रहे। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस लगातार प्रयासरत है व लोगों से नशे के खिलाफ पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले पूर्व विधायक प्रवीन कुमार



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कांगड़ा स्थित धर्मशाला प्रवास के दौरान पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने पत्नी बिंदु बाला के साथ शिष्टाचार भेंट की।

इस सुअवसर पर जहां पूर्व विधायक ने जगत प्रकाश नड्डा को उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के लिए हार्दिक बधाई दी। वहीं, अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के अति सुंदर भव्य, नव्य व दिव्य मंदिर के निर्माण के लिए सशक्त नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के सशक्त मुखिया यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नड्डा के माध्यम से तहेदिल के साथ आभार जताया। पूर्व विधायक ने बताया जेपी नड्डा से मिलने का विशेष प्रोयोजन हम सभी के अराध्य, ईष्ट प्रभु राम लला का खूबसूरत मंदिर जो कि अयोध्या में बन कर तैयार हुआ। इसकी कि एक किस्म की नींव 11 जून 1989 को भारतीय जनता पार्टी ने पालमपुर के रोटरी भवन में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मंदिर के निर्माण का प्रस्ताव पारित करके रखी थी। ऐसे में पालमपुर की भी प्रतिष्ठा से जुड़े इस संकल्प को पूरा करने के लिए पार्टी मुखिया का धन्यवाद प्रकट करना था।

## दयोग्रां पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में विधायक ने विकास कार्यों के लिए दिए 30 लाख रुपए

# बुटेल ने मौके पर निपटाई 102 समस्याएं

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने पालमपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दयोग्रां में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बुटेल ने कार्यक्रम पंजीकृत हुई 133 समस्याओं में 102 समस्याओं का निपटारा मौके पर ही किया। शेष समस्याओं को शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेजा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इनका समयबद्ध तथा त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए 30 लाख रुपए की राशि भी मौके पर ही जारी की।

वहीं, इस अवसर पर आशीष बुटेल ने मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत 12 लाभार्थी बेटियों को 31-31 हजार रुपए की राशि वितरित की। उन्होंने बेटी है



अनमोल योजना के अंतर्गत भी छह बेटियों को 21-21 एफडीआर वितरित की। सीपीएस ने 14 महिला मंडलों को 15-15 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में भी वितरित की। उन्होंने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के छह लाभार्थियों को भी सम्मान राशि वितरित की। इस अवसर पर 12 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। सरकार गांव के द्वार के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा आयुष विभाग द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 540 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई है।



कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते एमएलए आशीष बुटेल।

### 102 मकान स्वीकृत किए गए हैं

**उन्होंने** कहा कि एक वर्ष कार्यकाल में 1000 से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन लगाई गई है और 102 मकान स्वीकृत किए गए हैं। सीपीएस ने कहा कि अनाथ बच्चों को आश्रय प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना आरंभ की गई और मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष गठित किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अनाथ बच्चों व बेसहारा वर्गों के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 4000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है और अबतक 17.18 करोड़ रुपए के लाभ हस्तांतरित किए जा चुके हैं।

### एमएलए ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**आशीष** बुटेल ने कहा कि प्रदेश में बेहतर पर्यटन अधोसंरचना तथा अनछुए पर्यटन स्थलों में विश्वस्तरीय सुविधायें उपलब्ध करवाने पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि पर्यटन क्षेत्र में लोगों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सबसे बडे जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। कांगड़ा में पर्यटन गतिविधियों के बढ़ावा देने के लिये मूलभूत सुविधाओं के सृजन के साथ विश्वस्तरीय पर्यटन अधोसंरचना विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार, धार्मिक और साहसिक पर्यटन को भी बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इससे पहले मुख्यातिथि ने यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाई विकासात्मक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और अवलोकन किया।

## ई-पुस्तक का किया ऑनलाइन विमोचन

**धर्मशाला।** नमस्ते इंडिया पत्रिका समूह द्वारा पुणे में स्वर्णिम क्षण भगवान श्रीराम की क्रांतिकारी भावना नामक ई पुस्तक का विमोचन ऑनलाइन किया गया। इस अवसर पर नमस्ते इंडिया इंटरनेशनल के मुख्य संपादक एवं संस्थापक, अध्यक्ष सुधीर एस सालुंके पुणे महाराष्ट्र ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा मिशन इसमें समाहित कालातीत ज्ञान का प्रसार करना है। इस पुस्तक में भगवान श्रीराम की क्रांतिकारी भावना का पता चलता है। गहन अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक मार्गदर्शन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य है व्यक्तियों को नैतिक मूल्यों को अपनाने, आंतरिकता को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाना परिवर्तन करें। साझा करके भगवान श्रीराम की परिवर्तनकारी यात्रा, हम प्रेरणा देने की आकांक्षा रखते हैं सामूहिक जागृति, एक ऐसे विश्व को बढ़ावा देना जहां करुणा, अखंडता और धार्मिकता प्रबल होती है। इस अवसर पर सह संपादक अनिता गहलोत, ओजस्विनी मिश्रा, नमस्ते इंडिया ग्रुप के राष्ट्रीय सलाहकार तुषार हिंगे, डॉ. जीएल मेनारिया, शारंग धर सिंह और देश भर से सभी 30 सह-लेखक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिलाधीश कांगड़ा अब होंगे डायरेक्टर आयुष

**नगरोटा बगवां।** जिलाधीश कांगड़ा निपुण जिंदल आज अपने पद से रिलीव हो गए। वह जल्द ही डायरेक्टर आयुष का पदभार संभालेंगे। पद से रिलीव होते समय उन्होंने बताया कि जिलाधीश कांगड़ा पद पर रहते हुए उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला और जो दायित्व उन्हें मिला था, उसे पूरा करने का उन्होंने पूरा प्रयास किया।

### 2000 कामगार धरने में होंगे शामिल

**पालमपुर।** 2000 कामगार धरने में होंगे शामिल। ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद ने प्रेस नोट में कहा है कि हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के गैर कानूनी आदेशों के खिलाफ सात फरवरी को धर्मशाला बस स्टैंड से लेकर डीसी दफ्तर तक प्रदर्शन किया जाएगा। जो कि हिमाचल प्रदेश ज वॉइंट ट्रेड यूनियन एक्शन कमेटी द्वारा प्रस्तावित है इस धरने में ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के 2000 कामगार शामिल होंगे।

### स्टोन क्रशर मालिक पर एफआईआर दर्ज

**फतेहपुर।** फतेहपुर एसडीएम विश्रुत भारती और डीएसपी जवाली बीरी सिंह की टीम ने रे क्षेत्र में पंजाब के एक स्टोन क्रशर मालिक के खिलाफ अवैध खनन के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस को स्टोन क्रशर मालिक के खिलाफ अवैध खनन की कई शिकायतें मिली थीं। पंजाब में चल रहे बराड़ स्टोन क्रशर की मशीनरी हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से खुदाई कर रही है। इन शिकायतों के आधार पर पुलिस की टीम ने शनिवार को कार्रवाई की थी। छापे में क्रशर मालिक के कर्मचारियों के इकट्ठे किए गए खनन सामग्री को जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा पंजाब से हिमाचल प्रदेश आने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया गया है।

### रविंद्र चौधरी बने प्रेस क्लब फतेहपुर के प्रधान



प्रेस क्लब फतेहपुर के नवनियुक्त सदस्य सामूहिक चित्र में।

**जवाली।** प्रेस क्लब फतेहपुर की बैठक रेस्ट हाऊस फतेहपुर में कार्यकारी प्रधान अजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इसमे सर्वसहम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए रविंद्र चौधरीं को प्रधान बनाया गया। वहीं, अनिल ठाकुर को उपप्रधान, चरनजीत को सचिव व बिजय समियाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया । इसके साथ ही हाल ही में रहे प्रधान मनमोहन चंबियाल को क्लब का चेयरमैन बनाया गया । इस मौके पर पूर्व प्रधान जमात अली, बलबिंद्र चंबियाल, अनिल शर्मा, कृष्ण शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ठारू-जसौर में बताई सरकार की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों द्वारा लोगों को जागरूक किया।

रविवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा ग्राम पंचायत ठारु एवं जसौर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गीत संगीत के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याण योजनाओं बारे बताया गया। कार्यक्रम में विभाग के कलाकारों ने गीतों व लघु नाटिकाओं से जनता का मनोरंजन किया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में




पंचायत प्रधान अजय भनियारी, जसौर पंचायत के प्रधान विकास चौधरी तथा अन्य पंचायत सदस्यों के साथ स्थानीय जनता मौजूद रही। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकार अमरीक सिंह, रोहित कुमार, सनी, रॉकी, कमल वीर, रीना, सपना, मंजु ने भाग लिया।

### भाजपा की धर्मशाला रैली से कांग्रेस हिली : रमेश बराड़



**कांगड़ा।** भाजपा की धर्मशाला मे हुई रैली की सफलता देखकर कांग्रेस पार्टी की नींद हराम हो गई है व लोकसभा चुनावों मे भी प्रदेश की सभी चार सीटों पर भाजपा ही अपना परचम लहराएंगी यह बात भाजपा नेता रमेश बराड़ ने मटौर में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार ओर परिवारवाद को बढ़ावा देती है और झूठे वादे करती है। वहीं, प्रदेश मे हुए विधानसभा चुनावों मे भी कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से फरेब की व झूठे वादे किए ओर सत्ता पर काविज हुई। मगर यही झूठे वादे उसे लोकसभा चुनावों मे उसकी हार का कारण बनेंगे। रमेश बराड़ ने कहा कि भाजपा ने धर्मशाला मे एक सफल रैली करके चुनावी हुंकार भर दी है। अब प्रदेश की चारों सीटे भाजपा जीतेगी। भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र ने एक संतुलित बजट पेश करके गरीब बर्ग के हितों का ध्यान रखा है व यह बजट देश के विकास मे अहम भूमिका निभाएगा।

# प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ ने मांगें न मानने पर सरकार के खिलाफ जताई कड़ी नाराजगी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ ने आज अपनी मांगों को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जताई। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव विकास ठाकुर ने नूरपुर में कहा कि चिकित्सकों की अग्रिम भर्ती के समय सरकार ने एनपीए बहाल करने का आश्वासन दिया था, लेकिन हाल ही में विशेषज्ञों चिकित्सकों की नियुक्ति के समय इसे वेतन से हटा दिया गया।

उन्होंने कहा कि तीन अगस्त 2023 को जारी अधिसूचना के तहत विशेषज्ञों का वेतन 33660 कर दिया गया। जबकि 27 जुलाई 2022 को विशेषज्ञों का वेतन 40392 था। उन्होंने कहा कि राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों का पहले से ही अभाव है और ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टर बाहरी राज्यों की ओर रुख करेंगे। उन्होंने कहा कि कई सीएमओ और



मांगों को लेकर नाराजगी जताते हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के सदस्य।

बीएमओ को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इससें विभाग का कार्य प्रभावित होता है। उन्होंने इन पदों पर रेगुलर नियुक्ति की मांग की। उन्होंने 4/9/14 के तहत पदोन्नति की मांग की। उन्होंने कहा कि जहां सभी विभागों में 4/9/14 के तहत प्रमोशन की व्यवस्था है वहीं स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति के बहुत कम अवसर मिलते है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के पदों पर उन्हें पुन: सेवा विस्तार दे रहा है। जो कि किसी भी तरह से व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि जब सेवानिवृत्त अधिकारी को फिर उसी पद पर सेवा विस्तार दिया जाएगा तो अपनी पदोन्नति की आस में बैठे अन्य स्वास्थ्य अधिकारी कभी प्रमोट ही नहीं हो पाएंगे।

डॉक्टर विकास ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य निदेशक, स्वास्थ्य उपनिदेशक और खंड चिकित्सा अधिकारियों के कई पद खाली चल रहे है। उन्होंने इन रिक्त पड़े पदों को योग्यता और वरीयता के आधार पर जल्द भरने की मांग की। डॉक्टर विकास ने कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह व्यवहारिक और प्रदेश हित में है।

# सकारात्मक दृष्टिकोण से ही आप कर सकते हैं सफलता प्राप्त




धार्मिक कार्यक्रम के दौरान संगत को निहाले करते स्वामी विकासानंद।

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से वीपी शर्मा के घर मटौर में एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सर्व आशुतोष महाराज जी की शिष्य स्वामी विकासानंद ने कहा कि एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आप जीवन के उज्ज्वल पक्ष को देखने में आशावादी हो जाते हैं।

यह निश्चित रूप से मन की एक अवस्था है। मन के विचारों पर सवार होकर, आप पल भर में एक लोक से दूसरे लोक की सैर कर सकते हैं, जो हमें एक क्षण में श्रेष्ठता की ऊंचाइयों तक पहुंचा देते हैं, तो दूसरे ही पल पतन की गहराइयों में लुढ़का देते हैं। मिल्टन के शब्दों में कहें तो मन के विचार मिनटों में स्वर्ग को नरक और नरक को स्वर्ग में बदल सकतें हैं।

अंतर केवल दिशा का है। विचार यदि नकारात्मकता का संग कर लें, तो हमारे लिए घातक बन जाते हैं और वहीं विचार अगर सकारात्मकता का हाथ थाम लें, तो हमारे लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते है। एक सकारात्मक रवैया आपको खुशी और सफलता की ओर ले जाता है और इससे आप अपने पूरे जीवन को बदल सकते हैं। यदि आप अपने जीवन के उज्ज्वल पक्ष की ओर देखे तो आपका पूरा जीवन प्रकाश से भर जाएगा। यह आपके जीवन में अधिक खुशियां लेकर आएगा। वहीं, एक नकारात्मक रवैया जीवन में कठिनाइयां लेकर आएगा। अत: जरूरत है मन से भी ज्यादा शक्तिशाली सत्ता का संग करने की जो इन नकारात्मक विचारों को पूर्णत: समाप्त कर दे और वह शक्ति है जागृत आत्मा। इसलिए सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखें क्योंकि जहां नकारात्मक रवैये का कहना है आप सफलता हासिल नहीं कर सकते।

वहीं, सकारात्मक दृष्टिकोण का कहना है आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इसी लिए हर मानव को सदैव सकारात्मक विचारों का अनुसरण करना चाहिए। इसी अवसर पर ब्रह्मज्ञानी साधकों ने विश्व कल्याण की मंगल कामना हेतु ध्यान साधना की अंत में स्वामी अश्विनी ने सुमधुर भजनों का गायन किया, जिसे सुन उपस्थित भक्तजन झूम उठे। (अनंत ज्ञान)

# सात हजार एकल और विधवा नारियों को गृह निर्माण को मिलेगा अनुदान: बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार चालू वित वर्ष में सात हजार विधवा तथा एकल नारियों को गृह निर्माण के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का अनुदान देगी, ताकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ सकें।

बाली ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार के जोड़ने के लिए भी ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से कई कार्यक्रमों एवं योजनाओं का संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को सुदृढ़ किया जाएगा तथा महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बिक्री के लिए उचित कदम भी उठाए जाएंगे, ताकि स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। इस के लिए यूनिटी मॉल भी स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही अपना कांगड़ा ऐप के माध्यम से भी उत्पादों को विक्रय करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। बाली ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रगाढ़ता के साथ प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनमानस तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा सरकार द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका सीधा



लाभ लोगों को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 4000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया तथा दस माह में इस योजना को धरातल पर उतारा गया। वर्तमान राज्य सरकार ने देश का पहला कानून बनाया और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना आरंभ की, जिसके तहत 27 वर्ष की आयु तक उनकी देखभाल, उनकी उच्च शिक्षा तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहायता देगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश में डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरम्भ की गई है, जिसके तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 20 लाख रुपए तक का ऋण एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं, पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार चालू वित वर्ष में सात हजार विधवा तथा एकल नारियों को गृह निर्माण के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का अनुदान देगी

## वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता नौ से

**धर्मशाला।** खेल नगरी धर्मशाला में एक बार फिर राष्ट्रीय आयोजन होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय करेगा। इन खेलों का आयोजन नौ फरवरी से शुरू होगा, जोकि 12 फरवरी तक आयोजित होंगी। इससे पूर्व प्रतियोगिता के आयोजन सात से दस फरवरी तक होना था, लेकिन प्रतियोगिता की तिथियों में आंशिक फेरबदल किया गया है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 320 के करीब महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग (महिला) प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन नौ फरवरी से इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में होगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए सीयू प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रतियोगिता में मैनेजमेंट और 320 खिलाड़ियों सहित करीब 450 लोग धर्मशाला पहुंचेंगे।

# न कोई जात और न ही कोई पहचान, इसे कहते हैं रक्तदान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर ब्लड डोनर के सभी रक्तवीरों को शत-शत नमन। इनसे प्रेरित होकर आज बहुत से युवा रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं और रक्तदान के क्षेत्र में नूरपुर ने एक अलग पहचान बनाई है। आज में आपको एक ऐसी शख्शियत से रू-ब-रू करवाने जा रहा हूं। इसने मात्र 31 साल की उम्र में न केवल खुद 22 बार रक्तदान किया है बल्कि सैकड़ों युवाओं को भी नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब की रक्तदान की मुहिम से जोड़ा है।



मैंने इनको जब भी फोन किया, यह हमेशा रक्तदान के लिए तैयार मिले। इन्होंने एक बार रात एक बजे भी पठानकोट जाकर रक्तदान किया। इस शख्स को तीन फरवरी को सुबह नौ बजे जब मैंने इन्हें फोन किया कि एक मरीज ज्वाली निवासी साहिल कुमार सिविल हॉस्पिटल, पठानकोट में दाखिल हैं तथा उनको दो यूनिट ब्लड की आपातकाल में जरूरत है। इन्होंने मुझे बताया कि वो अभी दस मिनट पहले ही पठानकोट से अपने घर नंगलाहड़ पहुंचे हैं, परंतु वो मरीज की स्थिति को देखते तुरंत रक्तदान के लिए तैयार हो गए और अपने दोस्त भारत भूषण के साथ पठानकोट पहुंचकर कंपकंपाती ठंड में साहिल जी के लिए रक्तदान किया। यह पहली बार नहीं हुआ।

रविंद्र हर बार आपातकाल में रक्तदान के लिए तैयार मिलते हैं। न कोई जान न कोई पहचान, इसे कहते हैं रक्तदान। हमारे क्लब के सदस्य हर रोज आपातकाल में रक्तदान करते हैं। अगर आप भी रक्तदान करना चाहते हैं तो नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब से जुड़े, ताकि हम सब मिलकर मानवता की सेवा कर सकें। रक्तदान के कार्य को हम कैसे और अच्छे ढंग से कर सकते है।

## सवाल | शाहुपर विधानसभा के विधायक ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना; बोले- गुमराह कर रही बीजेपी

# नड्डा ने आपदा राहत के झूठे आंकड़े किए पेश: पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि भाजपा की राजनीति जुमलेबाजी और झूठ के आसपास ही सिमटी हुई है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि गत दिनों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आपदा राहत के लिए झूठे आंकड़े पेश कर हिमाचल की जनता को गुमराह किया है।

उन्होंने भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि बीते वर्ष में हिमाचल में आपदा से दस हजार करोड़ का नुक्सान हुआ है। इसकी रिपोर्ट केंद्र को भी भेजी गई, लेकिन जन हित में विशेष वित्तीय पैकेज की मांग को भी केंद्र सरकार ने ठुकरा दिया है, आज किस मुंह हिमाचल की हितैषी होने की बात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमाचल के कोटे से राज्यसभा के सदस्य हैं लेकिन हिमाचल के आपदा प्रभावितों की पैरवी करने में पूरी तरह से नाकाम रहे हैं अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्मशाला में आयोजित समारोह में मनगढ़ंत बातें कर राज्य के भोले भाले लोगों को गुमराह किया है। उन्होंने भाजपा से सवाल पूछते हुए कहा कि विपक्षी दल के विधायकों तथा भाजपा के सांसद भी केंद्र सरकार के सामने हिमाचल के आपदा प्रभावितों के हितों की पैरवी करने में क्या मजबूरी रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए राज्य के संसाधानों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष आपदा राहत पैकेज देकर आपदा प्रभावितों के लिए कार्य किया है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हमारी सरकार पंक्ति में अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए काम कर रही है और युवाओं तथा कृषि प्रधान समाज के स्वरोजगार के पर्याप्त अवसरों के साथ-साथ हिमाचल को आत्मनिर्भर व देश का समृद्धतम राज्य बनाने के लिए संसाधन सृजन पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। हम 'सरकार गांव के द्वार' के माध्यम से जन-जन तक पहुंच रहे हैं, और वह भी बिना किसी खर्च के, जबकि भाजपा शासन के दौरान जनमंच पर करोड़ों रुपए की फिजूलखर्ची की गई। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए 1.36 लाख कर्मचारियों को ओपीएस प्रदान किया। यह भाजपा ही थी जिसने कर्मचारियों के वैध अधिकारों से आंखें मूंद लीं और उन्हें पांच साल तक लालच देती रही, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया।

### पूर्व सीएम पर भी खड़े किए सवाल

**उन्होंने** जयराम ठाकुर से सवाल किया कि वे अपने पांच साल के शासन में केंद्र से हिमाचल के लिए कौन सा विशेष पैकेज लेकर आए। इन्वेस्टर मीट के नाम पर करोड़ों उड़ाने वाली भाजपा अपने डबल इंजन से राज्य के लिए कोई औद्योगिक पैकेज क्यों नहीं ला पाई। हिमाचल में पर्यटन या उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए इसमें कुछ भी नहीं था। कर ढांचे में कोई छूट नहीं मिलने से मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हुआ। ऐसे में लोकसभा चुनाव में बीजेपी किस आधार पर वोट मांगने लोगों के पास जाएगी। यह प्रदेश के भाजपाई भी जानते हैं और बेतुकी बयानबाजी कर लोगों को भ्रमित करने का ही काम कर रहे हैं।

## जेएनवी की प्रवेश परीक्षा दस को

**धर्मशाला।** जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के लिए लेटरल चयन परीक्षा नवमीं तथा दस जमा एक कक्षा के लिए दस फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है वे अपना परीक्षा प्रवेश पत्र आनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिना प्रवेश पत्र के किसी को भी परीक्षा में बैठने की इजाजत नहीं दी जाएगी इसलिए परीक्षा से पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें ताकि किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी तरह की दिक्कत हो तो जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के कार्यालय में किसी भी दिन संपर्क कर सकते हैं।

# केरल शैक्षणिक भ्रमण से लौटा छात्रों और अध्यापकों का दल

**अनंत ज्ञान, चंबा**



केरल सांस्कृतिक कार्यक्रम के आदान-प्रदान दल के राज्य समन्वयक डॉ. सुरेश ठाकुर व राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित दीपक कुमार।

एक भारत, श्रेष्ठ भारत शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के मेधावी छात्रों और अध्यापकों का दल केरल से हिमाचल वापस आ गया है। महाविद्यालय चंबा के प्रवक्ता अविनाश कुमार ने बताया कि चंबा जिला के दल के प्रभारी एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित दीपक कुमार व केरल सांस्कृतिक कार्यक्रम के आदान-प्रदान दल के राज्य समन्वयक डॉ. सुरेश ठाकुर की अगुआई में केरल राज्य के सुंदर व आकर्षक स्थानों का अवलोकन करने के बाद केरल से वापस आ चुका है।

इस कार्यक्रम का संचालन हिमाचल प्रदेश के राज्य समन्वयक सुरेश ठाकुर, समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि हिमाचल के बच्चों ने बहुत सुंदर स्थान का भ्रमण कर बहुत आनंदमय पलों का एहसास किया जिनका अवलोकन हेतु स्थान मुख्यत कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद व कन्याकुमारी मंदिर और उसके बाद कोवलम बीच, प्रियदर्शनी प्लानेत्रम, वैज्ञानिक म्यूजियम, वा 3डी थियेटर में सौर मंडल पर भव्य अवलोकन किया। राज्य समन्वयक डाक्टर सुरेश ठाकुर ने हिमाचल में चल रहे शिक्षा के कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के अध्यापकों में सुनील, दीपक कुमार, राज कुमारी, भारत कलता ने भी बच्चों से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों से अवगत करवाया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान राज्य समन्वयक डाक्टर सुरेश ठाकुर की अगुआई में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार तथा राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित अध्यापकों में सुनील कुमार, राजकुमारी, दीपक कुमार, भारत काल्ट व प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने शिरकत की।

# बहाल किए मार्ग फिर हो गए बंद

## चुराह विधानसभा क्षेत्र में मौसम ने फिर बदला मिजाज, जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र में रविवार को मौसम ने एक बार फिर से करवट बदली है। पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश और बर्फबारी के बीच में चुराह के लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं किसानों और बागवानों के चेहरे पर खुशी के साथ-साथ चिंता की लकीरें भी दिख रही हैं। चुराह उपमंडल के चलोंज मोड़-देवीकोठी-टेपा मार्ग भारी बर्फबारी के चलते बंद पड़ा हुआ है।



चुराह में रविवार को हुआ ताजा हिमपात।

लोक निर्माण विभाग की ओर से चलोंज मोड़ से लेकर देवीकोठी तक सड़क बहाल करवा दी गई है। बर्फबारी के चलते यह मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। देवीकोठी से टेपा तक बर्फ हटाने का कार्य जोरो पर है। जबकि चलोंज मोड़ से देवीकोठी तक मार्ग से बर्फ को हटाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त तरेला-गुईला मार्ग, तरेला-बौंदेड़ी-मंगली और तरेला-जुनांस मार्ग शनिवार को ही यातायात के लिए बहाल तो हुए, लेकिन रविवार को एक बार फिर बर्फबारी का क्रम जारी होने से यह मार्ग बंद पड़ गए है। वहीं मार्गों के बंद पड़ने से स्थानीय लोगों को कई मीलों तक पैदल बर्फ में सफर कर रोजमर्रा सहित मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण करना पड़ रहा है।

जबकि बर्फबारी से कई ट्रांसफार्मर बंद पड़ने व बिजली की तारे टूटने से ग्राम पंचायत सनवाल, देहग्रा, शलेलाबाड़ी, आयल, मंगली पंचायतों में बिजली सप्लाई तीन दिन से बंद पड़ी हुई है। बिजली गुल होने से ग्रामीण अंधेरे में ही रातें गुजारने को विवश हैं। उधर, लोक निर्माण विभाग तीसा के अधिशाषी अभियंता जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि विभागीय मशीनरी बर्फ को हटाकर यातायात के लिए सड़कों को बहाल करने के लिए जुटी है। चुराह विस क्षेत्र के सभी मार्ग जल्द ही बहाल कर दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### बर्फ की वजह से तमाम रास्ते हुए बंद

चंबा जिले में गिरी बर्फ की वजह से तमाम रास्ते बंद हो चुके हैं और इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि संबंधित लोक निर्माण विभाग वृत्त चंबा लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। जिसमें शनिवार तक कई रास्तों को खोल दिया गया था, लेकिन रविवार को मौसम के मिजाज बिगड़ने से बहुत से उसी स्थिति में पहुंच गए हैं। जिसने विभाग के कार्य को बढ़ा दिया है। जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले करीब दो दर्जन रास्ते बंद हो गए थे। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बसें नहीं जा पा रही थी और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, पर विभाग की दिन-रात की मेहनत के चलते करीब-करीब सभी रास्तों को खोल दिया गया है। इस बारे में हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल सिंह ने बताया कि बारिश व बर्फबारी के दौरान अपने विभाग के सभी चालक कर्मचारियों को यह निर्देश दिए है कि अगर कुछ इस तरह की स्थिति बन जाए तो चालक अपनी गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ले आए। इस कारण हमारे 20 से ज्यादा रूट बाधित हुए थे, पर कुछ एक रूटों को छोड़कर बाकी पर निगम की बसें चला दी गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जिले में चलेगा विशेष प्रचार अभियान

**चंबा।** जिला चंबा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध लोकनाट्य दलों द्वारा जनहित में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, जन कल्याणकारी नीतियों तथा उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष प्रचार अभियान में गीत संगीत और नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आर्यन कला मंच उदयपुर, मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप लेच, चंबा रंग दर्शन चंबा व युवा किसान मंच टिकरी और प्रिया म्यूजिकल ग्रुप जडेरा के कलाकारों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रचार अभियान के तहत पांच फरवरी को भटियात विधानसभा क्षेत्र के नैनीखड व ककीरा, भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत मैहला व बकानी तथा चंबा विधानसभा क्षेत्र के रजेरा व कारियां में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह चुराह विधानसभा क्षेत्र कियानी व राजनगर तथा डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के सुंडला व मंजीर में कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। छह फरवरी को विधानसभा क्षेत्र भटियात के चुवाडी व लाहड़ू, भरमौर के सुनारा व लोथल, चंबा के साहू व जडेरा व चुराह के पुखरी व चकलू और डलहौजी के लचोडी व लिग्गा में कार्यक्रम होंगे।

### सुल्तानपुर में पार्किंग की मांग उठाई

**चंबा।** सुल्तानपुर वार्ड में खड़े होने वाले बेतरतीब वाहनों की संख्या में इजाफा होने से वार्डवासियों ने जिला प्रशासन व पुलिस से इस दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दिशा में वार्डवासियों ने नेताओं व पुलिस से यातायात व पार्किंग समस्या से निजात दिलवाने की कई बार पहले भी मांग की जा चुकी है मगर इस दिशा में यातायात पुलिस गश्त से आगे अन्य कोई कार्रवाई अमल में नहीं ला सकी है। जबकि वाहन पार्किंग के लिए सुल्तानपुर वार्ड के गिने-चुने स्थल ही है। सुल्तानपुर वार्ड क्षेत्र के वार्डवासियों में प्रवीण कुमार, धीरज, निहाल चंद, हंस राज, धर्मेंद्र, परमजीत, अशोक कुमार, भीखो राम, सोनू, मनोज, कृष्ण चंद, जोगिंद्र, सतीश कुमार, गुल्लू, सुरेंद्र कुमार व अमित ने जिला प्रशासन व पुलिस से अपील की है कि पार्किंग स्थल अभाव के चलते वाहन धारक पार्किंग स्थलों को छोड़ मनमर्जी से वार्डों में हर जगह वाहन पार्क कर रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया है कि सुल्तानपुर वार्ड क्षेत्र में ओर पार्किंग स्थल सुनिश्चित कर चिन्हित किए जाए ताकि स्थानीय वार्ड संबंधी नागरिकों को सुविधा प्राप्त हो सके।

### यात्रियों की जिंदगी दांव पर लगा रहे टैक्सी चालक

**चंबा।** बीमा पॉलसी योजना को लोग अपने परिवार की सुरक्षा के लिए करवाते हैं, मगर चंबा जिला के कुछ टैक्सी व अन्य वाहन धारक उक्त बीमा योजना को सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि चालान प्रक्रिया से बचने के लिए करवा रहे हैं। जिससे टैक्सियों में सफर करने वाले कई यात्रियों की जिंदगियां दांव पर लगी है। वहीं हैरानी की बात है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस दिशा में भनक तक नहीं है। जोकि अपनी विभागीय छवि बचाने के लिए निरीक्षण व संयुक्त बैठकें करने का हवाला दे अपना पल्लू झाड़ रहे है। जबकि कई टैक्सी व अन्य वाहन धारक तीसरी पार्टी बीमा करवा यात्रियों की जिंदगियां का दांव आए दिन खेल रहे है। गौर हो कि जिला में घटित कई सड़क हादसों में वाहनों की थर्ड पार्टी बीमा निकालने पर दुर्घटना में मारे गए परिवारों सहित वाहन मालिकों तक देय बीमा राशि से हाथ धोना पड़ा है। हालांकि सड़क दुर्घटनाओं के दौरान उक्त विषयों संबंधी कई बातों पर अधिकारियों द्वारा कार्रवाई तो अमल में लाई जाती है मगर यातायात व बीमा संबंधी नियमों से अधिकारिक वर्ग को छोड़ सामान्य कर्मी को कम संज्ञान होने के चलते इस दिशा में वाहन धारक तीसरी पार्टी बीमा की आड़ में अकसर वाहन दस्तावेजों को नाके के दौरान पास करवा जाते हैं। मगर असली हकीकत वाहन के दुर्घटना घटित होने पर सामने आती है। जबकि बीमा कंपनी द्वारा इस दिशा में किसी प्रकार तीसरी बीमा पार्टी को घायल, मरने व वाहन नुकसान का भुगतान नहीं किया जाता है। अरुण शर्मा एसडीएम चंबा का कहना है कि वाहन का बीमा करने के दौरान सबसे ज्यादा उत्तरदायित्व बीमा कंपनी का बनता है। इस दिशा में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस व बीमा कंपनी से संयुक्त रूप से बैठक कर ऐसे वाहन धारकों के विरुद्ध शिकंजा कसने का प्रयास किया जाएगा।

# एसएमसी अध्यापकों के क्रमिक अनशन का समर्थन किया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला चंबा ने प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम (एसएमसी) से नियुक्त अध्यापकों के लिए नियमितीकरण की नीति बनाने की पुरजोर मांग की है। वहीं राज्य मुख्यालय में एसएमसी अध्यापकों द्वारा किए जा रहे क्रमिक अनशन का भरपूर समर्थन किया है। प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा व संघ जिलाध्यक्ष चंबा दीप सिंह खन्ना ने बताया कि लगभग 2555 एसएमसी अध्यापक पिछले 10 और 12 साल से प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार ने इनके लिए कोई स्थायी नीति का प्रारूप तैयार नहीं किया है। जिससे इनका मानसिक व आर्थिक शोषण हो रहा है। संघ का तर्क है कि जब सरकार और शिक्षा विभाग को इनकी जरूरत थी तब सेवाएं ली मगर अब इतने वर्षों बाद भी नियमितीकरण की दिशा में कोई सकारात्मक कदम न लेना स्पष्ट तौर सरकार का निराशाजनक और शोषण पूर्ण रवैये को दशार्ता है।



हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ चंबा महासचिव राजेश ठाकुर, जिला संचालन समिति के चैयरमैन शौकत अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बसंत, वित्त सचिव संजीव ठाकुर, मुख्य प्रेस सचिव जगजीत जरयाल, मुख्य संगठन सचिव उधम सिंह जम्वाल, राज्य संचालन समिति के सदस्य सूरज वाली, राजदीन, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राजीव ठाकुर, राजकुमार, बालक राम शर्मा, हेम राज, राकेश राणा, जिला सह सचिव प्रताप नेगी, धीरज ठाकुर, आशीष ठाकुर, भुवनेश्वर, ओम प्रकाश शर्मा, सुनील मांडला ने प्रदेश सरकार से अविलंब नियमितीकरण की मांग का समर्थन किया है।

# ददमां से खणी सड़क 35 लाख से होगी चकाचक

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर के अंतर्गत आने वाली ददमां से खणी सड़क 35 लाख से चकाचक होगी। इसके लिए विभाग के पास 35 लाख का बजट भी पहुंच गया है। इसकी जानकारी सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग उपमंडल भरमौर विशाल चौधरी ने दी। उन्होंने कहा कि इस सड़क के लिए सरकार की ओर से 35 लाख का बजट स्वीकृत हो गया है । इसके तहत इस सड़क का अब कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने कहा है इस बजट के तहत इस सड़क को पक्का किया जाएगा। गौरतलब है कि पहले फेज के काम में इस सड़क को चौड़ा किया गया था। लिहाजा दूसरे फेज में इस सड़क को पक्का किया जाएगा। यह सड़क सेब के उत्पादन के लिए भी जानी जाती है। लिहाजा सड़क के पक्का हो जाने के बाद लोगों को अपने उत्पादन को बाजार तक पहुंचने में आसानी हो जाएगी।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कांस्य पदक लेकर लौटे कार्तिकेय का भव्य स्वागत

## चंबा के खिलाड़ी ने तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में मनवाया लोहा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 6वां संस्करण तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय थांग-तां खेल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल करने पर कार्तिकेय कटोच सहित टीम का चंबा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कार्तिकेय कटोच सहित टीम व कोच भुवनेश सिंह कटोच का जगह-जगह खेल प्रेमियों ने फूल-मालाएं पहना कर स्वागत किया।



कार्तिकेय कटोच व कोच भुवनेश सिंह कटोच का स्वागत करते प्रशंसक।

इस अवसर पर कोच भुवनेश सिंह कटोच ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 6वां संस्करण जो 13 से लेकर 31 जनवरी तक हुआ। जिसमें थांग-तां खेल में हिमाचल प्रदेश की टीम ने भाग लिया। जिसमें थांग-तां खिलाड़ी कार्तिकेय कटोच ने -56 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीत कर देश, प्रदेश व जिला चंबा का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी कटोच के अतिरिक्त प्रदेश की टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहरीन प्रर्दशन किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के समापन के पश्चात वापसी के दौरान खेल मंत्रालय से भेंट करने का अवसर मिला। जिसमें हिमाचल प्रदेश राज्य के सभी जिलों में खेलो इंडिया सेंटर खोलने का प्रस्ताव रखा गया है।

उन्होंने बताया कि उनका सेंटर खुलवाने का पूरा प्रयास रहेगा। जिसके लिए केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिहं सुक्खू से भी इस बारे में शिष्टाचार भेंट की जाएगी।

# समाज को प्रेरणा देते हैं भक्तः जय लाल

## संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में सत्संग समागम का हुआ आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा जय लाल की अगुआई में सत्संग समागम का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। इस मौके पर दूर दराज के गांवों, कस्बों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। साहो,जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला आदि क्षेत्रों से आए संतों, महात्माओं ने सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों द्वारा व्यक्त किया।



संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में आयोजित समागम के दौरान मौजूद महिलाएं।

वहीं महात्मा जय लाल ने अपने सार गर्भित प्रवचनों से साधसंगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि भक्त हमेशा भक्ति भरा जीवन जीने के लिए अग्रसर रहते हैं। जहां वे स्वयं रोशनी से युक्त रहते हैं वहीं समाज को भी ऐसी प्रेरणा देते हैं ताकि मानव जीवन सार्थक हो सके। संसार में व्याप्त वैर, इर्ष्या, नफरत के दुप्रभावों से मुक्ति पाना समय की जरूरत है। भक्त ही होते हैं जो संसार को प्रेम, नम्रता, सहनशीलता, विशालता और शान्ति व सद्भाव का मार्ग दिखाते हैं।

इन्हीं दिव्य गुणों को अपना कर जीवन को सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भक्त संसार समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते हैं, अज्ञानता के अंधकार में भटक रहे इंसानों को सत्य का बोध करा कर दिव्य प्रकाश से अलोकित करते हैं। यह कार्य युगों-युगों से किया जा रहा है। आज भी निरंकारी मिशन द्वारा यही आवाज दी जा रही है कि हे इंसान तू अपना मूल पहचान, हमारी आत्मा का मूल परमात्मा है, मूल की पहचान के पश्चात हर वस्तु , गुण, व अवस्था की प्रत्यक्ष व परोक्ष जानकारी हो जाती है और जीवन में गुण चुनने का मार्ग विस्तृत व प्रशस्त हो जाता है, यही ज्ञान का उत्तम मार्ग संतोषप्रद स्थिति व सहज जीवन का निष्कर्ष है। जब हमारा ध्यान मूल से जुड़ा रहता है हम मौलिकता धारण करे रहते हैं और हर अवस्था हमें सहज लगती है। इस मौके पर निरंकारी मिशन ब्रांच चंबा सेवादार एवं मीडिया प्रभारी विनोद कुमार सहित पदाधिकारियों व सेवादारों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# रायपुर पंचायत में टूटा रास्ता नाले से गुजर रहे हैं छात्र

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

- दो वर्ष से मार्ग की नहीं ले रहा कोई सुध

रायपुर पंचायत के अधीन गांव कुड्डी, टिप्पा, नचडून्यी, खंगरु, गगाहरन, धमनारी का गत दो वर्षों से टूटा रास्ता बनाने की न पंचायत जहमत उठा रही है और न ही उपमंडल प्रशासन इस दिशा में गौर फरमा रहा है। जिसके चलते स्थानीय लोगों को रोजाना क्षतिग्रस्त मार्ग से होकर गुजरने पर विवश होना पड़ रहा है।

गौर हो कि वर्ष 2022 में भारी बरसात होने के कारण रायपुर पंचायत के गांव कुड्डी, टिप्पा, खंगरू का रास्ता क्षतिग्रस्त होने सहित कई स्थलों से मार्ग पानी व मलबे के साथ बह गया। जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों ने इस मार्ग के विषय को ग्रामसभा में उठाने सहित पंचायत प्रतिनिधियों से मार्ग के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव रखा, लेकिन साल दर साल बीतने के बाद भी मार्ग की हालत जस की तस बनी हुई है। वहीं मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के चलते स्कूल जाने वाले क्षेत्र के बच्चों को नाले के बीचों-बीच होकर स्कूल जाना पड़ता है। इस बारे में पंचायत प्रधान को पंचायत में जाकर कई बार लोगों ने रास्ते को बनाने की मांग उठाई, लेकिन केवल आश्वासन में बस काम लगने वाला है की बात ही सुनने को मिलती है। आज तक काम नहीं लग पा रहा है। वहीं गांव के सरन, गहली, निधिया, कुलदीप महाजन का कहना है कि रात के समय क्षतिग्रस्त मार्ग से कोई भी व्यक्ति नहीं गुजर सकता है। जबकि दिन के समय भी मार्ग पर चलना पूर्ण रूप से जोखिम भरा है। उधर, पंचायत प्रधान राजमल ने बताया कि फरवरी माह में ही रायपुर पंचायत के क्षतिग्रस्त मार्ग का कार्य शुरू हो जाएगा। जल्द काम शुरू कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## विधानसभा अध्यक्ष पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में बदलाव

# भटियात विस में आज के निर्धारित कार्यक्रम अब 10 फरवरी को होंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के भटियात विधानसभा क्षेत्र के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव हुआ है। कुलदीप सिंह पठानिया अब पांच फरवरी को देर सांय सिहुंता पहुंचेंगे। जिला लोक संपर्क अधिकारी चंबा खेम चौहान ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के पांच फरवरी के निर्धारित कार्यक्रम अब 10 फरवरी को होंगे।



इसके तहत विधानसभा अध्यक्ष पंचायत भवन तथा पटवार वृत्त खडेड़ा के भवन का लोकार्पण करने के साथ खडेड़ा-ओहरा संपर्क सड़क का शिलान्यास एवं मनोला से महोट संपर्क सड़क के विस्तार का शिलान्यास करने के पश्चात राजकीय उच्च पाठशाला खडेड़ा तथा हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेंगें। विधानसभा अध्यक्ष अपने प्रवास कार्यक्रम की निरंतरता में छह फरवरी को ग्राम पंचायत अवांह के तहत लजेरा- सेल संपर्क सड़क का शिलान्यास करेंगे तथा राजकीय माध्यमिक पाठशाला अवांह के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष सात फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुहण के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करने के पश्चात ग्राम पंचायत सुदली के तहत मुख्य सड़क से गांव कुट तक संपर्क सड़क का शिलान्यास करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगें।

विधानसभा अध्यक्ष के जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार आठ फरवरी को कुलदीप सिंह पठानिया कटोरी डोबाला डंगा से छंबर गांव तक संपर्क सड़क का शिलान्यास करेंगे तथा दोपहर बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मेल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसी तरह नौ फरवरी को राजकीय उच्च पाठशाला मठोलु के चार अतिरिक्त कमरों का शिलान्यास करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 11 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुलेल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेंगे तथा दोपहर बाद वे शिमला के लिए रवाना होंगे।

# बंदरों के आतंक से मांगी निजात

**चंबा।** ग्रामीण इलाकों में ही नहीं अब शहरी क्षेत्रों में भी बंदरों का उत्पात बढ़ गया है। हालात ऐसे हैं कि पहले ग्रामीण इलाके में जहां किसानों के खेतों में जाकर फसलें चट कर रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर शहरी इलाकों में लोगों के कपड़े तक बंदर ले जा रहे हैं। शहर में अब लोगों ने छतों पर उठना बैठना भी छोड़ दिया हैं। यदि लोग छतों पर आते हैं तो उल्टा बंदर उनको वहां से भगा रहे हैं। सरकार के बंदरों को नियंत्रण करने में किए जा रहे प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों की तरह अब शहरवासी भी बंदरों की वजह से काफी ज्यादा परेशान हो गए है। जिला चंबा में बंदरो का आतंक थमता नजर नहीं आ रहा हैं। गांव में जहां किसानों की फसलों को नुकसान बंदर कर रहे हैं तो शहरों में लोगों की घरों में बंदरो की टोलियां कब्जा कर रही हैं। शहर निवासी उमेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, राकेश कुमार, उत्तम चंद ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द उन्हें बंदरों के आतंक से निजात दिलवाई जाए।

**राहत** लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद ने करवाया काम

# डलहौजी की सड़कें-रास्ते किए गए बहाल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी में बीते दिनों हुए भारी हिमपात के कारण पूरी तरह से बंद हुए बनीखेत-डलहौजी मुख्य मार्ग एवं डलहौजी बस अड्डा से सुभाष चौक, सुभाष चौक से गांधी चौक व समस्त छोटे-बड़े रास्तों को लोक निर्माण विभाग व नगर परिषद डलहौजी ने बहाल कर दिया हैं। गौर हो कि बीते दिनों हुई बर्फबारी के कारण डलहौजी-बनीखेत मुख्य मार्ग गाड़ियों की आवाजाही के लिए ठप्प था।



भारी हिमपात के कारण बंद हुए रास्तों को बहाल करते लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी।

जिसके कारण पर्यटक डलहौजी में हुई ताजा बर्फबारी को लेकर डलहौजी तो आ रहे थे, लेकिन उन्हें अवरुद्ध हुए मार्ग की वजह से बनीखेत के होटल इत्यादि में रुक कर डलहौजी में बर्फबारी का नजारा लेने पैदल ही रुख करना पड़ा,जिससे चलने में घूमने फिरने में समस्या आ रही थी। लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद डलहौजी द्वारा कर्मचारी व मशीनें लगाकर सभी अवरूद मार्गों को आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया। गौर हो कि पर्यटक जिनकी डलहौजी के लिए ऑनलाइन बुकिंग है वह सीधा डलहौजी अपने होटल का रुख कर सकते हैं। बता दें की डलहौजी पिछले दो महीनों से बर्फबारी न होने के कारण अपने पर्यटन उद्योग ठप होने से जूझ रही थी। होटल कारोबारी, व्यापारी मायूस हो चुके थे परंतु ताजा हुई बर्फबारी ने दोबारा से उनके चेहरों पर रौनक आ गई है। रास्ते बहाल होने से पर्यटकों ने भी राहत की सांस ली है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री विक्रमादित्य सिंह से की मुलाकात


शहरी स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के सदस्य मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ।

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश शहरी स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन ठाकुर एवं मुख्य सलाहकार हरीश कुमार शर्मा ने कहा कि शनिवार शाम लगभग 6:30 बजे सर्किट हाउस मंडी में नगर निगम मंडी के कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल विक्रमादित्य सिंह से मिला। इस दौरान उन्हें शहरी विकास विभाग का अहम कार्यभार हिमाचल प्रदेश सरकार में मिलने पर बधाई दी। शहरी विकास विभाग के मंत्री व मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह को संघ द्वारा पुष्प एवं शॉल, टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। संघ की लंबित मांगों के संबंध में मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की और शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को तुरत ही पुरानी पेंशन देने की मांग की और सेवानिवृत कर्मचारियों को पहली जनवरी 2016 से लंबित सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप एवं हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार देय लाभ बहाल करने की मांग की है। इस प्रतिनिधिमंडल में नगर निगम मंडी के नगर निगम कर्मचारी संघ के महासचिव राहुल मल्होत्रा एवं सहायक अभियंता नरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। विक्रमादित्य सिंह ने संघ की मांगों को शीघ्र ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### शौर्य युवक मंडल खमहड़ी ने की बैठक


बैठक के दौरान युवक मंडल खमहड़ी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** सिराज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरवाड़ा के शौर्य युवक मंडल खमहड़ी ने रविवार को दुर्गा माता मंदिर खमहड़ी में बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता युवक मंडल प्रधान किशन कुमार ने की। बैठक में विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की गई तथा आगामी रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर महीने पहली से 10 तारीख के बीच सभी सदस्यों द्वारा 100 रुपए इकट्ठे किए जाएंगे जो युवक मंडल के लिए उपयोग होने वाली वस्तुओं पर खर्च किए जाएंगे। इस बैठक में मुख्य सलाहकार के रूप में गोपाल सिंह, इंद्रदेव तथा नरेश कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में भूपेंद्र पाल, मनोज कुमार, टापेराम, चित्र सिंह, दूनी चंद, नरेंद्र कुमार, गोपाल सिंह, रवि किरण व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 95 फीसदी इंतकाल के मामलों का निपटारा

**करसोग।** राज्य सरकार द्वारा अनेक जनहितैषी व कल्याणकारी योजनाएं जनहित में आरंभ की गई हैं ताकि आमजन को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। इसके दृष्टिगत ही राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में आमजन के राजस्व संबंधी लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष इंतकाल-राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इन विशेष इंतकाल-राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से लोगों के लंबे समय से लंबित चल रहे राजस्व मामलों का शीघ्रता से समाधान होने से, लोगों का सरकार के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। इससे करसोग उपमंडल के लोग भी लाभान्वित हुए है। तहसील व उपतहसील स्तर पर पहली बार आयोजित की जा रही विशेष इंतकाल-राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से करसोग क्षेत्र के लोगों के राजस्व संबंधी मामलों का तेजी से समाधान हुआ है। आमजन से जुड़े हुए क्षेत्र के लगभग 95 प्रतिशत राजस्व मामलों का निपटारा गत तीन माह के दौरान इन विशेष अदालतों के माध्यम से किया गया है। शेष पांच प्रतिशत मामले ही लंबित रह गए हैं, जिनका समाधान शीघ्र होने की उम्मीद है।

### सत्संग में भजनों से गूंज उठा गागल धाम


मासिक सत्संग के दौरान आरती करते विश्व जागृति मिशन के सदस्य।

**मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल के मासिक सत्संग का आयोजन हिमाचल धाम आश्रम गागल में किया गया। इस दौरान डॉ. प्रवीण कपिल ने गुरु वंदना से सत्संग का शुभारंभ किया। उन्होंने कर ले प्रभु से प्यार ओ बंदे, मुझको सतगुरु का सहारा मिल गया मेरी कश्ती को किनारा मिल गया, मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा है, पतवार के बिना ही नाव चल रही है आदि मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं दलीप सैनी ने रुस न जाए सतगुरु मेरे, सांसों के तार तार में गुरु नाम को पिलो भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध किया। इसके अलावा मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने आओ सजा लो आज को कल का पता नहीं, दुर्गा दास वर्मा ने आओ जोत जगाएं मिलके ऐ गुरुवर भजन प्रस्तुत किया। यह जानकारी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि भारी बारिश और ठंड के बीच भी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर सत्संग में पहुंच कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# विश्वकर्मा मंदिर के समीप दरकी पहाड़ी से गिरता मलबा बना आफत

## नगर निगम के महापौर ने लिया स्थिति का जायजा, हर पल हादसे का डर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विश्वकर्मा मंदिर के पास दरकी पहाड़ी से गिरता मलबा किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। बीते दिनों से लगातार हो रही बारिश से अब यह मलबा और पत्थर विश्वकर्मा मंदिर के समीप सड़क पर गिर रहे हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा इस सड़क को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है, लेकिन लोगों की पैदल आवाजाही के लिए यही मार्ग है। प्रतिदिन लोग यहां से जान जोखिम में डालकर गुजर रहे हैं। वहीं इस समस्या को देखते हुए नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने भी मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से इस बारे में उनकी बात हुई है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए एस्टीमेट विभाग द्वारा बना दिया गया है जैसे ही विभाग पैसा जारी करता है, कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि जब तक इस सड़क मार्ग को दुरुस्त नहीं कर दिया जाता तब तक यहां से न गुजरें। उन्होंने कहा कि यह मामला लोक निर्माण विभाग एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के समक्ष भी उठाया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा।


विश्वकर्मा मंदिर के पास बारिश में लगातार दरकती पहाड़ी। इससे सड़क पर पत्थर और मलबा गिर रहा है।

# करसोग में बारिश के कारण पेयजल योजनाएं हुईं प्रभावित

**नदी-नालों में गाद आने से विभाग ने बंद की सप्लाई**

**अनंत ज्ञान, करसोग**

प्रदेशभर में विगत दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से करसोग विस क्षेत्र की पेयजल स्कीमें प्रभावित हुई है। भारी बारिश के कारण नदी-नालों में गाद आने से जल शक्ति विभाग ने पानी की आपूर्ति रोक दी है। हालांकि पेयजल स्कीमों को शीघ्र सुचारू करने का विभाग ने आश्वासन दिया है, लेकिन बारिश के कारण प्रभावित हुई पेयजल योजनाओं की स्थिति को देखकर अगले तीन-चार दिन तक पानी की सप्लाई बहाल होती नजर नहीं आ रही है।

बारिश से विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। कई स्कीमों में सिल्ट आने से मोटरों में पानी भर गया है। बता दें कि उपमंडल करसोग में विभाग की लगभग सभी पेयजल योजनाएं खड्डों के किनारे है। पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण खड्डों में जल स्तर बढ़ने से जल शक्ति विभाग की स्कीमें काफी प्रभावित हुई है। बता दें कि करसोग, अलयाड, मतेहल बगेला-लोअर करसोग, बगेला बाहनु, सनारली, मतेहल, काढ़ा टकरोल, व सरोर खड्ड से चुराग उठाऊ पेयजल योजनाओं को बंद किया गया है।

ये पेयजल योजनाएं बारिश के कारण गाद भरने से बंद पड़ी हुई हैं। उधर, जल शक्ति विभाग करसोग के अधिशाषी अभियंता केके शर्मा ने बताया कि लगातार दो दिनों से हो रही बारिश की वजह से पेयजल स्कीमें प्रभावित हुई है। दो दिन में योजनाओं से पानी की सप्लाई सुचारु रूप से शुरू कर दी जाएगी। बारिश से विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। यदि आगामी दिनों में बारिश न होती है तो जल्द ही इन योजनाओं से पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# मनोज अध्यक्ष, जितेंद्र उपाध्यक्ष बने

## पधर में वॉलीबाल अकादमी को लेकर बैठक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पधर**

उपमंडल पधर में वॉलीबाल अकादमी खोलने बारे बैठक का आयोजन जल शक्ति विश्राम गृह डलाह में रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षा उपनिदेशक भूप सिंह ठाकुर ने की। बैठक में नेशनल वॉलीबाल अकादमी पधर की कार्यकारिणी बनाने संबंधी प्रस्ताव पेश किया गया।

इस दौरान कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें रिटायर्ड प्रधानाचार्य मनोज ठाकुर को अध्यक्ष, जितेंद्र कमांडो को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव सुनील डोगरा, उपाध्यक्ष नवेंद्र गुलेरिया, कोषाध्यक्ष घनश्याम ठाकुर, मुख्य सलाहकार भूप सिंह, सलाहकार रमेश चंद, मीडिया प्रभारी कृष्ण भोज, सह मीडिया प्रभारी किरण चौहान तथा चुन्नी लाल, चमन लाल, पदम देव तथा गिरधारी लाल को सदस्य चुना गया। इस दौरान प्रशिक्षण कमेटी में मुख्य प्रशिक्षक हेम सिंह ठाकुर, प्रशिक्षक बलदेव राणा, सह प्रशिक्षक भूपेंद्र पाल, मनी राम, राकेश कुमार तथा मान सिंह को चुना गया।

नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि सर्वप्रथम अकादमी को पंजीकृत करने संबंधी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए यह एक सुनहरा मौका है और वे अपनी प्रतिभा में निखार लाकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो दायित्व मुझे सौंपा गया है उसे आप सबके सहयोग से पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। इस बैठक में प्रधान डलाह पंचायत हेमंत कुमार, प्रो. हुक्म ठाकुर, विजेंद्र मुगलाना, नरेंद्र शर्मा, राजेश सेन तथा सूर्य उपस्थित रहे।


नेशनल वॉलीबाल अकादमी पधर की नवनियुक्त कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

### डांस हुनर के फाइनल में पहुंची मंडी की ऐंजल



**मंडी।** नटराज डांस अकादमी की प्रशिक्षु ऐंजल गुप्ता ने डांस हुनर प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में जगह बनाकर एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। यह प्रतियोगिता पीटीसी पंजाब के माध्यम से करवाई जा रही है जिसके फाइनल राउंड में मंडी की ऐंजल ने स्थान बना लिया है। इस बारे में नटराज डांस अकादमी के प्रशिक्षक एवं संचालक कोरियाग्राफर पवन सकलानी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह मंडी के लिए बड़े गौरव की बात है कि यहां की बालिका ने फाइनल में स्थान बना लिया है और आगे भी मुकाम हासिल करने की पूरी उम्मीदें बनी हुई हैं। पवन सकलानी ने कहा कि इससे पहले भी इस अकादमी के प्रशिक्षुओं ने कई प्रतियोगिताओं में मंडी का नाम रोशन किया है।

### सैंथल-पडैन सड़क का भूमि पूजन किया


भूमि पूजन के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जेपी नायक व अन्य।

**जोगिंद्रनगर।** व्यवस्था परिवर्तन का उदाहरण देते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने रविवार को भारी बारिश के बीच जनता की 40 वर्षों से लंबित मांग को पूरा करते हुए योरा टिकरू त्रिवेणी से सैंथल-पडैन सड़क का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर जीवन ठाकुर ने कहा कि हर क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य तीन मूलभूत सुविधाएं हैं जो कि हर क्षेत्र की जनता को मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र उनका अपना विधानसभा क्षेत्र है। इस विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयत्नशील हैं। यदि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो यहां पर क्षेत्र के युवाओं को बेहतरीन शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि टिकरू सेंट्रल प्लान के लोगों की पिछले 40 वर्षों से इस सड़क की मांग को आज प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है जो कि हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे पहले राजनेताओं द्वारा यहां की जनता को लुभावने प्रलोभन देकर ठगा गया। इस अवसर विभिन्न अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### सरकार के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन: कुशाल



**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने व्यास नदी के ऊपर कोटली व जोगिंद्रनगर को जोड़ने के लिए कून का तर नामक स्थान पर बने अस्थायी झूले को तुरंत हटाने तथा उसके स्थान पर पैदल चलने वाला पुल बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह झूला हर समय मौत को दस्तक दे रहा है और प्रदेश सरकार तथा लोक निर्माण विभाग तमाशबीन बन कर रह गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर यह झूला किसकी मांग के आधार पर वहां लटकाया गया है। पिछले सात महीनों से वाहनों की आवाजाही बंद होने से तीन विधानसभा क्षेत्रों के हजारों लोग भारी मुसीबत झेल रहे हैं, लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। जो झूला लटकाया गया है उस पर लोग जान जोखिम में डालकर सफर करते हैं। उन्होंने बताया की बीते दिनों में भी नदी के दोनों छोर पर दर्जनों लोग चार घंटे फंसे रहे। ऐसा लगभग हर दिन होता है। यह झूला हर समय हादसे को न्यौता देता रहता है। कुशाल भारद्वाज ने कहा कि वे इस मुद्दे को कई बार प्रदेश सरकार के समक्ष उठा चुके हैं। उन्होंने मांग की कि हमें जानलेवा झूला नहीं चाहिए, पैदल चलने लायक पुल ही बनवा दो। 15 मार्च से पहले वैली ब्रिज अथवा सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण किया जाए तथा बड़े ट्रैफिक ब्रिज के लिए भी धनराशि स्वीकृत की जाए। यदि जल्दी ही इस दिशा में काम नहीं हुआ तो हजारों लोगों को लेकर वे मंडी में सरकार व विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

### गलत कटिंग के कारण मकान को खतरा

**मंडी।** चंडीगढ़-मनाली फोरलेन के कार्य के कारण कई लोगों के घर उजड़ गए और कइयों को प्रवास का रुख करना पड़ा। इसी कड़ी में मंडी नगर निगम के वार्ड चार के गांव जरली में रहने वाले देवी चंद और उसके परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया की एनएचआई की गलत कटिंग के कारण उनके घर, गोशाला और जमीन को खतरा है जिसमें से तीन कमरों का मकान जो कि गिरने की कगार पर है। बारिश के चलते कभी भी गिर सकता है। उन्होंने बताया की एनएचआई द्वारा रिटेनिंग वॉल न लगाने से मकान का एक कोना नीचे गिर गया है और बाकी पूरे मकान में दरारें आ गई है। जिससे मकान कभी भी धराशाही हो सकता है। उन्होंने बताया की इस समस्या को प्रशासन के समक्ष भी रखा और एनएचएआई के उच्च अधिकारियों के पास भी इस समस्या को लेकर गए लेकिन आज दिन तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।वहीं वार्ड पार्षद राजेंद्र मोहन द्वारा भी इस समस्या से एनएचएआई को अवगत करवाया पर उन्होंने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। देवी चंद का कहना है कि आने वाले समय में अगर मकान, गोशाला और जमीन को नुकसान पहुंचता है तो इसका जिम्मेदार एनएचएआई और मंडी प्रशासन होगा।

### बूथ स्तर पर कार्य करेगी भाजपा: मनीष

**मंडी।** भाजपा मंडी मंडल द्वारा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में प्रशिक्षण वर्ग बैठक गांव चलो का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा के पदाधिकारियों, प्रवासी कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों व जिला अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। मंडल अध्यक्ष मनीष कपूर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गांव चलो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे के लिए हर बूथ पर जाएंगे और लोगों के साथ संपर्क साधेंगे। इस दौरान लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी और उनकी समस्याओं को भी सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी संदर्भ में रविवार को इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस दौरान नगर निगम मेयर और डिप्टी मेयर भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर रही कांग्रेस

## पार्टी के प्रवक्ता आशीष बोले-पहचान और परिवारवाद पर हो रही नियुक्तियां

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी जिले में कांग्रेस सरकार कर्मठ कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर रही है। विशेष सूत्रों से जानकारी मिली है कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मंडी संसदीय क्षेत्र के मुख्य प्रवक्ता एडवोकेट आकाश शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व प्रभारी व हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को संगठन व सरकार के वर्तमान हालात को देखते हुए एक पत्र लिखा है।

जिसके माध्यम से उन्होंने सूचित किया है कि हिमाचल प्रदेश में सरकार, कर्मठ कार्यकर्ताओं के निष्काम भाव से किए गए कार्य के पश्चात बनी है, लेकिन वर्तमान में कार्यकर्ता अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। जो भी नियुक्ति की जा रही है उसमें किसी भी प्रकार के मापदंड को नहीं अपनाया जा रहा है। केवल उन्हीं व्यक्तियों को नवाजा जा रहा है जिनके किसी के साथ संबंध रहे है। कार्यकर्ता अपने आप को निराश महसूस कर रहे हैं कई जगह केवल मात्र परिवारवाद हावी है व जिन लोगों के साथ व्यक्तिगत संबंध रहे है उनको नियुक्तियां प्रदान की जा रही हैं। कहीं भी संगठन व सरकार में तालमेल नजर नहीं आ रहा है। जो वादे चुनाव से पूर्व शीर्ष नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओं से किए गए थे वे आज धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। आज लोकसभा चुनाव से पूर्व जहां भारतीय जनता पार्टी जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है, वहीं कांग्रेस द्वारा कोई भी दिशा निर्देश धरातल पर नहीं दिखाई दे रहा है। संगठन में भी चंद लोग अपनी मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं व वर्षों से जमीनी स्तर पर व बुरे वक्त में जो लोग पार्टी के साथ खड़े रहे उनको पीछे धकेलने का काम किया जा रहा है। जिन लोगों ने अपनी सारी जिंदगी पार्टी को खड़ा करने व मजबूत करने में लगा दी उनको दरकिनार किया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण कुछ ही मीटर के दायरे में सरकार में नियुक्तियां व संगठन में नियुक्तियां हैं। आज जहां सरकार की कार्य प्रणाली को धरातल पर ले जाना चाहिए वहां सभी लोग मौन हैं व कांग्रेस के प्रभारी व संगठन के सर्वेसर्वा व मुख्यमंत्री को शीघ्र अपनी गुप्त एजेंसियों द्वारा सूचना प्राप्त कर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आने वाले चुनावों में कांग्रेस अपनी दशा व दिशा को सुधार कर जीत हासिल कर सके। गुटों में विभक्त पार्टी को इस समय उन कार्यकर्ताओं की पहचान करनी चाहिए जो विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी के साथ चट्टान की तरह खड़े रहे। (अनंत ज्ञान)


प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता व मंडी संसदीय प्रवक्ता आकाश शर्मा।

# सड़क तो बनी पर बस नहीं चली

## गलू-बनेहड़ मार्ग का लोगों को आज तक नहीं मिल रहा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आजादी के बाद ग्राम पंचायत रोपापधर के भटवाड़ सहित घरौन व नेरघरवासड़ा पंचायत के कुफरु व कुंडुनी वार्ड के छपड़ू गांव के लिए सड़क का निर्माण तो किया गया लेकिन खेद इस बात का है कि सड़क का उद्घाटन करने के डेढ़ साल बाद भी लोगों को बस की सुविधा नसीब नहीं हो पाई है।

वर्ष 2022 के सितंबर माह में तत्कालीन सीएम जयराम ठाकुर द्वारा गलू-बनेहड़ सड़क का उद्घाटन किया गया था, लेकिन उद्घाटन के दिन बस चलाना तो दूर विभाग आज दिन तक इस मार्ग पर बस चलाना भूल गया है, जिसके चलते स्थानीय लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गलू-बनेहड़ व मझारनू सड़क करीब 15 किमी लंबी है, जो मझारनू से बनेहड़ तक पक्की भी हो चुकी है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा आज दिन तक बस सेवा शुरू नहीं की गई है। घरौन वार्ड की मेंबर रोशनी देवी, भटवाड़ वार्ड के लाल सिंह, महिला मंडल अपर घरौन की प्रधान नीता देवी, निचला घरौन की प्रधान इंद्रा देवी, महिला मंडल भटवाड़ की प्रधान निरंजना देवी, महिला मंडल कलेहड़ की प्रधान मीरा देवी, महिला मंडल काही की प्रधान शांता देवी सहित युवक मंडल भटवाड़ के सदस्य बिधा राम, कृष्ण कुमार, काहनू राम, बशाखू राम, नाग राम, संजय कुमार, श्याम सिंह, कश्मीर सिंह, कर्ण ठाकुर, आदित्य ठाकुर, विजय कुमार, अजय कुमार, अंकुश कुमार सहित अन्य लोगों ने कहा है कि सड़क के उद्घाटन के डेढ़ साल तक बस शुरू न होने से लोगों को गलू-बनेहड़ सड़क पर करीब आठ किमी पैदल चलकर गलू पहुंचना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग उठाई है कि लोगों की समस्या को देखते हुए शीघ्र बस सेवा शुरू करवाई जाए।

> सड़क पर बस सेवा शुरू करने से पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा फिटनैस सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। उसके बाद सारी औपचारिकताएं पूरी कर बस सेवा शुरू की जाएगी। सर्टिफिकेट मिलते ही लोगों को जल्द सुविधा प्रदान की जाएगी।
>
> **-कुलदीप चंद, आरएम, एचआरटीसी, जोगिंद्रनगर।**

> सड़क का उद्घाटन करने से पूर्व बस का ट्रायल कर सड़क का फिटनैस सर्टिफिकेट दिया जाता है। उद्घाटन के समय लोगों को बस सेवा शुरू कर सुविधा प्रदान की जाती है। सड़क मार्ग का जायजा लेकर आगामी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-जेपी नायक, अधिशाषी अभियंता, लोनिवि, जोगिंद्रनगर।**

### टांडा में 60 लोगों की आंखें जांची



**मंडी।** श्री सत्य साईं समिति सुंदरनगर द्वारा बल्ह घाटी की ग्राम पंचायत बाल्ट के गांव टांडा में आंखों की जांच का शिविर लगाया गया। कड़ाके की ठंड व बारिश के बावजूद लगभग 60 लोगों ने अपनी आंखों का चेकअप करवाया। समिति के जिला प्रधान किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि शिविर में आने वालों को मुफ्त दवाइयां व एनकें दी गई। शिविर में डॉ. राहुल शांडिल्य व योगेंद्र पाल सरोच सेवानिवृत्त नेत्र अधिकारी ने रोगियों की जांच की। ग्राम पंचायत बाल्ट के प्रधान ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी बाल्ट गांव में इस तरह के चिकित्सा शिविर लगाने का आग्रह किया।

**आक्रोश** मंडी में सीटू जिला कमेटी ने बैठक के दौरान बनाई योजना

# 16 फरवरी को हड़ताल करेंगी मजदूर यूनियनें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

ट्रेड यूनियनों के अखिल भारतीय आह्वान पर 16 फरवरी को मंडी में भी सीटू से संबंधित मजदूर यूनियनें हड़ताल और रैली करेंगी। जिसको सफल बनाने के लिए रविवार को मंडी स्थित कामरेड तारा चंद भवन में सीटू जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, रेहड़ी-फड़ी, फोरलेन, निर्माण, मनरेगा, आउटसोर्सिंग इत्यादि मजदूर यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यह हड़ताल केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और मजदूर विरोधी बजट प्रस्तावों के खिलाफ आयोजित की जा रही है जिसमें अखिल भारतीय स्तर की 11 ट्रेड यूनियनें और किसान संगठन भी भाग लेने जा रहे हैं। मंडी जिला में भाजपा-आरएसएस से जुड़े मजदूर संगठन बीएमएस के अलावा सीटू, इंटक, एटक, सर्वकामगार कामगार संगठन, टीयूसीसी इत्यादि सन्गठन मिलकर 16 फरवरी को मंडी में जिला स्तरीय विरोध रैली भी निकालेंगे। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए बने 44 श्रम कानून निरस्त कर दिए हैं और बड़ी कंपनियों के हकों की हिफाजत के लिए चार कोड बना दिए हैं लेकिन मजदूरों के विरोध के चलते अभी तक लागू नहीं किए गए हैं। मजदूर संगठनों की मांग है कि केंद्र सरकार को मजदूर पक्षी श्रम कानूनों को भी बहाल करने का निर्णय लेना पड़ेगा। रेहड़ी फड़ी मजदूरों के रोजगार की रक्षा के लिए बने स्ट्रीट बेंडरज कानून को भी निरस्त करने की योजना है जिसके कारण और इस कानून को मंडी में सही तरीके से लागू न करने के कारण मंडी में सभी रेहड़ी वाले भी 16 फरवरी को हड़ताल करेंगे।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हिमाचल सरकार द्वारा राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड से पंजीकृत साढ़े चार लाख मजदूरों की वित्तीय सहायता भी हिमाचल प्रदेश की सरकार ने गैर कानूनी तौर पर रोक दी है जिसके खिलाफ भी मजदूर यूनियनें आंदोलन कर रही हैं। योजना निर्माण के लिए नौ फरवरी को बिलासपुर में संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह के अलावा महासचिव राजेश शर्मा, गुरदास वर्मा, रविकांत, गोपेंद्र शर्मा, राजेंद्र कुमार, ललित कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, मनीराम, दीपक कुमार,हमिंद्री, सुदर्शना, बिमला आदि ने भाग लिया।


रविवार को मंडी स्थित कामरेड तारा चंद भवन में सीटू जिला कमेटी की बैठक को संबोधित करते जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह।

## न्यूज ब्रीफ

### अजय बने जिला भाजपा सह मीडिया प्रभारी



**कुल्लू।** अजय ठाकुर को जिला भाजपा सह मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने जिला के सभी वरिष्ठ नेताओं से सलाह मशवरा करके अजय ठाकुर को सर्वसम्मति के साथ जिला भाजपा सह मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है, वहीं प्रतिभा शर्मा को महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष, केशव धीमान को जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष और विशाल ठाकुर को जिला भाजपा का कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

### कुल्लू कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन




एनसीसी शिविर के समापन पर मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रोशन दीप प्रज्वलित कर करते हुए।

**कुल्लू।** राष्ट्रीय सेवा योजना कुल्लू महाविद्यालय इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। शिविर के समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. रोशन लाल उपस्थित रहे। शिविर का समापन सांकृतिक कार्यक्रम व पारितोषिक वितरण के साथ किया, जिसमें शिविर में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सर्वोत्तम ईमानदार स्वयंसेवी निखिल और स्नेहा, सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन स्वयंसेवक हर्ष चौहान और अमीषा, सर्वश्रेष्ठ वक्ता खूब राम और कंचन, सर्वश्रेष्ठ कवियित्री आंचल और भोजनशाला कार्यभार के लिए तुषार तथा इसके साथ ही अन्य स्वयंसेवियों को भी विभिन्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एनएसएस कुल्लू के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेम ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना कुल्लू महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। उन्होंने बताया की शिविर में 100 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न गतिविधियां की गई और अलग-अलग रिसोर्स पर्सन के विचार सुनने को मिले। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेम ठाकुर, डॉ. शशि शर्मा तथा इकाई अध्यक्ष यतिन शर्मा, सचिव अंकित ठाकुर, ईशान ठाकुर, तुषार, खुशबू, अमीषा, निखिल, कोविद ठाकुर, नेहा, हिमांशु, मोनिका तथा अन्य स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# राहत के साथ आफत बनी बारिश-बर्फबारी

## क्लाथ पुल के पास गिरा पर्यटक वाहन, जानी नुकसान नहीं, मनाली के लॉग हट्स एरिया में टला बड़ा हादसा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/मनाली**

बर्फबारी और बारिश राहत के साथ साथ अब लोगों के लिए आफत और परेशानी भी बनने लगी है। दो दिन पहले जहां बर्फ के कारण देवदार के पेड़ गिरने से मनाली में 10 के करीब गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई थी। वहीं रविवार को भी बर्फ के कारण तीन हादसे पेश आए हैं।

पहले हादसे में मनाली से पतलीकूहल की ओर जा रहा पर्यटक वाहन क्लाथ पुल के पास स्किड होकर ब्यास नदी में जा गिरा। वाहन में दो लोग सवार थे। दोनों ने वाहन से छलांग लगाकर जान बचाई। पंजाब का यह पीबी 01ए 9196 टेंपो ट्रेवलर पर्यटकों को मनाली छोड़कर पतलीकूहल की ओर जा रहा था। वहीं, दूसरी ओर मनाली के लो हट्स एरिया में बर्फ के कारण सड़क पर हुई फिसलन के चलते, गाड़ी बीच सड़क में आगे नहीं चल पाई और पीछे की ओर स्किड हो गई। ड्राइवर ने डर के मारे गाड़ी से छलांग लगा दी। ड्राइवर को छलांग मारता देख साथ बैठे पुलिस जवान ने भी छलांग लगाकर जान बचाई। गमीमत यह रही कि गाड़ी भी खाई की ओर न मुड़कर दूसरी ओर खड़ी अन्य गाड़ी से टकराकर रुक गई।

उधर, एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा ने सभी सैलानियों और स्थानीय लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उपमंडल के संपर्क मार्गों से बर्फ हटाई जा रही है। सभी वाहन चालक गाड़ी ध्यान पूर्वक चलाएं। (अनंत ज्ञान)



क्लाथ में सड़क पर बर्फ के कारण फिसलन से नीचे लुढ़का वाहन।

### तियुन गांव में बर्फबारी से गिरा अढ़ाई मंजिला मकान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**कुल्लू** की लगघाटी की मानगढ़ पंचायत के सबसे दुर्गम तियुन गांव में बर्फबारी के दौर लगातार जारी है। इस गांव में अभी तक साढ़े तीन फीट के करीब बर्फबारी हो चुकी है। रविवार को बर्फबारी के चलते गांव में एक हादसा पेश आया। गांव के एक ग्रामीण महेंद्र सिंह पुत्र स्व. साजू राम के काष्ठकुणी शैली के अढ़ाई मंजिला मकान में बर्फ का भार अधिक हो जाने से यह मकान गिर गया। सुबह के समय पेश आए इस हादसे के समय महेंद्र का परिवार घर पर ही था, जैसे ही उन्हें हादसे का एहसास हुआ तो पूरा परिवार घर से बाहर निकला और सभी ने भागकर अपनी जान बचाई।

इस दौरान गांव के अन्य लोग मदद के लिए आए और साढ़े तीन फीट बर्फ के बीच से ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से घर का कुछ सामान एकत्र किया जबकि अन्य सारा सामान लगातार हो रही बर्फ के कारण वहीं, दब गया। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रशासन व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को इस घटना के बारे में फोन के माध्यम से अवगत करवाया। मानगढ़ पंचायत के उपप्रधान ख्याल ठाकुर ने बताया कि तियुन पंचायत में बर्फ के कारण अढ़ाई मंजिला घर ढह जाने की सूचना मिली है।

उन्होंने बताया कि यह गांव पंचायत और घाटी का सबसे दुर्गम गांव है, सड़क भी यहां से करीब पांच छह किलोमीटर दूर है। अभी यहां पर लगातार बर्फबारी हो रही है, अभी तक साढ़े तीन फीट के करीब बर्फबारी हो चुकी है और अगर बर्फबारी के क्रम इसी तरह जारी रहा तो बर्फ चार फीट से अधिक हो सकती है। ऐसे में इस गांव में बर्फबारी के बीच पहुंचना मुश्किल है। ऐसे में महेंद्र के परिवार को फिलहाल राहत पहुंचाना सम्भव नहीं है, बर्फबारी बंद होते ही प्रशासन की टीम के साथ गांव जाकर घटना का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल महेंद्र का परिवार पड़ोसियों के घर पर रह रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की है कि उक्त परिवार की हरसंभव सहायता की जाए।

उधर, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने बताया कि अभी इस गांव में बर्फबारी के कारण पहुंचना और फौरी राहत देना मुश्किल है, मौसम साफ होते ही टीम को मौके पर भेजा जाएगा। लिहाजा, कुल्लू जिला में बर्फबारी और बारिश का जहां सभी को लंबे समय से इंतजार था और अब बारिश बर्फबारी होने से किसान बागवानों ने राहत की सांस ली है वहीं, बर्फबारी से कई जगज नुकसान हो रहा है जिससे अब यह राहत के साथ यह मौसम अब आफत भी बन गया है।



तियुन गांव में बर्फबारी से गिरे अढ़ाई मंजिला काष्ठकुणी शैली के मकान का सामान समेटते ग्रामीण।

# लगातार जारी रहा बारिश-बर्फबारी का क्रम, ठंड का प्रकोप बढ़ा

### अटल टनल रोहतांग में दो फुट ताजा बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

कुल्लू व लाहुल-स्पीति जिला में रविवार को भी बारिश व बर्फबारी के दौर लगातर जारी रहा। इस कारण अब दोनों जिलों में ठंडक प्रकोप बढ़ गया है। साथ ही दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं, जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है।

**फिर बंद हई मनाली केलांग के बीच वाहनों की आवाजाही**

उधर, कुल्लू जिला में अभी तक 71 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं, जबकि लाहुल-स्पीति की सभी सड़कें एक बार फिर बाधित हो गई हैं। उधर, अटल टनल रोहतांग में दो फीट ताजा बर्फबारी हुई है जबकि रोहतांग, कुंजम, शिंकुला व बारालाचा दर्रों में भारी बर्फबारी का क्रम जारी है। इन दर्रों में अढ़ाई से तीन फुट ताजा बर्फबारी होने की सूचना है। भारी बर्फ से मनाली केलांग के बीच वाहनों की आवाजाही फिर बंद हो गई है। बीआरओ ने शनिवार को ही मनाली केलांग मार्ग को बहाल किया था।

पर्यटन नगरी मनाली में सुबह चार बजे से बर्फबारी का क्रम जारी है यहां आधा फुट बर्फबारी हो चुकी है। मनाली के धुंधी से लेकर सोलंग तक डेढ़ से दो फुट, कोठी गुलाबा व हामटा में भी दो फुट ताजा बर्फबारी हुई है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि बर्फबारी से मनाली के पर्यटन स्थल निखर उठे हैं। सड़कें बहाल होते ही होटलों में भी ऑक्यूपेसी बढ़ने लगी है। कुल्लू जिला में 71 सड़क संपर्क मार्ग बाधित हैं। इसके साथ ही जिले में 59 विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की लाइनों, खंबे और ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने से बिजली आपूर्ति बाधित है। उधर, मौसम के मद्देनजर कुल्लू व मनाली सब डिवीजन में पांच फरवरी को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे।



अटल टनल रोहतांग में बिछी बर्फ की सफेद चादर।



तिनन वेली में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

### मनाली में निजी वाहनों से सवारियां ढोने व पर्यटकों से लूट पर लगा विराम

**होटल** संचालकों की पहल के चलते रविवार को मनाली पहुंचे पर्यटकों को निजी वाहन में होटलों तक छोड़ने व अधिक दाम वसूलने पर विराम लग गया है। निजी वाहनों द्वारा सवारियां ढोने पर प्रशासन ने नकेल कसी है। अधिकतर होटलों ने पर्यटकों को अपनी गाड़ियों में लग्जरी बसों तक पहुंचाया। रविवार सुबह के समय हालांकि लग्जरी बसें आलू ग्राउंड पहुंची, लेकिन बर्फबारी की रफ्तार बढ़ने के बाद अधिकतर लग्जरी बस चालकों ने पर्यटकों को पतलीकूहल में ही उतार दिया। रविवार को होटल संचालकों ने वाहनों की व्यवस्था कर आलू ग्राउंड व पतलीकूहल से पर्यटकों को अपने होटलों में पहुंचाया। टैक्सी यूनियन के प्रधान पूरन चंद ठाकुर ने कहा कि निजी वाहन चालकों पर नजर रखी जा रही है। पर्यटकों को बेहतर सेवाएं देने के प्रयास किए जा रहे हैं और निजी वाहनों के बजाय पर्यटकों से टैक्सी में ही सफर करने का आग्रह किया जा रहा है। होटलियर एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि हालात को देखते हुए अधिकतर होटल संचालकों ने पर्यटकों को लग्जरी बसों तक लाने ले जाने की स्वयं व्यवस्था की है। बर्फबारी से पैदा हुए विकट परिस्थितियों को देखते हुए होटल संचालकों ने पैकेज में जोड़ने का निर्णय लिया है, ताकि मनाली पहुंचने में पर्यटकों को असुविधा न हो।



जनजातीय जिला लाहौल-पीति की तिनन घाटी के रालिंग गांव में नन्हे बच्चे बर्फ के बीच मस्ती करते हुए।

### जलशक्ति व विद्युत बोर्ड के कर्मचारी सर्द मौसम में बहा रहे पसीना

**कुल्लू** व लाहुल में बर्फबारी का दौर शुरू होने के बाद जलशक्ति विभाग और बिजली बोर्ड के कर्मचारी बिजली, पेयजल सुचारु रखने में पसीना बहा रहे हैं। माइनस तापमान के बीच घाटी में बिजली-पानी सुचारु रखना आसान काम नहीं है। वहीं, कई जगह स्थानीय लोग अपने स्तर पर श्रमदान कर रहे हैं। मनाली के प्रीणी गांव में जहां स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर भारी बर्फबारी के बीच पेयजल पाइप उठाकर पाइप ठीक कर पेयजल आपूर्ति सुचारू की वहीं, भारी बर्फबारी के बीच जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों ने त्रिलोकनाथ क्षेत्र के ससधारा नाले से त्रिलोकनाथ, हिंसा, बरदंग और शकोली गांव के लिए पेयजल आपूर्ति को दुरुस्त किया। इन कर्मचारियों ने ग्लेशियर के गिरने की परवाह नहीं की। इसका सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ है। वहीं, अन्य भी कई जगहों पर बिजली व जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों ने सर्द मौसम में अपने काम मे जूट रहे।

# बारिश ने खोली विभाग व नगर परिषद के दावों की पोल

- पानी से लबालब हुई कुल्लू व भुंतर की मुख्य सड़कें
- लोगों को झेलनी पड़ी खासी दिक्कतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले में तीन-चार दिनों से बारिश का दौर जारी है, ऐसे में बारिश के कारण कुल्लू व भुंतर की मुख्य सड़कें पानी से तालाब बन गई हैं। निकास नालियां बंद होने से बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया और कई स्थानों पर सड़कें पानी से लबालब हो गई हैं। इस कारण पैदल चलने वाले राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ी।

भुंतर, शमशी सहित जिला कुल्लू के ढालपुर, क्षेत्रीय अस्पताल के दोनों गेट के आसपास सहित शहर के अनेक स्थानों में बारिश का पानी सड़कों पर बह रहा है। बारिश का पानी सड़कों पर जमा होने से पैदल चलने वाले लोगों को सबसे अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। भुंतर व शमशी व कुल्लू निवासी रामेश्वरी, डिपंल, रमा, अंजली शर्मा, पिंकी आदि का कहना है कि निकास नालियां बंद होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर आ रहा है जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। लोगों ने प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि निकास नालियों की उचित सफाई करवाई जाए, ताकि बारिश का गंदा पानी सड़कों पर इस तरह से जमा न हो।

लोगों का कहना है कि इस बार जहां बड़ी मुश्किल से बारिश हो रही है जिससे किसान बागवान खुश हैं वहीं, बारिश के दौरान कुल्लू, भुंतर व शमशी की कई सड़कें पानी से लबालब हो रही हैं। लोगों ने नगर परिषद कुल्लू व नगर पंचायत भुंतर से भी नालियों की मरम्मत करवाने की मांग की है, जगह-जगह नालियों के जाले टूटे हुए हैं जो इस बारिश के मौसम में हादसे को न्योता दे रहे हैं। लिहाजा, कुल्लू में हो रही बारिश ने प्रशासन, विभाग व नगर परिषद और नगर पंचायत भुंतर की पोल खोल दी है।






कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रेस क्लब के समीप तथा भुट्टी चौक स्थित नेशनल हाइवे पर निकासी नालियां बंद होने के कारण सड़क पर बहता गंदा पानी।

# 29 से पहले ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शिव राम राही ने कहा है कि सभी उपभोक्ताओं का 29 फरवरी से पहले ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला में अभी भी लोग ई-केवाईसी करवाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कुल्लू जिला में कुल चार लाख 35 हजार 523 आबादी में से अभी तक तीन लाख 32 हजार 274 (76.38 फीसदी) उपभोक्ताओं ने ही ई-केवाईसी करवाई है, जबकि एक लाख 28 हजार 35 उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है।

वहीं, उन्होंने बताया कि जिलाभर में कुल एक लाख 97 हजार राशनकार्ड धारक हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अब 29 फरवरी से पहले सभी शेष बचे उपभोक्ता ई-केवाईसी करवा लें अन्यथा नहीं करवाने की सूरत में राशन कार्ड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। शिवराम राही ने बताया कि 29 फरवरी तक

- **एक लाख 28 हजार 35 उपभोक्ताओं ने अभी तक नहीं करवाई ई-केवाईसी**

आधार को राशन कार्ड से जोड़ने और ई-केवाईसी सहित मोबाइल नंबर अपडेट करवाने की तिथि को बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा राशन वितरण में पारदर्शिता लाने हेतु उपभोक्ताओं के राशनकार्डों में उनकी आधार संख्या को पंजीकृत किया जा रहा है। ई-केवाईसी के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि राशन कार्ड में दर्ज व्यक्ति का नाम, जन्म तिथि तथा लिंग, आधार कार्ड में दर्ज डाटा के अनुसार ही हो इस प्रक्रिया में आम जनता का विभाग को पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

इसलिए जिन व्यक्तियों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है, उनसे आग्रह है कि वह अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया को 29 फरवरी से पहले करवायें। यदि कोई व्यक्ति अपना आधार 28 फरवरी तक जमा नहीं करवाता है तो ऐसी सूरत में उनके राशन कार्ड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा तथा आधार उपलब्ध करवाने के बाद ही राशन कार्ड को फिर से शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी लाभार्थियों को अपने नवीनतम एवं सक्रिय मोबाइल नंबर को विभाग से साझा कर खाद्यान्नों से संबंधित सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट यानी पारदर्शिता पोर्टल पर राशन कार्ड में खुद अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ता पारदर्शिता पोर्टल पर जा कर विकल्प के अधीन अपने 12 अंकों का आधार कार्ड दर्ज करने के उपरांत अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। अत: सभी उपभोक्ताओं व उचित मूल्य दुकानधारकों से आग्रह किया जाता है कि वह ई-केवाईसी की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए विभाग का सहयोग करें।

### जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का अटल सदन में हुआ समापन

# लोक नृत्य में सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी प्रथम

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही भुट्टी कॉलोनी को-ऑपरेटिव सोसायटी सांस्कृतिक दल ने द्वितीय तथा कश्यप नारायण युवक मंडल तृतीय स्थान हासिल किया।

भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला कुल्लू ने ढालपुर में स्थित अटल सदन में जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को अटल सदन के सभागार में कुल्लू जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोक नृत्य दलों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि के तौर पर सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। सीपीएस सुंदर ठाकुर ने लोक नृत्य प्रतियोगिता के दौरान सभागार में सभी को संबोधित कर कुल्लू की लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने की बात की ओर साथ ही इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

इस जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में कुल 32 लोक नृत्य दलों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में निर्णायक की भूमिका चंद्र मोहन कपूर, डॉ. सूरत ठाकुर, टीएस नेगी, डॉ. भुवनेश्वर शर्मा ओर अच्छर सिंह ने निभाई। इस दौरान मंच संचालक एवं उदघोषक की भूमिका डॉ. दयानंद गौतम ने निभाई। इस प्रतियोगिता में सभी लोक नृत्य दलों को 10 से 12 मिनट का समय दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले लोक नृत्य दल को राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता के दौरान सुनीला ठाकुर, नरेंद्र शर्मा, सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)




जिला स्तरीय लोक नृत्य में विजेता सूर्या सांस्कृतिक दल के साथ सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर

**उत्सव**

### मनु ऋषि और माता हिडिंबा के प्रांगण में देव कार्यक्रम आयोजित

# बर्फ के फाहों के बीच मनाली गांव में फागली उत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

बर्फ के फाहों के बीच मनाली गांव में एक सप्ताह से फागली उत्सव की धूम मची हुई है। मनु ऋषि व माता हिडिंबा के प्रांगण में आज देव कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिमपात के बीच ग्रामीणों ने देव कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

बुधवार को गढ़ नामक स्थान में देव कार्यक्रम होगा। इस दिन सीटियां मारकर ग्रामीण टुडिया राक्षस को भगाएंगे। टुडिया राक्षस के गांव से भागते ही यह उत्सव संपन्न हो जाएगा। देवता मनु ऋषि व माता हिडिंबा में गांव की परिक्रमा की।

आज परिक्रमा संपन्न होते ही देवालय में देव कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसके देवलुओं व देव प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ग्रामीण हेम राज ठाकुर, प्रेम चंद व डोला राम ने बताया कि आज देवता के प्रांगण में देव कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने देवी-देवताओं के साथ बर्फ के फाहों के बीच फागली उत्सव की खुशियां मनाईं। मनु ऋषि के कारदार रघु नेगी ने बताया कि उत्सव के दौरान गांव में लगातार पूजा-पाठ का क्रम चल रहा है। रविवार को मनु ऋषि के प्रांगण में देव कार्यकम संपन्न हुए। देवी-देवताओं ने ग्रामीणों को सुख व समृद्धि से का आशीर्वाद दिया। अगले बुधवार को यह उत्सव धूमधाम से संपन्न हो जाएगा।

- बुधवार को गढ़ में होगा देव कार्यक्रम
- सीटियां मारकर टुडिया राक्षस को भगाएंगे ग्रामीण



फागली पर्व के दौरान मंदिर में परंपराओं का निर्वहन करते हुए लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर कार्यशाला आज से

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में पांच से सात फरवरी तक संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया जाएगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि अखिल भारतीय तकनीकी परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित इस कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्राध्यापकों को तीन दिन सार्वभौमिक मानवीय मूल्य के बारे में बताया जाएगा। कार्यशाला में एआईसीटीई द्वारा तीन स्त्रोत व्यक्तियों को भेजा है। कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान करेंगे, जबकि कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बता दें कि तकनीकी विवि व संबंधित शिक्षण संस्थानों में पढ़ाए जाने वाले इंजीनियरिंग, फार्मेसी और प्रबंधन के विषय में मानवीय मूल्यों को बतौर पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जा रहा है।

### तहसीलदार बालकृष्ण ने भोरंज में संभाला कार्यभार

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज में नए तहसीलदार बालकृष्ण शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है वे इससे पूर्व पहले भी सरकाघाट में तहसीलदार पद पर कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता आम लोगों, गरीबों के कार्यों की जल्द निपटाना होगा, ताकि लोगों को तहसील में कार्य करवाने को लेकर परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि वे अपने कार्यक्षेत्र से हट कर भी लोगों की मदद करने में गुरेज नही करेंगे और लोगों के कार्य पर कम से कम खर्च पर हो सके ताकि आम जनता परेशान न हो।



### बारिश से पेयजल परियोजनाएं हुई प्रभावित

**मंडी।** प्रदेश भर में हो रही लगातार बारिश और बर्फबारी के कारण रोड़, बिजली और जल सुविधाओं को भी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें रविवार को मंडी जिले में कुल 51 सड़कें बाधित रहीं जिसका आंकड़ा पिछले कल भी इतना ही था। सराज विधानसभा क्षेत्र के 17 थलौट के 23 करसोग में नौ और सुंदरनगर क्षेत्र की 2 सड़कें बाधित रही। जिसमें 49 लिंक रोड़ और दो एमडीआर रोड है। वहीं मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली भी बाधित है। रविवार शाम तक सुंदरनगर क्षेत्र के दो गोहर के 12 और जोगिंद्रनगर के 14 ट्रांसफार्मर बंद हैं जिनकी संख्या 28 है। वहीं पिछले कल यह संख्या 114 थी, जिसमें कमी आई है। वहीं जल सुविधाओं को भी बारिश की मार झेलनी पड़ी है। थुनाग क्षेत्र 20 और सुंदरनगर के 13 पेयजल स्कीमें बंद पड़ी हैं, जिसका आंकड़ा पिछले कल भी इतना ही था।

### हमीरपुर में अंतर-डाइट राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 11 से

**बड़ा।** हमीरपुर में अंतर-डाइट राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नौ फरवरी से शुरू होगी, जिसका शुभारंभ मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल करेंगे। इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 11 फरवरी को कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। यह जानकारी जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान गौना करोर के मीडिया समन्वयक भवानी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन हमीरपुर के खेल, मैदान अणु में किया जाएगा। राज्य स्तरीय होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के प्रत्येक जिला डाइट संस्थानों से 30 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, एथलेटिक्स, बॉस्केटबॉल, टेबल टैनिस आदि मुख्य होंगी।



### लड़की की शादी के लिए दिया धाम का राशन



गवारडू में लड़की की शादी को धाम का राशन देते सतीश राणा व अन्य।

**टौणी देवी।** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के भारत स्काउट्स एंड गाइड्स इकाई के स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा और उनके सहयोगी सदस्यों अरविंद सुमन निशांत तथा ग्राम पंचायत गवारडू में लड़की की शादी को धाम का राशन दिया। इस पुण्य कार्य में सहयोग करने के लिए सभी दानी सज्जनों का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं। सतीश राणा का कहना है कि स्काउटिंग समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का ऐसा मंच है, जिससे मनुष्य के जीवन में ऐसा बदलाव आता है कि वह अपने कार्य को मानवता के कल्याण के लिए सदैव तैयार रहता है। हमारा मुख्य उद्देश्य मानव भलाई के लिए कार्य करना है और हम समाज सेवा से जुड़े लोगों और अध्यापकों के माध्यम से निरंतर समाज सेवा में समर्पित और लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

# नादौन में विकास कार्यों को दिए 5.70 करोड़ रुपए : सीएम सुक्खू

## मानपुल-सेरा सड़क का तीन करोड़ से होगा सुदृढ़ीकरण

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 5.70 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ढांचागत विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है। सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में नादौन में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

उन्होंने कहा कि मानपुल से सेरा लिंक रोड के सुदृढ़ीकरण पर तीन करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस राशि का प्रावधान 2023-24 के बजट में कर दिया गया है। यह रोड मानपुल से सेरा होते हुए धनेटा जाता है। सीसे विद्यालय सेरा के नए भवन के निर्माण के लिए 1.50 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। स्कूल का वर्तमान भवन काफी पुराना हो चुका है।

**सेरा विद्यालय के नए भवन के निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ जारी**



मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दिनों नादौन दौरे के दौरान उन्होंने सेरा स्कूल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने वर्तमान भवन की स्थिति भी देखी थी। स्कूल की ओर से नए भवन के निर्माण की मांग भी उनके समक्ष रखी गई थी। सेरा स्कूल के नए भवन के लिए बजट में राशि का प्रावधान कर दिया है। नादौन में एसडीएम के लिए नया आवास बनेगा। इसके लिए 1.20 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी गई है। इसका भी बजट में प्रावधान किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### मानपुल और सेरा के लोगों ने किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद

**सेरा** स्कूल के नए भवन के निर्माण के लिए राशि जारी करने पर बूथ प्रभारी एवं एसएमसी प्रधान संजीव, एपीएमसी मेंबर रमेश, उपप्रधान पृथ्वी, प्रताप, जगदीश, अनिल, अभय, सुभाष आदि सभी सेरा गांववासियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। लिंक रोड मानपुल से सेरा के सुदृढ़ीकरण के लिए राशि जारी करने पर पूर्व प्रधान ओम प्रकाश, प्रधान राजीव कुमार, पूर्व उपप्रधान राजीव कुमार, बूथ प्रभारी कमलजीत आदि ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का आभार जताया है।

# बड़सर के लिए करोड़ों के बजट से विकास कार्यों को मिलेगी गति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**बड़सर-धनेटा और बड़सर-शाहतलाई सड़क के लिए जारी हुआ तीन-तीन करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट**

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपए के बजट का प्रावधान किया है। इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। बड़सर-धनेटा और बड़सर-शाहतलाई सड़क की अपग्रेडेशन के लिए प्लानिंग विभाग ने दो फरवरी को तीन-तीन करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट जारी किया है।



इंद्रदत्त लखनपाल

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की इन दोनों महत्वपूर्ण सड़कों की अपग्रेडेशन से स्थानीय लोगों और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। दोनों सड़कों के लिए कुल छह करोड़ रुपए का बजट जारी करने पर उन्होंने सीएम का भी आभार जताया है। विधायक ने बताया कि बड़सर में मिनी सचिवालय के निर्माण के लिए भी सरकार ने 11 करोड़ रुपए जारी किए हैं। बड़सर अस्पताल का दर्जा बढ़ाकर 100 बेड का किया है। स्वास्थ्य केंद्र सलौणी की क्षमता बढ़ाकर 10 बेड की गई है और बड़सर में आधुनिक बस अड्डे का भी निर्माण होगा।

लखनपाल ने इन सभी कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, प्रदेश कांग्रेस सचिव कृष्ण चौधरी और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केवल धीमान ने भी मुख्यमंत्री का शुक्रिया किया है।

# पांडवी गांव में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने सुनीं लोगों की समस्याएं



गांव में पहुंचने पर पुष्पेंद्र का स्वागत करते लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने पांडवी गांव में स्थानीय पंचायत के क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। उनसे रू-ब-रू होकर डॉक्टर ने प्रदेश में सुख की सरकार को लेकर भी लोगों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट के बावजूद भी सरकार लोगों के तमाम कार्य कर रही है। उनकी समस्याएं सरकार के ध्यान में है और चरणवित तरीके से उन्हें पूरा किया जा रहा है।

**आर्थिक तंगी के बावजूद लोगों की समस्याओं का प्रदेश सरकार कर रही है निपटारा**

उन्होंने कहा कि इसलिए प्रदेश और देश के सर्वांगीण विकास के लिए कांग्रेस की सरकार जरूरी है, ताकि लोकतंत्र को भी बचाया जाए और देश में विकास की रफ्तार को भी बढ़ाया जाए। इस मौके पर इलाके के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

### महिला ने जहरीला पदार्थ निगला, मौत



**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत जड़ोह गांव की 36 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ निगल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुमन कुमारी उर्फ बंदू पत्नी प्रीतम चंद गांव जड़ोह डाकघर हनोह तहसील भोरंज जिला हमीरपुर व उम्र 36 साल ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब महिला की तबियत खराब होने लगी व जब परिजनों को इस पता चला तो वे महिला को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भोरंज ले गए जंहा उपचार के दौरन महिला ने दम तोड़ दिया। महिला अपने पीछे दो बच्चे व पति को छोड़ गई है। भोरंज पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है व शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की पुष्टि जिला पुलिस अधीक्षक पदम चंद ने की है।

# भाजपा नेताओं के भाषण झूठ के पुलिंदे : शगुन दत्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट शगुन दत्त शर्मा ने कहा है कि बीते रोज धर्मशाला में हुई रैली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत अधिकतर नेताओं के बयान झूठे और गलत जानकारी पर आधारित थे। शगुन ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आपदा की राहत राशि के दुरुपयोग का जो आरोप प्रदेश सरकार पर लगाया है, वह निराधार हैं।



यदि उन्हें कोई संशय है तो सबूत मीडिया के सामने पेश करें। शगुन ने कहा कि तथ्यों के अभाव में झूठी जानकारी भी नेता मंच से देते रहे कि कांग्रेस हाईकमान से आपदा के समय कोई नहीं आया, परंतु वे अपनी जानकारी अपडेट करें कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया। शगुन दत्त ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आपदा के दौरान अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास किया और मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री, कांग्रेस विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वयं फील्ड में लोगों की मदद करते नजर आए हैं, जबकि भाजपा के नेता मात्र बयानबाजी तक सीमित रहे।

शगुन ने कहा कि बेहतर होता कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश से होने पर वह अपने रसूख से केंद्र सरकार से हिमाचल को विशेष आपदा राहत पैकेज दिलाने में मदद करते। शगुन के कहा कि भाजपा के नेता उनके द्वारा केंद्र सरकार से हिमाचल की सहायता के लिए किए गए प्रयासों को सार्वजनिक करें और बताएं कि इस भयंकर आपदा में क्या अतिरिक्त सहायता केंद्र से उन्होंने दिलवाई है। शगुन ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी कुछ गैर जरूरी टिप्पणियां जो मंच से भाजपा नेताओं द्वारा की गई वह साफ दर्शा रही हैं कि अंदरखाते भाजपा इस यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबराई हुई है।

# आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर हमीरपुर भाजपा खुश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



देशराज शर्मा



विकास शर्मा

वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी जताई है। जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, उपाध्यक्ष विजयपाल सोहारू, अभयवीर सिंह लवली, वीना कपिल, ऊषा बिरला, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा, सचिव पवन शर्मा, विनोद ठाकुर, सपना सोनी सहित समस्त भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है।

रविवार को जिला भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि आडवाणी ने देश को चलाने में जो अपना बहुमूल्य योगदान समय-समय पर दिया है वह जगजाहिर है एवं केंद्र में सत्तासीन मोदी सरकार ने उन्हें भारत रत्न देकर आडवाणी की काबिलियत का उन्हें तोहफा दिया है। इसके लिए भाजपा परिवार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय से भाजपाइयों में काफी हर्ष का माहौल है।

उन्होंने लंबे समय तक देश के विकास और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को कायम रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक जो आडवाणी ने भारत के लिए किया है, वह सौभाग्य की बात है।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन ने बढ़ाए मदद को हाथ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

जिला हमीरपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के पदाधिकारी सुजानपुर स्थित फोटोग्राफर दिवंगत करण शर्मा के परिवार से मिले व उनके परिवार का ढांढस बढ़ाया। पदाधिकारियों ने इस अवसर पर फोटोग्राफरों के सहयोग से एकत्रित राशि व एसोसिएशन की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि 25 हजार रुपए राशि का चेक दिवंगत करण शर्मा की पत्नी संगीता शर्मा को सौंपा। इस अवसर पर एसोसिएशन के चेयरमैन सुनील कुमार, फाउंडर चेयरमैन प्रवीण कुमार, प्रधान रमेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद व स्थानीय फोटोग्राफर गौरव कुमार व कल्याण सिंह मौजूद रहे।



फोटोग्राफर करण शर्मा की पत्नी संगीता शर्मा को 25 हजार रुपए का चेक देते जिला हमीरपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के पदाधिकारी

# राष्ट्रीय स्तर पर फुटबाल खेलने वाले लाहौल-स्पीति के एकमात्र खिलाड़ी हैं रोहन वारपा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

फुटबाल का खेल भले ही हमारे देश के जन मानस के बीच में उतनी जगह नहीं बना पाया है जितनी कि क्रिकेट ने बना रखी है, लेकिन अब फुटबाल के चाहने वालों की संख्या बढ़ रही है। लाहौल-स्पीति में भी क्रिकेट के बाद फुटबाल के प्रति भी युवाओं में बढ़ती रुचि को देखा जा सकता है। लाहौल-स्पीति के वारी गांव के रोहन वारपा भी फुटबाल के ऐसे ही दीवाने हैं, जिन्होंने अपने शौक को ही अपना सपना बना लिया था और दिन-रात फुटबाल को साधने में जुट गए।

रोहन वारपा लाहौल-स्पीति के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार राष्ट्रीय स्तर की फुटबाल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर लाहौल-स्पीति का नाम



रोहन वारपा अपने साथ खिलाड़ी सोनम छेरिंग ओर टशी के साथ।

रोशन किया है। रोहन के पिता का नाम देवी सिंह वारपा और माता का नाम अनिता वारपा है और रोहन का जन्म लाहौल के केलांग में हुआ था। रोहन कुल्लू में स्थित आवर लेडी ऑफ स्कूल के स्टूडेंट रहे हैं। रोहन ने वर्ष 2002 में टीवी पर पहली बार अंतरराष्ट्रीय फुटबाल वर्ल्ड कप देखा तो उस समय से ही उन्होंने खुद को फुटबाल से जुड़ा हुआ पाया। उस दिन के बाद से रोहन लगातार फुटबाल खेलते रहे और जहां भी रोहन जाते वहीं अपने दोस्तों के साथ फुटबाल का अभ्यास करते। इसके बाद से रोहन ने टीवी पर ही फुटबाल के गुर सीखने शुरू कर दिए। (अनंत ज्ञान)

**दो बार राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिताओं में ले चुके हैं हिस्सा**

### रोनाल्डो से प्रभावित थे रोहन

**ब्राजील** के विश्व विख्यात फुटबाल खिलाड़ी रोनाल्डो से प्रभावित रोहन दिन-रात अपने आदर्श की भांति फुटबाल खेलने का सपना देखते थे और रोनाल्डो की ही भांति फॉरवर्ड पर खेलते थे ओर आक्रमक फुटबाल खेलने में विश्वास रखते हैं। टीम में एकजुटता और आपसी तालमेल को जीत का मंत्र मानने वाले रोहन का कहना है कि टीम का आपसी तालमेल ही किसी टीम को विजेता बनाता है।

### 2007 और 2010 में हुआ था चयन

**वर्ष** 2007 में रोहन का चयन हिमाचल प्रदेश फुटबाल टीम की तरफ से अंडर-17 के लिए हुआ था, जहां पर उन्होंने अपने बेहतरीन खेल से सभी को प्रभावित किया था और दूसरी बार उनका चयन वर्ष 2010 में अंडर-21 की हिमाचल प्रदेश फुटबाल टीम में हुआ था, जहां पर फिर से उन्होंने सभी को प्रभावित किया था, हालांकि पहले भी उन्हें राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए बुलावा आया था मगर दसवीं की बोर्ड परीक्षा के चलते उन्हें प्रतियोगिता में भाग नही ले पाए।

### फुटबाल से जोड़ कर युवाओं को नशे से रखा जा सकता है दूर

**रोहन** लाहौल-स्पीति के युवाओं में फुटबाल के प्रति बढ़ती लोकप्रियता को सकारात्मक मानते हैं और रोहन मानते हैं आज के युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए फुटबाल और अन्य खेल अच्छा विकल्प हैं। रोहन के अनुसार लाहौल-स्पीति में फुटबॉल एसोसिएशन की जरूरत है ताकि लाहौल स्पीति के युवाओं को फुटबाल से जोड़ा जा सके। रोहन की तरह ही सोनम छेरिंग, रोबिन कुमार, संजीव भानु ओर टशी ऐसे खिलाड़ी हैं जो अच्छा खेलते हैं और रोहन से फुटबाल के उत्थान के लिए लगातार प्रयास करते रहते हैं।

# हमीरपुर जिले में जमकर हो रही बारिश

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला भर में जमकर बारिश हो रही है। बारिश से किसानों-बागबानों ने जहां राहत की सांस ली है। वहीं लोगों को खुश्क ठंड से निजात मिली है। बारिश से जहां खेतों में हरियाली छा गई है। वहीं बागबानों के बगीचे भी हरे-भरे नजर आ रहे हैं। बारिश जहां अर्ली सब्जियों के लिए काफी उपयोगी बताई जा रही है। वहीं नवंबर-दिसंबर में की गई गेहूं बिजाई के लिए बारिश संजीवनी से कम नहीं है।

हमीरपुर जिला में पिछले कुछ दिनों से अच्छी बारिश हो रही है। कृषि विभाग की मानें तो जिन किसानों ने अक्तूबर माह में (समय से पहले) ही गेहूं की बिजाई कर दी थी वह ज्यादातर फसल खराब हो चुकी है। इस गेहूं फसल को बारिश से ज्यादा लाभ मिलने वाला नहीं है। यह फसल तूड़ी इत्यादि के काम ही आएगी। इसके अलावा नवंबर के आखिरी में या दिसंबर माह (देरी से की गई बिजाई) में की गई गेहूं बिजाई के लिए यह बारिश संजीवनी के समान है।



फाइल फोटो

अच्छी बारिश से गेहूं की रुकी ग्रोथ में जहां इजाफा होगा वहीं इसकी पैदावार में भी इजाफा होगा। यह बारिश अर्ली सब्जियों के लिए काफी उपयोगी बताई जा रही है। ऐसे में जो किसान सब्जियां इत्यादि लगाने की सोच रहे हैं वह मौसम साफ होते ही सब्जियों की बिजाई कर सकते हैं। बारिश से बागबानों के बगीचों में भी हरियाली लौट आई है। बागबानों ने हाल ही में सर्दकालीन पौधे जो कि बिना बारिश के ही लगा दिए थे, वह खराब होने से बच जाएंगे। बारिश से बागबान भी राहत की सांस ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

> **हमीरपुर** जिले में पिछले कुछ दिनों से अच्छी बारिश हो रही है। बारिश से किसान भी राहत की सांस ले रहे हैं, हालांकि देरी से की गई गेहूं बिजाई के लिए यह बारिश काफी उपयोगी है, जबकि अर्ली गेहूं बिजाई के लिए यह बारिश ज्यादा फायदेमंद नहीं है। बारिश सब्जियों के लिए भी काफी उपयोगी साबित होगी।
> -डॉ. सुरेश कुमार धीमान, उपनिदेशक कृषि विभाग हमीरपुर

**लापरवाही** सरकारी संपत्ति का रख-रखाव रखेगा कौन? मैट खुले में पड़े होने से बारिश से हो रहे खराब

# लाखों रुपए के खेल मैट का कोई नहीं जिम्मेदार

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

राजकीय जितेंद्र मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोहारी में लाखों रुपए के मेट प्रांगण में पड़े हुए हैं, जो कि भारी बारिश से खराब हो रहे हैं, आखिर इनके रख-रखाव का कौन जिम्मेदार है? एक तरफ तो हिमाचल प्रदेश सरकार स्कूली खेलों को बढ़ावा देने के लिए लाखों रुपए खर्च करके बेहतर सुविधा प्रदान कर रही है, परंतु स्कूल प्रबंधन को यह सब रास नहीं आ रहा है उन्हें तो सब कुछ एक तमाशा लग रहा है।

बताते चलें कि कबड्डी प्रतियोगिता के लिए नए-नए योद्धा तरसने के लिए स्कूल के लिए शिक्षा विभाग द्वारा मेट दिए गए थे, परंतु लगता है कि इनके रख-रखाव का जिम्मा स्कूल प्रबंधन न करके प्रदेश सरकार का ही होगा तभी तो स्कूल प्रबंधन को द्वारा इन्हें व्यवस्थित यह फिर उचित स्थान पर न रखकर



जितेंद्र मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोहारी में खुले में पड़े मैट।

खुले में ही छोड़ दिया है। स्कूल कैंपस में पड़े मैट पर कबड्डी प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं, ताकि कबड्डी खेलते समय खिलाड़ियों को जोश-जोश में किसी प्रकार की चोट न लग सके, परंतु यहां तो सब कुछ उल्टा ही मामला दिखाई दे रहा है।

स्थानीय लोगों पवन कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, नरेश कुमार, हाकम सिंह, पुरुषोत्तम चंद ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि जिस व्यक्ति को इन मेट्स के रख-रखाव का जिम्मा दिया गया है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लानी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सुरेश गर्ग

**मैंने** इस बारे स्कूल प्रधानाचार्य से बातचीत की थी कि इन मैट का रख-रखाव सही तरीके से किया जाए। इस सारे मामले पर प्रधानाचार्य से कई बार मोबाइल फोन पर बात करना चाही परंतु उन्होंने फोन अटेंड नहीं किया।

# नई पार्किंग को मंजूरी, पर शुरू नहीं हुआ कार्य

## घुमारवीं शहर में पार्किंग की हो रही दिक्कत, लोगों के काटे जा रहे चालान, कहा-पहले व्यवस्था ठीक हो

नीरज शर्मा, घुमारवीं



घुमारवीं शहर में पार्किंग व्यवस्था न होने से लोगों को मजबूरी में वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ रहे हैं।

नगर परिषद घुमारवीं के लिए नए पार्किंग प्लान को मंजूर हुए करीब छह माह बीत चुके है, लेकिन अभी तक इसे अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। दूसरी तरफ शहर में पुख्ता पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण शहर में पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा अपनाई जा रही कोई भी कार्रवाई इस जाम से निपटने के लिए कारगर साबित नहीं हो रही है।

दूसरी तरफ पुलिस की ओर से वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं, जिससे वाहन चालकों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पहले पार्किंग की व्यवस्था ठीक की जाए, उसके बाद ही कार्रवाई की जाए। बताते चलें कि प्रशासन की ओर में करीब छह महीने पहले शहर के लिए नया पार्किंग प्लान तैयार किया गया है। इस प्लान को उपायुक्त बिलासपुर द्वारा मंजूरी भी दे दी गई थी, लेकिन छह माह का समय बीत चुका है, लेकिन इस पार्किंग प्लान को प्रशासन धरातल पर ही नहीं उतर पा रहा है। ऐसे में वाहन चालकों को मजबूरी में सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़ रहे हैं।

दूसरी तरफ पूरे शहर को नो पार्किंग जोन बता कर पुलिस धड़ाधड़ वाहनों के चालान काट देती है। ऐसे में लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन शहर में पार्किंग की व्यवस्था करे, साथ ही शहर सड़क किनारे नो पार्किंग की मार्किंग भी की जाए, लेकिन बिना कोई व्यवस्था बनाए किसी भी प्रकार की कार्रवाई को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। लोगों का कहना है कि बिना नो पार्किंग जोन घोषित किए पूरे शहर में लोगों को जान-बूझकर परेशान किया जा रहा है और जब तक प्रशासन पार्किंग की व्यवस्था नहीं करता, तब तक किसी प्रकार की भी कार्रवाई को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। लोग जब बाजार आएंगे तो गाड़ी कहीं न कहीं तो खड़ी करनी ही पड़ेगी। दूसरी तरफ पार्किंग व्यवस्था न होने की वजह से स्थानीय दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि शहर में कहीं भी पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है। इस कारण शहर में हर जगह बेतरतीब ढंग से गाड़ियां खड़ी की जाती हैं ।

यही कारण है कि बाहर से शहर में आकर खरीददारी करने वाले लोगों को अपनी गाड़ियां खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिलती है। इस वजह से शहर में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों में इस बात को लेकर भी रोष है कि पिछले छह महीने से प्रशासन लगातार उचित पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने की बात तो कर रहा है, लेकिन उसे धरातल पर उतारे जाने की कोई व्यवस्था आज तक नहीं की जा रही है, अगर समय रहते उचित व्यवस्था कर दी गई होती तो आज तक इस शहर में जाम की स्थिति की कोई समस्या ही नहीं होती। (अनंत ज्ञान)

> जहां पर पार्किंग जोन बनाए जाने हैं, वहां पर वाहनों को खड़े किए जाने के लिए व्यवस्था बनानी पड़ेगी। इसके लिए नगर परिषद ने टेंडर जारी कर दिए हैं, जल्द ही काम शुरू हो जाएगा तथा शहर में पार्किंग की उचित व्यवस्था भी कर दी जाएगी।
> **-गौरव चौधरी, उपमंडलीय अधिकारी घुमारवीं।**

# एम्स में स्थानीय लोगों को रोजगार देने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी

राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के युवा मोर्चा ने एम्स बिलासपुर में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष की अगुआई में एम्स के सामने धरना दिया।

इस दौरान हिमाचल के युवाओं को एम्स में रोजगार देने की मांग को लेकर और प्रशासन, हिमाचल सरकार, जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीप ठाकुर ने कहा कि एम्स बिलासपुर में हिमाचल के प्रतिभाशाली युवाओं को नकार कर बाहरी राज्यों से भर्तियां की जा रही हैं।

पूर्व प्रदेश सरकार और मौजूदा सरकार ने युवाओं को पांच लाख रोजगार उपलब्ध करवाने के नाम पर ठगा है। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी बाहरी राज्यों के लोगों को एम्स में भर्ती करने का विरोध करती है। यह धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक एम्स में 90 प्रतिशत नौकरियां प्रदेश के युवाओं को नहीं दी जाती हैं।

उधर, कोठीपुरा पंचायत की प्रधान पिंकी देवी ने बताया कि पिछले तीन दिन में एम्स के अंदर चतुर्थ श्रेणी के 32 पदों बाहरी राज्यों के लोगों को नियुक्ति की गई है, जबकि इस एम्स के निर्माण में स्थानीय लोगों का अहम योगदान है। कोविड के दौरान सेवाएं देने वाले स्थानीय युवाओं को अब दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश नड्डा और विधायक रणधीर शर्मा से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया, साथ चेताया भी कि यदि इसी तरह से बाहरी राज्यों से भर्तियां होती रहीं तो यह प्रदर्शन और विशाल रूप लेगा।

इस मौके पर राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अनूप ठाकुर, जिला सचिव किशोरी लाल, नौणी पंचायत के उपप्रधान प्रीतम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नौ फरवरी को सेऊ में मनेगा राइफलमैन अंकेश भारद्वाज का बलिदानी दिवस

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की मासिक बैठक घंडीर में आयोजित हुई।

- पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश ने की घोषणा

पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की मासिक बैठक रविवार को घंडीर में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार ने की।इस दौरान पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा हुई और उनका समाधान किया। प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार ने बताया कि पूर्व सैनिक कल्याण समिति वीर बलिदानी राइफलमैन अंकेश भारद्वाज का बलिदानी दिवस नौ फरवरी को उनके पैतृक गांव सेऊ, तहसील घुमारवीं में मनाएगी। अंकेश भारद्वाज का जन्म छह सितंबर 2000 को गांव सेऊ में हुआ। अंकेश भारद्वाज ने 12वीं की परीक्षा हिम सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं से पास की। अंकेश भारद्वाज को कुश्ती का बड़ा शौक था। वर्ष 2017 में इंडो-नेपाल कुश्ती प्रतियोगिता में 55 किलोग्राम वजन में एक कांस्य मेडल और दो गोल्ड मेडल प्राप्त किए। 25 जनवरी 2019 को भारतीय सेना की जम्मू व कश्मीर राइफल रेजिमेंट में भर्ती हुए। सफल प्रशिक्षण के बाद 23 नवंबर 2019 को 19 जम्मू व कश्मीर राइफल बटालियन में नियुक्त किए गए। नौ फरवरी 2022 को अरुणाचल प्रदेश के त्वांग जिला में भारतीय-चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगभग 18000 फुट की ऊंचाई पर ड्यूटी करते हुए बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए और मातृ भूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार ने पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया है कि नौ फरवरी को गांव सेऊ में वीर बलिदानी अंकेश भारद्वाज की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दें।

# वन मित्रों का शारीरिक मापदंड एवं दक्षता परीक्षण कार्यक्रम आठ से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर जारी
- मुख्य अरण्यपाल बिलासपुर ने दी जानकारी

मुख्य अरण्यपाल बिलासपुर वन वृत्त बिलासपुर अनिल कुमार शर्मा ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि वन मित्र योजना के तहत बिलासपुर वृत्त में क्षेत्रीय वनमंडल में वन मित्र प्रतिभागियों का शारीरिक मापदंड एवं दक्षता परीक्षण कार्यक्रम पुरुष प्रार्थियों का आठ फरवरी और महिलाओं के लिए नौ फरवरी तक लिया जाना निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षण सभी वनमंडलों पर किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि भराड़ी रेंज के लिए फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर भराड़ी में रेंज ऑफिसर मदनलाल से 9816305942 तथा रेंज ऑफिस घुमारवीं में आईपीएस चौक कुमार में रेंज ऑफिसर मदनलाल, झंडूता में फायर स्टेशन झंडूता देशराज 8219533939 तथा कलोल फॉरेस्ट रेंज के लिए फॉरेस्ट रेस्ट हाउस माला का डिब्बा राकेश कुमार मोबाइल नंबर 9816072711 तथा बिलासपुर सदर के लिए कोठी चौक चांदपुर में कमल किशोर 9418808300 और स्वारघाट रेंज के अंतर्गत फॉरेस्ट चेक पोस्ट स्वारघाट में रेंज ऑफिसर वेद प्रकाश 9816384810, नयना देवी जी रेंज के लिए कोहनी मोड रेंज ऑफिसर राजपाल 9817617570 पर संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि परीक्षण के लिए प्रातः नौ बजे रिपोर्टिंग टाइम तय किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी सूचना के लिए नजदीकी वनरक्षक, वन खंड अधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी अथवा वनमंडल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

# प्रतिस्पर्धा के दौर में छात्र करें कड़ी मेहनत

## बलोह में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले विवेक कुमार



बलोह स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

अनंत ज्ञान, बरठीं

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलोह में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

मुख्य अतिथि विवेक कुमार का स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रशासन और लोगों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य कामराज सेठी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और बच्चों की उत्कृष्ट गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं, स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने होनहार विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। विवेक कुमार ने कहा कि वर्तमान में प्रतिस्पर्धा का दौर है। इसके चलते स्कूली बच्चों को कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। अभिभावकों को भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। कार्यक्रम में बीडीसी सुनीता देवी, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश कपिल, बलोह पंचायत उपप्रधान विवेक परासर, जीवन कुमार, पंकज कुमार, मनोज, कर्मदेव शास्त्री, पूर्व पंचायत प्रधान परमजीत धीमान, लेखराम गौतम, सीमा देवी, शंकर सिंह, सतीश शर्मा, डॉ. सुरेश सांख्यान, राजेंदर कुमार, रमेश परिहार, एसएमसी प्रधान पूनम, सूबेदार सुभाष सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य



पंचायत मंजारी में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी

श्री नयना देवी जी विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली लोअर बेल्ट की पंचायत मंजारी में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल एव युवा मामले मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में लगभग 40 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सभी के टेस्ट भी निशुल्क किए गए। टेस्ट की लिस्ट में मुख्यतः शुगर, बीपी, यूरिक एसिड, कोलेस्ट्रॉल इत्यादि शामिल थे। प्रत्येक टेस्ट की रिपोर्ट एक घंटे के अंदर दे दी गई। सभी लोगों को उनके टेस्ट की रिपोर्ट और बीमारी के अनुसार दवाइयां भी मुफ्त में वितरित की गईं।

इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ. कनव शर्मा, लैब टेक्नीशियन बबिता रानी, फार्मासिस्ट ऊषा, पायलट नरेंद्र और को-ऑर्डिनेटर अभि की देखरेख में किया गया। लाभान्वित लोगों ने अनुराग के इस कार्य की बहुत तारीफ की और सबने हार्दिक आभार प्रकट किया।

# झूठी गारंटियां देकर महिलाओं व युवाओं को दिया धोखा

## वर्कशॉप में बोले राजेंद्र गर्ग-कांग्रेसियों को जनता कभी नहीं करेगी माफ

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



भाजपा की वर्कशॉप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तरीय अभियान चलो गांव की ओर के तहत घुमारवीं में भाजपा के बूथ अध्यक्षों, बूथ पलकों, बूथ विस्तारकों विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में लगभग अढ़ाई सौ पदाधिकारी ने भाग लिया। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करना है। इस वर्कशॉप को संबोधित करते हुए पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि समूचे क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों से संपर्क करके उनसे बैठकें आयोजित की जाएंगी।

इसके अलावा निर्देशानुसार किसान प्रहरियों की भी नियुक्ति होगी। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं से विचारों का आदान-प्रदान होगा तथा पन्ना प्रमुखों के साथ भी बैठकें की जाएंगी। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने आम जनता को झूठी गारंटियों का भरोसा देकर धोखा किया है। प्रदेश की जनता कांग्रेस पार्टी के नेताओं को कभी भी माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की भोली-भाली महिलाओं को1500 रुपए प्रति माह देने का जो वादा किया था, उसको पूरा करने में सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बेरोजगारों के साथ धोखा किया है। रोजगार तो देना दूर की बात कांग्रेस शासन काल में विभिन्न विभागों की आयोजित परीक्षाओं के परिणाम तक नहीं निकल पा रहे हैं। यह प्रदेश के युवाओं के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की यदि बात करें तो यहां पर बिजली, पानी, कानून व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से चरमरा गई हैं।

घुमारवीं क्षेत्र की जनता बिजली आपूर्ति सही न होने के चलते बुरी तरह से परेशान हैं। कानून व्यवस्था को लेकर गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं। इन प्रताड़ित लोगों की कोई भी विभाग सुनवाई नहीं कर रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, महामंत्री जोरावर सिंह, पंकज चंदेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष देशराज, महिला मोर्चा अध्यक्ष रक्षा कपिल, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, एससी मोर्चा अध्यक्ष लेखराम कॉल, वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरनाथ भारद्वाज, कैप्टन सुरजीत सिंह, वीर सिंह शांडिल, बिशन दास, सोहन लाल सांख्यान, चुन्नीलाल लखनपाल, कुलबीर सिंह, एएन शर्मा, जैसी राम, प्रेमचंद धीमान, अनीता शर्मा, इंदु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नकराना स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी



मेधावी छात्र को पुरस्कार देते मुख्यातिथि।

श्री नयना देवी के समीप पंचायत नकराना के राजकीय उच्च पाठशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर कांशी राम ने शिरकत की। यह कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने मुख्य अतिथि का स्वागत फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मुख्य अध्यापक द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सर्व प्रथम बच्चों ने सरस्वती बंदना गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके उपरांत सभी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें सभी उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया।

इसके बाद मुख्याध्यापक द्वारा वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, जहां मुख्य अतिथि ने शिक्षा संबंधी अपने विचार और सुझाव साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पुरस्कार आवंटित किए। इस कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान भोली देवी, नकराना पंचायत प्रधान संध्या देवी और सभी अभिभावक मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का किया सम्मान

# चलैहली स्कूल के वार्षिकोत्सव में होनहार नवाजे




चलैहली स्कूल में मेधावियों को सम्मानित करते गणमान्य।

अनंत ज्ञान, नयना देवी जी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चलैहली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेलों तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अरुण गौतम तथा अधीक्षक राजकुमार शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुनीता देवी ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां पेश की गईं। वंशिका तथा सहेलियों द्वारा प्रस्तुत नाटी, किरण द्वारा प्रस्तुत कथक नृत्य, शिवानी द्वारा प्रस्तुत सरदार भगत सिंह की वीरता को प्रदर्शित कविता को सभी ने सराहा। जमा दो कक्षा विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अंकिता शर्मा, विशाल भाटिया, शिप्रा भारती को बोर्ड मेरिट सर्टिफिकेट तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जमा दो कॉमर्स में उत्तीर्ण दिव्यांश विशाल ठाकुर, शुभम ठाकुर को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रिंस चंदेल, आदित्य बंसल मंजू को +2 कला विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। दसवीं कक्षा पास करने वाली शिवानी शर्मा, महिमा, कार्तिक शर्मा, पलक, काजल व अनीता को बोर्ड मेरिट सर्टिफिकेट तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राज्य स्तरीय युवा नेतृत्व शिविर में शिवानी एनएसएस वालंटियर को भाग लेने पर तथा गौरव को जिला स्तरीय कैंप में भाग लेने पर सम्मानित किया गया। चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में अंशुल पियूष प्रिंस कार्तिक को भाग लेने पर सम्मानित किया गया। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की खंड स्तरीय टूर्नामेंट में टीम जिसका नेतृत्व पारस ने किया, को भी सम्मानित किया गया। इसी आयु वर्ग की लड़कियों की टीम जिसने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोह में कुसुम के नेतृत्व में भाग लिया, को भी सम्मानित किया गया।

महिमा, शिवानी, खुशबू, कुसुम, पल्लवी, आरती, स्नेहा, पलक, खुशबू को नशा मुक्ति जागरूकता अभियान मी भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया। रिया, पलक, पल्लवी, शिवानी, पूजा, अंकिता, स्नेहा को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गय। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उस पर फोकस कर निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिलीप ठाकुर तथा सुरेश कपिल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, सभी विद्यार्थियों के माता-पिता भी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया बाह-रणौता के विद्यार्थियों का सम्मान



बाह-रणौता स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

अनंत ज्ञान, दधौल

राजकीय उच्च पाठशाला बाह-रणौता में सत्र 2023-24 का पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत की। पाठशाला मुख्यध्यापक बिनीत शर्मा ने मुख्यातिथि को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

समारोह में मंच संचालन का कार्य विनय शर्मा ने बखूवी से निभाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पहाड़ी गिद्दा, एकल नृत्य, पंजाबी बोलियां, कामेडी, डांस,व नन्हे-नन्हे बच्चों ने नाटी डालकर सभी का मन मोह लिया।

पाठशाला के मुख्याध्यापक विनीत शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने भाषण मे अविभावकों से आग्रह किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने बच्चों का दाखिला सरकारी पाठशालाओं में करवाएं। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने एवं पढ़ाई और खेलों की ओर मन लगाने के लिए कहा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी स्थानीय वासियों व पूर्व पंचायत प्रधान पटेर सुरेश कुमार का विशेष योगदान रहा। समस्त विद्यालय स्टाफ जिनमें रोशन लाल शर्मा, विनय कुमार, सुमन लता, पूनम, इन्दूबाला और रजत भाटिया का मल्टीमीडिया ऑपरेटर के रूप में बहुत ही सराहनीय कार्य रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां में मनाया विश्व आर्द्रभूमि दिवस



जिला स्तरीय कार्यक्रम में नंगल जरियालां स्कूल के बच्चे और स्टाफ।

**अंब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां में जिलास्तरीय विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रधानाचार्या सुमन वर्मा ने शिरकत की और विशेष अतिथि के रूप में जिला विज्ञान कंन्वीनर राजन शर्मा रहे। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां, राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंगल जरियालां पूर्वी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंगल जरियालां पश्चिम और राजकीय माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां के विधार्थियों ने सांझा मंच पर तीन प्रतियोगिताओं के आयोजन में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में ईशिका ने प्रथम, तनीशा ने द्वितीय और हर्षित भारद्वाज ने तृतीय माध्यमिक स्तर पर परीधी ने प्रथम, हर्षित ने द्वितीय और अदिति ने तृतीय और सीनीयर वर्ग में सिमरन ने प्रथम, आशिमा ने द्वितीय और कोमलपप्रीत ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग कंपटीशन के प्राथमिक वर्ग में लक्ष्य और समीक्षा ने तृतीय, कल्पना ने द्वितीय और सक्षम ने प्रथम, माध्यमिक स्तर पर अरमान और गजल ने तृतीय सारथिक ने द्वितीय और प्राची ने प्रथम और सीनियर वर्ग में खुशी और तन्वी ने तृतीय, पायल ने द्वितीय और कोमल जरियाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्लोगन राइटिंग के प्राथमिक वर्ग में जनिशा ने तृतीय, नवया ने द्वितीय और अभी ने प्रथम स्थान हासिल किया। माध्यमिक वर्ग में मन्नत ने तृतीय, लक्षिता ने द्वितीय और सिया जरियाल ने प्रथम स्थान और सीनियर वर्ग में रितिका देवी ने पहला, अंकिता ने द्वितीय और वंश जरियाल ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### अंब भाजपा महिला मोर्चा की मवा कहोलां में बैठक, कांग्रेस को झूठी गारंटियों पर घेरा



अंब। भाजपा महिला मोर्चा की मवा कहोलां गांव में बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि भाजपा महिला मोर्चा जिला प्रभारी शीतल भारद्वाज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बैठक में जिला अध्यक्ष अनु ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजू, गगरेट भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता कुमारी, जिला परिषद सदस्य संगीता कुमारी, ब्लॉक समिति चैयरपर्सन रीता धीमान, सरोज देवी, नीना देवी, सीमा, अनु कुमारी, नवीता, प्रेम लता, निशा देवी, अनु डडवाल, ममता शर्मा, कुसुम लता इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर ने कहा की जिन झूठी गारंटियों के नाम पर जनता को बरगलाकर कांग्रेस सत्ता में आई थी, उनमें से किसी भी गारंटी को पूरा न करके कांग्रेस ने जनता को ठगा है।

### विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सीएम राहत कोष में प्रदान किए 56100 रुपए के दो चेक



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को चेक सौंपते कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अपने शिमला दौरे पर राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को कुटलैहड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा गरीबदास मंदिर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोल की ओर से सीएम राहत कोष के लिए 56,100 रुपए के दो चेक भेंट किए। बता दें कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राज्य में बाढ़ जैसे बड़ी आपदा आने पर कुटलैहड़ विस क्षेत्र की समस्त जनता एवं निजी आय को मिलाकर करीब तीस लाख की धनराशि सीएम राहत कोष में बाढ़ पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कर चुके है। बताते चले कि बीते एक वर्ष के कार्यकाल में राज्य में बाढ़ जैसे बड़ी आपदा आने के बाद भी जहां कुटलैहड़ की समस्त जनता के सौजन्य से विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सीएम राहत कोष में लाखों की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुके हैं।

### महाविद्यालय बंगाणा के एनएसएस शिविर में घरेलू हिंसा को लेकर दी जानकारी



बंगाणा कॉलेज में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन मौजूद स्वयंसेवी अन्य।

**बंगाणा।** अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत सुबह की प्रभात फेरी से हुआ, एनएसएस स्वयंसेवी ने प्रभात फेरी स्पेशल कैंप स्थल से बंगाणा के आसपास के क्षेत्र में जाकर निकाला। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने ड्रिल और योगा किया। योगा और ड्रिल के बाद ग्रुप वाइज रिपोर्टिंग हुई। तीसरे दिन का थॉट ऑफ द डे, कला के लिए बुद्धि और ह्रदय की आवश्यकता होती है, धन की नहीं पर था, जिसमें प्रत्येक ग्रुप के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। तीसरे दिन के प्रथम स्तर में रिसोर्स पर्सन कम गेस्ट के तौर पर डिस्ट्रिक्ट ऐडवोकेट कुमारी बबीता ने शिरकत की। उन्होंने घरेलू हिंसा सेक्सुअल हैरेसमेंट और महिलाओं के अधिकार के संदर्भ में अपने विचार रखें। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सिकंदर नेगी, एनएसएस कैप्टन विशाल सोनी, सपना, हैड बॉय तीक्ष्ण आर्य और सबिता आदि मौजूद रहे।

## दिन में ही छा गया अंधेरा, वाहन चालकों को लेना पड़ा लाइट का सहारा

# ऊना में ओलावृष्टि व बारिश ने किया जनजीवन अस्त-व्यस्त



ऊना के पहाड़ी क्षेत्रों में दिन में हुए अंधेरे के दौरान लाइट का सहारा लेते वाहन चालक



रविवार को बंगाणा क्षेत्र में जमकर ओलावृष्टि हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

- लगातार बारिश से तापमान में भी चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट
- रविवार को जिले में अधिकतम तापमान 12.2 और न्यूनतम 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज
- किसानों के चहरे खिले जिले में बारिश भी 11.8 मिली मीटर दर्ज

**ओलावृष्टि** और घने बादलों से मौसम ने ऐसी करवट ली कि ऊना जिला के कई इलाकों में दिन में ही अंधेरा छा गया। दिन के समय में ही वाहन चालकों को लाइट का सहारा लेना पड़ा। जिले में मौसम ने फिर से करवट ली है। बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ है। तापमान में भी सामान्य से गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल यह बारिश गेहूं की फसल के लिए बढ़िया बताई जा रही है।

ऊना जिला में रविवार को सुबह से ही बारिश का दौर चला हुआ है। लगातार बारिश से तापमान में भी चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। रविवार को जिले में अधिकतम तापमान 12.2 और न्यूनतम 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही बारिश भी 11.8 मिली मीटर दर्ज की गई। हैरानी की बात है कि दिन का तापमान लगातार नीचे आया है और रात के तापमान में वृद्धि होती हुई दिखी है। मौसम में बदलाव अब तक भले ही गेहूं की फसलों के लिए ठीक बताया जा रहा है, लेकिन कहीं न कहीं लगातार तापमान में गिरावट फिर से किसानों की चिंता बढ़ा सकता है। बर्फीले तूफान या हवाओं से गेहूं की फसल में पीला रतुआ नामक बीमारी का खतरा बन सकता है।

लगातार बारिश के कारण ऊना शहर समेत सभी प्रमुख कस्बों में व्यापारियों का कारोबार लगभग न के बराबर था। रविवार के कारण बाजारों में भीड़ कम थी और अधिकांश दुकानें बंद थी, लेकिन जो खुली थीं, वहां व्यापारी ग्राहकों का इंतजार करते दिखे। लोग घरों में ही दुबके रहे। शादी समारोह में भी बारिश के कारण आयोजकों को काफी परेशानी की हालत में देखा गया। बारिश और धुंध के साथ ओलावृष्टि होने से वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पहाड़ों के बादलों से घिरे होने के कारण वाहन चालकों को दिन में ही लाइट जलाकर चलने के लिए मजबूर होना पड़ा। यहां तक कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सड़कों पर वाहन भी आम दिनों की तुलना में काफी कम दिखाई दिए। बारिश और ओलावृष्टि के चलते बिजली आपूर्ति की बाधित होती रही।

मौसम विभाग के समन्वयक विनोद शर्मा ने बताया कि सोमवार को मौसम साफ होने की उम्मीद है। हालांकि दिन में ठंड बढ़ने की पूरी संभावना है। मौसम के पूर्वानुमान से स्पष्ट हो रहा है कि लोगों को कुछ दिनों तक सर्दी से राहत मिलने वाली नहीं है। लोगों को सर्दी और ठिठुरन के कारण अभी गर्म कपड़ों पर ही निर्भर रहना होगा।

## महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर किया 200 कुंडीय महायज्ञ

### वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ डीएवी स्कूल अंबोटा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



**आर्य** समाज के संस्थापक, महान समाज सुधारक व आधुनिक भारत के महान चिंतक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती के शुभ अवसर पर डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबोटा में शनिवार देर सायं 200 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने संध्या वंदना के साथ हवन यज्ञ में आहूति डालकर स्वामी दयानंद सरस्वती जी को याद किया। स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर उनके जन्मस्थल टंकारा, मोरवी (गुजरात) में बारह फरवरी को एक विराट सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। इस ऐतिहासिक पल के गवाह डीएवी स्कूल अंबोटा के प्रिंसीपल नमित शर्मा भी बनेंगे।

### राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत राज्य में उपमंडल बंगाणा होगा प्रथम स्थान पर : डॉ. सतिंदर ठाकुर

- उपनिदेशक पशु पालन विभाग ने हिमाचल के सब से बड़े बकरी फार्म का किया निरीक्षण

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में राष्ट्रीय पशु धन मिशन के अंतर्गत उपमंडल बंगाणा के गांव कठोह डाकखाना खुरवाईं जिला ऊना में हिमाचल प्रदेश का सब से बड़ा 500+25 इकाई का बकरी फार्म लगभग बनकर तैयार है, उस पर एक करोड़ बीस लाख लागत आएगी, जिसके भवन/शेड्स का निरीक्षण पशु पालन विभाग जिला ऊना के उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा ने अपनी टीम के सदस्य वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी बंगाणा डॉ. सतेंद्र ठाकुर, पशु चिकित्सा अधिकारी पशु चिकित्सालय चौकीमनियार डॉ. अमित शर्मा के साथ किया। इस मौके पर बकरी फार्म के मालिक को उचित दिशा-निर्देश दिए तथा बहुत बड़े फार्म को चलाने और आगामी सफलता की शुभ कामनाएं दीं, जो कि पूरे जिला ऊना नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात होगी और आने वाले समय में बेरोजगार युवा बकरी पालन की ओर आकर्षित होकर लाभान्वित होंगे। उन्होंने पशु पालन विभाग की ओर से यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### लोहारली में एक, मवा सिंधियां में दो प्रवक्ता संवार रहे स्टूडेंट्स का भविष्य

**गगरेट।** विधानसभा क्षेत्र गगरेट में शिक्षा व्यवस्था किस कद्र व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रही है, इसकी बानगी देखिए। शैक्षणिक सत्र खत्म होने को है, लेकिन सरकारी शिक्षण संस्थान में पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान भी शिक्षकों की व्यवस्था नहीं हो पाई है। ऐसे में प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं देने वाले विद्यार्थी वार्षिक परीक्षाओं में कैसे पास होंगे, इसके रामचंद्र ही सहाई हैं। प्रदेश में शिक्ष का स्तर सुधारने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने का ऐलान करने वाली सुक्खू सरकार के कार्यकाल में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी तो हैं, लेकिन अक्षर ज्ञान देने वाले गायब हैं। ऐसे में युवा पीढ़ी का भविष्य अंधाकरमय न बने तो क्या बने।

विधानसभा क्षेत्र गगरेट के सरकारी स्कूलों के हालात किस कद्र बदहाल हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मवा सिंधियां में कला व वाणिज्य संकाय दस जमा एक व दो में चल रहे हैं। यहां पर अंग्रेजी के एक प्रवक्ता तो वाणिज्य संकाय के एक प्रवक्ता के अलावा प्रवक्ताओं के सभी पद रिक्त चल रहे हैं। अब कला संकाय व वाणिज्य संकाय के अन्य विषय कौन पढ़ाएगा इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है। कमोवेश यही स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारली की है। यहां पर भी दस जमा एक व दस जमा दो की कक्षाओं के लिए एक ही प्रवक्ता है। यही नहीं बल्कि स्कूल के प्रिंसीपल का पद भी रिक्त चल रहा है। अब ऐसी स्थिति में विद्यार्थी क्या शिक्षा ग्रहण करेंगे ये तो वहीं बता सकते हैं जिनके एजेंडे में शिक्षा प्राथमिकता में शुमार है। हालात अन्य स्कूलों के भी बेहतर नहीं है। जाहिर है कि शिक्षक ही नहीं होंगे तो शिक्षा का बेड़ा तो गर्क होगा ही। ऐसी स्थिति में दस जमा दो पास करके अगली कक्षाओं में जाने वाले विद्यार्थियों का भविष्य कितना सुखद होगा इसका अंदाजा लगाना ज्यादा मुश्किल काम नहीं है। अब तो प्रदेश सरकार यह बहाना भी नहीं लगा सकती कि पूर्व सरकार के समय से ही यहां शिक्षक तैनात नहीं है। प्रदेश सरकार को सत्ता में आए हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है।

### सतपाल सत्ती ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया



**ऊना।** भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व ऊना सदर विस क्षेत्र से विधायक सतपाल सिंह सत्ती रविवार को कर्मचारी नेता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिओम भनोट के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास स्थान पर पहुंचे। सतपाल सत्ती ने हरिओम भनोट के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार सदस्यों को ढांढस बंधाया।

### होशियारपुर-सूरी पलोह बस सोहारी तक चलाई जाए

**जोल।** होशियारपुर से सूरी पलोह चल रही निगम की बस को सोहारी तक बढ़ाए जाने की मांग क्षेत्र के लोगों के द्वारा की जाने लगी है। लोगों ने तर्क दिया है कि क्षेत्र से कोई बस रूट पंजाब से नहीं जुड़ा है और इस एकमात्र बस रूट के चलते इसे टकोली जो मध्य भाग है वहां तक बढ़ाया जाना चाहिए। क्षेत्र के लोगों शिंदी, अश्वनी कुमार, रविंद्र सिंह, नरेश कुमार ने बताया की इस समस्या को लेकर क्षेत्र के विधायक को भी सूचना दी गई है। लोगों ने बताया कि सोहारी से पलोह की दूरी मात्र दो किलोमीटर ही है। बस का सोहारी से चलने पर लोकल स्तर पर लोगों को आसान परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### हमीरपुर के शम्मी खान और अकील चिट्टे संग गिरफ्तार

**हरोली।** हरोली पुलिस ने चिट्टे के दो तस्करों को काबू करने में सफलता हासिल की है। शनिवार को होशियारपुर से पंडोगा की ओर जा रहे दो संदिग्धों की जब हरोली पुलिस ने तालाशी ली तो उनके पास से 3.35 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। दोनों की पहचान हमीरपुर जिले के 26 वर्षीय शम्मी खान पुत्र नज़ीर मोहम्मद, निवासी गांव कोटा, तहसील भोरंज और 29 वर्षीय आकिल खान पुत्र दिलावर खान, निवासी गांव कपोटी, तहसील हमीरपुर के रूप में हुई है। हरोली थाने में दोनों की गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर चिट्टे की सप्लाई चेन को खंगाल रही है।

### ऊना कोर्ट परिसर नहीं सुरक्षित एक और बाइक चोरी

**ऊना।** चोरों ने सीधे ऊना पुलिस को चुनौती दे डाली है। पुलिस चौकी के सामने से ही चोरों ने पुलिस कर्मचारी की बाइक चोरी कर ली। इससे पहले भी शातिर इस स्थान पर दो पहिया वाहनों पर हाथ साफ कर चुके हैं। चोर लगातार जिले के सबसे सुरक्षित और शक्तिशाली स्थान में चोरियों को अंजाम दे रहे हैं। ऊना कोर्ट परिसर के पार्किंग क्षेत्र से लगातार मोटरसाइकिल चोरी होते जा रहे हैं। घटना दो फरवरी की है। बंगाणा के मुच्छाली गांव का रहने वाला मोहित धीमान पुत्र करतार चंद ड्यूटी के लिए ऊना आया थे। उसने कोर्ट परिसर की पार्किंग में अपना बाइक (एचपी-78-ए-0748) खड़ा किया। मोहित जब शाम पांच बजे के बाद पार्किंग क्षेत्र में आया तो उसका बाइक गायब था। ऊना सदर थाने में अब अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्जकर बाइक की तालाश में जुट गई है।

### ऊना पुलिस ने 136 वाहनों के काटे चालान

**ऊना।** ऊना पुलिस ने शनिवार को चार अलग-अलग नियम कानूनों को तोड़ने वाले 136 लोगों के चालान किए हैं। पहला मामले में पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 123 वाहनों के चालान किए, जिनमें से 21 लोगों ने मौके पर ही भुगतान कर दिया। इसमें जुर्माने के रूप में पुलिस को 10800 रुपए प्राप्त किए हैं। दूसरा मामले में कुल 11 लोगों के चालान किए गए, जो खुले में धुआं उड़ा रहे थे। पुलिस ने इनसे 950 रुपए जुर्माना वसूला है। तीसरा मामले में एक ट्रैक्टर चालक को 5000 रुपए जुर्माना किया गया, जबकि चौथा मामला प्रदूषण फैलाने वाले एक व्यक्ति का है, जो कचरे को अवैध तरीके से निपटाता हुआ पकड़ा गया। जो कचरा पानी और मिट्टी में गलता नहीं है, उसे खुले में फेंकना भी कानूनन जुर्म है। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को जब गलत ढंग से कचरे का निपटारा करते हुए पाया तो उसके विरुद्ध जुर्माने के रूप में कुल 500 रुपए वसूल किए।

### कॉलेज में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**ऊना।** एसवीएसडी कॉलेज, भाटोली के एनएसएस इकाई दो के समापन समारोह में एडवोकेट व आश्रय चरतगढ़श्रय के चीफ फाउंडर सुरेश ऐरी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। एनएसएस की रिपोर्ट में वॉलंटियर वैशाली ने इस शिविर में हुई गतिविधियां जैसे योग और ध्यान, वित्तीय साक्षरता, प्लास्टिक के इस्तेमाल पर निषेध, और सड़क सुरक्षा पर विभिन्न जानकारी दी।

**शानदार** सर्विसेज टीम में खेल रहे अर्जुन शर्मा ने झटके सात विकेट, बल्लेबाजी कर बनाए 41 रन

# हिमाचल के लाल ने फिर किया कमाल



**संजीव पुरी, ऊना**

- हिमाचली गबरू के शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना
- सर्विसेज ने हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में एक रन से दी शिकस्त

**हिमाचली** खिलाड़ी अर्जुन शर्मा के शानदार प्रदर्शन से सर्विसेज ने हरियाणा को एक रन से हरा दिया। इस मुकाबले में हिमाचल के ज्वालाजी से संबंधित अर्जुन ने प्रमुख भूमिका निभाई।

हरियाणा के रोहतक में रणजी मैच में अर्जुन ने पहली पारी में 41 रन बनाए और गेंदबाजी में दो विकेट प्राप्त किए थे। दूसरी पारी में अर्जुन ने शानदार पांच विकेट झटके हैं। सर्विसेज पहले खेलते हुए 108 रन बनाए थे, जिसमें अर्जुन का योगदान नाबाद 41 रन था। हरियाणा ने पहली पारी में 103 रन बनाए थे, जिसमें अर्जुन ने अच्छी बोलिंग करते हुए दो विकेट झटके। दूसरी पारी में सर्विसेज की टीम ने हरियाणा को 146 रन का लक्ष्य दिया लक्ष्य दिया। अर्जुन ने अपनी गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 5 खिलाड़ियों को पवेलियन पहुंचाया। हरियाणा की टीम 144 रन ही बना सकी, सर्विसेज की टीम ने हरियाणा को एक रन से हराया। इस प्रदर्शन के आधार पर अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। खेल प्रेमी रमन सैनी अनुराग दयाल नवीन शर्मा सुनील शर्मा पंकज पीटर और संजीव पुरी ने खिलाड़ी और टीम को जीत के लिए बधाई दी है।

## हिमाचल वुमंस कबड्डी टीम सेमीफाइनल में



**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के लिए बहुत ही गौरव मयी पल था जब हिमाचल की लड़कियों की जूनियर वर्ग कब्बडी टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आपको बता दें कि ये मैच गुजरात के साथ खेलते हुए 50/25 से मात दी। वहीं आपको बता दें कि अब अगला मुकाबला तमिलनाडु के साथ रविवार शाम छह बजे से शुरू होगा। इस तरह अब तक ब्रोंज मैडल अपने नाम किया है।

दयालुता आपको दुनिया का सबसे खूबसूरत इंसान बना देती है फिर चाहे आपकी सूरत कैसी भी हो। – अज्ञात



## शिमला जिले में चिट्टा तस्करी का बढ़ना चिंता का सबब

**हिमाचल** में चिट्टा तस्करी का दिनोंदिन बढ़ना चिंता का सबब बन गया है। प्रदेश के युवाओं में चिट्टे के प्रति बढ़ रहे आकर्षण से पुलिस की सिरदर्दी भी बढ़ गई है। नशे की चपेट में आकर युवा न केवल अपना जीवन खराब कर रहे हैं, बल्कि इससे उनके परिवार के लोगों के जीवन पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। नशे की गिरफ्त में बुरी तरह फंस चुके युवा अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी संलिप्त पाए जा रहे हैं। कई घर बर्बाद हो चुके हैं। हालांकि शिमला में पुलिस ने चिट्टा तस्करों के खिलाफ अपनी मुहिम लगातार जारी रखी है, लेकिन जो लोग इस धंधे में पड़ गए हैं वह पुलिस की नाक के नीचे से चिट्टा तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। अपर शिमला के रोहड़ू में चिट्टा तस्करी बेखौफ हो रही है और तस्करों ने यहां के दुर्गम इलाकों तक चिट्टे की खेप पहुंचाने के लिए नए-नए तरीके इजाद कर रखे हैं।

रोहड़ू के डीएसपी रविंद्र नेगी की मानें तो चिट्टा तस्कर दिल्ली से उत्तराखंड के रास्ते रोहड़ू तक चिट्टे की खेप पहुंचा रहे हैं। रोहड़ू में सबसे अधिक पंजाब और हरियाणा के साथ पाकिस्तान बॉर्डर पर पाकिस्तान से चिट्टा पहुंच रहा है। पुलिस अब हरियाणा और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से भी इसके बारे में जल्दी सामंजस्य स्थापित कर चिट्टे पर अंकुश लगाने का प्रयास करेगी। रोहड़ू में पुलिस ने इस वर्ष नशे की तस्करी में संलिप्त 105 लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए तस्करों में 91 व्यक्ति हिमाचल के हैं, जबकि सात नेपाली मूल और सात बाहरी राज्यों के निवासी हैं। पुलिस रोहड़ू के समोली में एक नशा तस्कर अंकेश ठाकुर की 52 लाख रुपए की संपत्ति भी जब्त कर चुकी है। वहीं, अंकेश के भाई संदीप को भी पुलिस ने 40 ग्राम चिट्टे के साथ दबोचा है। संदीप के दो अन्य भाई भी चिट्टे की सप्लाई में संलिप्त हैं। इनमें से एक सजा भी काट कर आया है। पुलिस ने शिमला जिले में पिछले साल करीब 700 आरोपियों पर शिकंजा कसा था। 400 से ज्यादा मामलों में जांच अभी जारी है। तीन करोड़ रुपए तक की प्रॉपर्टी सीज की जा चुकी है। इन आंकड़ों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिमला में चिट्टे की तस्करी किस हद तक हो रही है। दरअसल, हेरोइन को ही लोकल भाषा में यहां के लोग चिट्टा बोलते हैं। चिट्टा मतलब सफेद। हेरोइन सफेद रंग की एक ड्रग होती है जिसकी कीमत सोने की कीमत से भी ज्यादा होती है। हेरोइन के एक किलो की कीमत करीब पांच करोड़ रुपए होती है। इसका नशा भी बेहद खतरनाक होता है। सारी ड्रग्स में चिट्टे को सबसे ज्यादा स्ट्रांग माना जाता है। इसका नशा सीधा दिमाग पर असर करता है। अगर डोज थोड़ा सी भी ज्यादा हो जाए तो जान भी जा सकती है। हिमाचल में चिट्टे के नशे के आदी कई युवा मौत के आगोश में समा चुके हैं। नशे को जड़ से खत्म करने के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी है। साथ ही पुलिस का पूरा सहयोग करना होगा। अगर किसी को कोई भी सूचना मिलती है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें तभी पुलिस चिट्टा तस्करों को दबोच सकती है। शुरुआत में युवा शौक के तौर पर नशे की शुरुआत करते हैं, लेकिन बाद में यह धीरे-धीरे यह उनकी आदत में शुमार हो जाता है। जब नशा करने के लिए पैसे नहीं मिलते हैं, तो यही युवा चोरी के साथ अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी संलिप्त हो जाते हैं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि युवाओं को नशे से दूर रखा जाए।

# देश में बढ़ते सड़क हादसे एक अभिशाप ?



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार
दूरभाष- 09459047744

**लापरवाही से सड़कें रक्तरंजित हो रही हैं। चिराग बुझ रहे हैं। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। आज युवा लापरवाही के कारण जान गंवा रहे हैं। युवा देश के कर्णधार है जो देश का भविष्य हैं। प्रतिवर्ष लाखों युवा हादसों में बेमौत मारे जा रहे हैं। इकलौते चिराग अस्त हो रहे हैं। कोखें उजड़ रही हैं। माताओं व बहनों का सिंदूर मिट रहा है। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। युवाओं को जागरूक करना होगा क्योंकि युवा ही विकराल हो रही सड़क हादसों की समस्या को रोक सकते हैं।**

**देश** में सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। बेशक 11 जनवरी 2024 से 17 जनवरी 2024 तक पूरे भारत में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। ऐसे आयोजनों पर करोड़ों रुपया खर्च किया गया, सेमिनार लगाए गए, कार्यक्रम किए गए। लोगों को जागरूक किया गया लेकिन सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं। मानव जीवन अनमोल है। देश के नागरिकों को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए ताकि सड़क हादसों पर रोक लग सके। सड़क सुरक्षा के ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा के लिए करोडों रुपया बहाया जाता है, मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है। अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो इन हादसों पर विराम लग सकता है, मगर ऐसा नहीं हो रहा है।

प्रतिवर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं। नववर्ष 2024 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहे हैं। देश में हर रोज इतने भीषण हादसे हो रहे हैं कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नींद सो रहे हैं। कोहरे के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे हैं। प्रतिदिन लोग मारे जा रहे हैं। यातायात के नियमों का पालन न करने पर ही इन हादसों में निरंतर वृद्धि हो रही है। क्योंकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है, फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन कर मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं। लापरवाही से सड़कें रक्तरंजित हो रही हैं। चिराग बुझ रहे हैं। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। आज युवा लापरवाही के कारण जान गंवा रहे हैं। युवा देश के कर्णधार हैं जो देश का भविष्य हैं। प्रतिवर्ष लाखों युवा हादसों में बेमौत मारे जा रहे हैं। इकलौते चिराग अस्त हो रहे हैं। कोखें उजड़ रही हैं। माताओं व बहनों का सिंदूर मिट रहा है। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। युवाओं को जागरूक करना होगा क्योंकि युवा ही विकराल हो रही सड़क हादसों की समस्या को रोक सकते हैं। लॉकडाउन में सड़क हादसों पर लगाम लग गई थी। सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लाखों रुपया बहाया जाता है मगर फिर भी सुधार नहीं होता। जब तक लोग यातायात के नियमों का उल्लंघन करते रहेंगे, तब तक इन हादसों में लोग बेमौत मरते रहेंगे। देश में जब 22 मार्च 2020 को लॉकडाउन लगा था, तब हादसे पूरी तरह रुक गए थे। लॉकडाउन के खुलते ही सड़क हादसों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई। कोरोना महामारी में हादसे कम हो गए थे।

लॉकडाउन में जगली जानवर सड़कों पर विचरण करते थे। परिवहन पूरी तरह बंद था। प्रदूषण भी शून्य हो गया था। साल 2020 के अप्रैल व मई माह में यातायात के साधन बंद हो गए थे। जून माह में ज्यों ही लॉकडाउन खुल गया था तो फिर से करोड़ों वाहन सड़कों पर दौड़ पड़े। जनवरी 2024 से ही सड़क हादसों की रफतार बढ़ गई थी। साल 2023 में भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरा साल अनवरत चलता रहा था और लाखों लोग हादसों का शिकार होते रहे थे। देश के सैकड़ों सैनिक भी सड़क हादसों में शहीद हो गए थे। हजारों लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपंग हो गए जो ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेंगे। देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। प्रतिदिन देश की सड़कें रक्तरंजित हो रही हैं। नौजवानों से लेकर बुजुर्ग काल का ग्रास बन रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर है। शराब पीकर वाहन चलाना तथा चलते वाहनों में मोबाइल का प्रयोग ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखों लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए। 2024 में भी सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तथा प्रतिदिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा। ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते हैं। लापरवाही के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे हैं। सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढ़ती जा रही है। दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुर्खियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं। नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जाते हैं। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी। जागरूकता अभियान चलाने होंगे। देश की सड़कों पर लाशों के चिथड़े बिखर रहे हैं। पंजाब, दिल्ली व उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश में धुंध के कारण दर्जनों हादसों में सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। मगर राज्यों की सरकारों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढ़ती जा रही है। दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुर्खियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं। सरकारों को लोगों को यातायात नियमों से संबंधित शिविरों का आयोजन करना चाहिए। आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत हैं मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालों की संख्या कम है क्योंकि आधे से ज्यादा लोगों को यातायात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता। पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहा है, मगर चालान इसका हल नहीं है। इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हेलमेट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनों को हवा में चलाते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाइसेंस रद्द करने चाहिए। ज्यादातर हादसों में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही भी इसमें साफ झलकती है।

आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते हैं। नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं। भले ही पुलिस यंत्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है, मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं। अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों के पास प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स तक नहीं होते। ओवरलोडिंग से भी ज्यादातर हादसे होते हैं। सरकार को इन हादसों से सबक लेना चाहिए और व्यवस्था की खामियों को दूर करना चाहिए। बेलगाम हो रहे यातायात पर लगाम लगाना सरकार व प्रशासन का कर्तव्य है। लोगों को भी इसमें सहयोग करना होगा। यदि लोग सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करते हैं तो सड़कों पर हो रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता है।

नजरिया

## पूनम पांडे के पब्लिसिटी स्टंट से जनभावना आहत



ऋतुपर्ण दवे
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**अभिनेत्री** पूनम पांडे जिंदा है। भगवान करे अपनी मौत की अफवाह उड़ा सुर्खियां बटोरने वाली अदाकारा स्वस्थ-सकुशल रहे, लेकिन उसकी इस हरकत की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

सर्वाइकल कैंसर के नाम पर जागरूकता की आड़ में उसके इस भद्दे मजाक से कितने प्रशंसकों को धक्का लगा होगा, इसका अंदाजा उसे नहीं। कैसे भूल गई कि वह एक भारतीय है। वह भावना प्रधान उस देश से है, जहां लोग दिल से जुड़ते हैं, दिखावे से नहीं, उस जैसा छलावा नहीं करते। कभी उन्हें कैंसर जैसी भयानक बीमारी का सामना भी न करना पड़े। उनकी हल्की सोच और जागरूकता की आड़ में खेले गए खेल ने कैंसर पीड़ितों और उनके लिए जुड़े-जुटे लोगों को कितना आहत किया है? इसका भी अंदाजा पूनम को नहीं होगा। अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए पहले किसी ने ऐसी जुर्रत की हो, याद नहीं आता। क्या पूनम के इस छिछोरे झूठ से वाकई में कैंसर के प्रति जागरूकता फैला पाएगी? कैंसर मरीजों या पीड़ित मानवता के प्रति इतनी ही हमदर्दी होती तो दूसरे चैरिटेबल काम कर आर्थिक मदद पहुंचाती। जागरूकता के लिए जहां-तहां अपने शो करती, जो कैंसर के खिलाफ और बचाव के लिए कारगर मुहिम होती लेकिन ये क्या? उसने तो पूरे देश के साथ एक तरह से धोखा किया, वह भी अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए। यह माफी के काबिल नहीं हो सकता। पूनम कैसे भूल गई कि यह वो देश है जहां किरदार को भी भगवान की तरह पूजा जाता है। उसे कैसे याद नहीं कि लोकप्रिय सीरियल और फिल्मों के भगवान बने पात्रों को भी पूजा जाता है। हुई फायरिंग से 29 और मौतें भी हुईं। अच्छा हुआ कि फरेबी पूनम शोहरत के उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाई, वरना उसकी यह खलनायकी कितनी भारी पड़ती? पूनम की हद दर्जे की ढिठाई देखिए। इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए अपने जिंदा होने का सबूत खुद कुछ ही घंटों में देती है कि उसे कैंसर नहीं है। उसने तो सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता के लिए ऐसा किया।

## अंदाज-ए-बयां

### रहमन धागा प्रेम का

*रहमन धागा प्रेम का, जाए कहीं न टूट।*
*टूट गया धागा कहीं, रिश्ते जाएं टूट।।*
*रहमन धागा प्रेम का, सदा रहे रंगीन।*
*घुल मिल रखिये प्यार से ,रिश्ते हों परवीन।।*
*रहमन धागा प्रेम का , रखो सदा संभाल।*
*ज्यूं दौलत रख ओट में, नित रखते हो ख्याल।।*
*रहमन धागा प्रेम का, बांध रखे इक डोर।*
*इक दूजे को खींच के ,चल आएं उस ओर।।*
*रहमन धागा प्रेम का, ज्यूं सारंगी तार।*
*छेड़ें जब भी प्यार से, उभरे मन से प्यार।।*
*रहमन धागा प्रेम का, चटक मेहंदी रंग।*
*इस से रंगी जिंदगी, रहे सदा ही संग।।*
*रहमन धागा प्रेम का, प्रीत लगी सी मान।*
*बिछुड़ कभी सकते नहीं, दो जिस्म एक जान।।*

कवि : शिव सन्याल
जवाली, कांगड़ा हिप्र

## गिरिपार में सदियों से चली आ रही जैलदारी और नंबरदारी व्यवस्था आज भी है कायम



हेमराज राणा सिरमौर
स्वतंत्र लेखक

**भारत** विभिन्नताओं का देश माना जाता है जहां कुछ दूरी में ही भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज और अलग-अलग व्यवस्थाएं देखने और सुनने को मिलती हैं। इसी संदर्भ में जिला सिरमौर का गिरिपार भी अपनी संस्कृति सभ्यता, रीति-रिवाजों और व्यवस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें गिरिपार में जैलदारी और नंबरदारी व्यवस्था भी एक है। जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र गिरिपार में आज भी यह व्यवस्था कायम है। जानकारी के अनुसार इस पुरातन व्यवस्था को रजवाड़ों के समय से कायम माना जाता है।

जैलदारों व नंबरदारों को विभिन्न क्षेत्रों का दायित्व तत्कालीन प्रशासन और रजवाड़ों द्वारा दिया जाता था, जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों से भूमि-कर (मामला) के रूप में निर्धारित धनराशि को एकत्रित करना और प्रशासन तक पहुंचाना होता था। आज भी यह व्यवस्था राजस्व विभाग की देखरेख में कहीं न कहीं कायम है। जानकारी अनुसार कहा जाता है कि राजाओं द्वारा प्रशासन व व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए राजदरबारों में वजीर के बाद जैलदार व नंबरदार नियुक्त किए जाते थे। तत्कालीन समय में इन जैलदारों की जनता पर अच्छी खासी पकड़ रहती थी और उन्हें राजा का भरोसेमंद भी माना जाता था, इसी कारण आम जनता का इन जैलदारों और नंबरदारों के प्रति बहुत ज्यादा आदर भाव रहता था। इनको प्रदत्त दायित्व के कारण समाज में इन्हें सम्मान एवं प्रतिष्ठा भी मिलती थी। हालांकि कई बार इन व्यक्तियों में शिक्षा का भी अभाव रहता था परंतु फिर भी आम जनता के विभिन्न मामले इन्हीं के द्वारा पूरी निष्पक्षता व ईमानदारी से निपटाए जाते थे। गिरिपार के विभिन्न क्षेत्रों में आज भी जैलदारी व नंबरदारी व्यवस्था देखने व सुनने को मिलती है, उदाहरण के तौर पर गिरिपार के प्रताप सिंह जैलदार आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। प्रताप सिंह तोमर गिरिपार के बावन (52) गांवों के जैलदार माने जाते हैं, जिनका प्रभाव क्षेत्र में आज भी कायम है। प्रताप सिंह तोमर कई बार पंचायत प्रधान और पिछले कार्यकाल में जिला परिषद सदस्य भी रह चुके हैं तथा अपने क्षेत्र को विकास की दृष्टि से हर मूलभूत सुविधा प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इसी प्रकार जैलभोज क्षेत्र से भादुर सिंह चौहान भी जैलदार रह चुके हैं और आज भी अपने क्षेत्र में अपनी पहचान कायम किए हुए हैं। गिरिपार के अनेक क्षेत्रों में नंबरदारों की भी एक लंबी फेहरिस्त देखने को मिलती है, जिनका कार्य चिन्हित गांवों से भूमि-कर (मामला) उगाही करना है।

इन तमाम नंबरदारों और जैलदारों को सरकार की तरफ से वेतन भी प्रदान किया जाता है। इस व्यवस्था के बारे में अगर अधिक विस्तार से जानकरी हासिल की जाए तो पता चलता है कि इस व्यवस्था में परिवारवाद की गहरी झलक देखने को मिलती है। इसमें कार्यकाल की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं और न ही कोई शिक्षा एवं अन्य मापदंडों को पूरा करना पड़ता है। इस कारण एक ही परिवार से उनके आने वाले वंशज इस परंपरा को आगे बढ़ाते देखे जा सकते हैं। इस प्रकार के अनेक उदाहरण गिरिपार के विभिन्न क्षेत्रों और गांवों में देखने को मिलते हैं।

## अस्वथ जीवन शैली के कारण जवानी में हांफता हृदय



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर
जिला मंडी

**युवा वर्ग को नौकरी की प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आज के दौर में सख्त जरूरत है। हम इस प्रतिस्पर्धात्मक, भाग दौड़ भरे, तनावपूर्ण जीवन में एक ओर पैसा कमा रहे हैं लेकिन दूसरी ओर हम बहुमूल्य स्वास्थ्य को निष्क्रिय जीवन शैली और गलत खानपान अपना कर गंवा दे रहे हैं। हृदय घात के बाद 4 घंटे के भीतर तत्काल मरीज को अस्पताल पहुंचाकर जान तो बचाई जा सकती है, लेकिन कभी-कभी जान बचाने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञ को मरीज को स्टंट डालना पड़ जाता है। जान तो बच जाती है लेकिन शरीर में पहले जैसा दम एवम कार्य क्षमता नहीं रहती। कुछ सालों के बाद ज्यादातर स्टंट धारी मरीजों को जान जोखिम में डालकर जीवन यापन करना पड़ता है। हम इस तरह की नौबत ही क्यों ला रहे हैं। हम इस गंभीर रोग का इतनी कम उम्र में ही शिकार बनने के लिए खुद मजबूर हुए हैं।**

**देवभूमि** की आवोहवा, प्राकृतिक वातावरण, पूरे देश में ही नहीं अपितु विश्व में अपनी शुद्धता के कारण अपनी विशेष पहचान रखता है। हिमाचल के लोग पुरातन काल से ही अपनी कड़ी मेहनत व ईमानदारी के कारण विभिन्न समाजों में जाने जाते हैं। पुरानी पीढ़ी पैदल चलकर, खेती बाड़ी कर पसीना बहाती थी। इस कारण उनकी जीवन प्रत्याशा की औसत आयु, शारीरिक बनावट, असल उम्र से कम नजर आती थी। नई पीढ़ी की पलायनवादी सोच गांव की कड़ी मेहनत से दूर भाग कर शहरों की ओर अधिक उन्मुख होती रही है। चंडीगढ़, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में युवा मानसिक दवाब में रहकर जॉब कर रहे हैं।

ज्यादा शारीरिक थकावट के अलावा यह श्रम मानसिक थकान और तनाव भरा रहता है। यह कार्य घंटों एक जगह पर कंप्यूटर में या कॉल सेंटर या फिर अर्धनिद्रा में लगातार शिफ्ट में रहता है। सही मायनों में नई पीढ़ी मानसिक दवाब भरे वातावरण में इस प्रतिस्पर्धा के युग में अपने आप को प्रतिस्थापित करने के रूप में नजर आती है। फास्टफूड, जंक फूड, तला-भुना खाद्य पदार्थ पाश्चात्य संस्कृति से प्रेरित होता है। जिन्हें खाकर युवा वर्ग निष्क्रिय जीवन शैली के साथ-साथ विभिन्न हृदय रोगों से संबंधित बीमारियों को खुद न्योता दे रहा है। इस तरह के भोजन में वसा की मात्रा अधिक होती है, जो रक्त वाहिकाओं में जमकर मोम जैसे पदार्थों के रूप में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा देता है। इस कारण रक्त वाहिकाओं में हृदय संचरण में रुकावट आने की संभावना ज्यादा बन जाती है, जो आगे चलकर हृदय की कार्यक्षमता में प्रतिरूल प्रभाव डाल कर हृदय रोगों को जन्म देता है। आईजीएमसी शिमला की ओर से हृदय रोग से मृत्यु के आंकड़े चौंकाने वाले हैं, व संवेदनशील भी हैं। इन आंकड़ों के अनुसार 6 से 10 प्रतिशत हिमाचली युवा वर्ग जिनकी आयु अभी मात्र 30 से 40 वर्ष की है। हृदय रोग से प्रभावित होकर मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। समाज में आज भी निदान व मरीज को कितने समय में अस्पताल पहुंचाकर कर उसकी जान बचाई जा सकती है, अनभिज्ञता बनी हुई है। शारीरिक श्रम और योग, जॉगिंग, हल्की दौड़ हृदय रोग के कारणों को कम कर सकता है।

युवा वर्ग को नौकरी की प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आज के दौर में सख्त जरूरत है। हम इस प्रतिस्पर्धात्मक, भाग दौड़ भरे, तनावपूर्ण जीवन में एक ओर पैसा कमा रहे हैं लेकिन दूसरी ओर हम बहुमूल्य स्वास्थ्य को निष्क्रिय जीवन शैली और गलत खानपान अपना कर गंवा दे रहे हैं। हृदय घात के बाद 4 घंटे के भीतर तत्काल मरीज को अस्पताल पहुंचाकर जान तो बचाई जा सकती है लेकिन कभी-कभी जान बचाने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञ को मरीज को स्टंट डालना पड़ जाता है। जान तो बच जाती है लेकिन शरीर में पहले जैसा दम एवम कार्य क्षमता नहीं रहती। कुछ सालों के बाद ज्यादातर स्टंट धारी मरीजों को जान जोखिम में डालकर जीवन यापन करना पड़ता है। हम इस तरह की नौबत ही क्यों ला रहे हैं। जिनके कारण हम इस गंभीर रोग का इतनी कम उम्र में ही शिकार बनने के लिए खुद मजबूर हुए हैं। पूरे शरीर में रक्त संचरण एवं हृदय की कार्य क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ फेफड़ों की सक्रियता के कार्य संचालन के लिए इन सभी का एकमात्र व मुफ्त इलाज व्यायाम और लंबी दूरी तक हर रोज पैदल चलना ही है। हमें जागरूक रहकर यह संकल्प मन में धारण करना होगा।

जिस तरह से मनुष्य के शरीर के विकास के लिए ऊर्जा रूपी भोजन हर रोज जरूरी है। उसी अनुरूप व्यायाम को भी हर रोज शरीर का अभिन्न अंग मानकर जॉब के साथ-साथ अपने लिए समय निकालकर निष्क्रिय जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव लाकर व्यायाम को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। यह हमारी इस घातक बीमारी के निदान के लिए संजीवनी बूटी जैसा जीवंत प्राण रस सिद्ध होगा। तभी हम इस समाज और देवभूमि के युवा हृदय को फिर से ताकतवर बना कर हृदय रोग के इस बढ़ते प्रतिशत को कम करने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

# बजट में राजकोषीय अनुशासन के साथ कल्याण



ब्लॉगर

लेखक :पीयूष गोयल
केंद्रीय मंत्री

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**इस** वर्ष के बजट प्रस्ताव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के दृष्टिकोण तथा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर विशेष जोर के साथ, 2047 तक एक विकसित देश बनने की दिशा में भारत की यात्रा को गति प्रदान करेंगे। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण की सराहना की जानी चाहिए और उन्हें बधाई दी जानी चाहिए।

राजकोषीय अनुशासन के साथ कल्याण-विकास-उन्मुख बजट घोषणाओं के बारे में वास्तव में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि और बड़े पैमाने पर काम के अवसरों की उपलब्धता व रोजगार सृजन के साथ-साथ उदार व लक्षित कल्याण के उपाय, राजकोषीय जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ-साथ लागू किए जाएंगे। यह अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छी खबर है, क्योंकि कल्याणकारी योजनाओं तथा रोटी-कपड़ा और मकान की बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान से लाभार्थियों की जेब में पैसे की अधिक बचत होती है, जिसे वे विभिन्न उत्पादों पर खर्च करते हैं और इससे अर्थव्यवस्था में मांग में वृद्धि होती है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि राजकोषीय अनुशासन और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर ऐसे समय में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जब देश आम चुनावों की तैयारी कर रहा है। वैश्विक स्तर पर, जब किसी देश में चुनाव होते हैं, तो अधिकांश निवेशक राजकोषीय लापरवाही का सामना करते हैं, क्योंकि सरकारें अक्सर राजकोषीय अनुशासन की अनदेखी करती हैं और लापरवाह लोकलुभावन उपायों का सहारा लेती हैं। निवेशकों की सराहना-मोदी सरकार अलग है। इसके राजकोषीय अनुशासन के सख्त पालन ने यह सुनिश्चित किया कि महामारी और यूक्रेन संकट की दोहरी बाधाओं के बावजूद, भारत उथल-पुथल भरी दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरा, क्योंकि इसने देखभाल और करुणा को समझदार अर्थशास्त्र के साथ संयोजित किया। निवेश करने वाला समुदाय भी इसे मान्यता देता है। भारत के साथ व्यापार करने में वैश्विक रुचि से यह परिलक्षित होता है। भारत के शेयर बाजार भी निवेशकों के उत्साह को दर्शाते हैं। भारत का शेयर बाजार हाल ही में 4.33 ट्रिलियन डॉलर के मूल्यांकन के साथ हांगकांग को पीछे छोड़कर दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। हर तरह से पहले स्थान पर पूंजीगत व्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा दिया गया है। इससे भारत की अवसंरचना में और भी सुधार होंगे एवं आधुनिकीकरण होगा, जो 10 साल पहले की तुलना में पहले से ही प्रभावी रूप से बेहतर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एकदम सही कहा है कि इस वर्ष का बजट 2047 तक विकसित देश बनने की दिशा में भारत के पथ की आधारशिला को मजबूत करने की गारंटी देता है। वित्त मंत्री ने उन कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो भारत के युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों को संयोजित करते हैं। कई मायनों में पीएम मोदी ने सदियों के संघर्ष के बाद सूर्योदय के युग की शुरुआत की है। बजट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से परिपूर्ण राष्ट्र- विकसित भारत 2047-की आधारशिला रखता है।

## अपनी बात

**किसी** ने बहुत खूब कहा है कि काम की उम्र में आराम करोगे, तो आराम की उम्र में काम करना पड़ेगा। इंसान की जवानी का समय वो समय होता है, जिसमें इंसान में शारीरिक और मानसिक जोश बहुत होता है, जो इस जोश का समझदारी से प्रयोग कर लेता है। उसका भविष्य उज्ज्वल बन जाता है और अपनी जवानी को जो युवा गलत कामों, नशे के लिए प्रयोग करते हैं। वो अपने भविष्य को ही नहीं, बल्कि अपनी जवानी के कीमती समय को भी बर्बाद कर लेते हैं। जवानी में सुस्ती और आराम की भावना तो सपने में भी नहीं आनी चाहिए, हर वक्त मेहनत और जिंदगी में कुछ नया करने के बारे में सोचना और उसे पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए। जो युवा मेहनत करने से डरते हैं, उन्हें देश के प्रहरियों सेना के जवानों के जज्बे को देखना चाहिए, जो झुलसा देने वाली गर्मी में रेगिस्तान में अपना फर्ज निभा रहे हैं। सर्दियों में लद्दाख जैसे हाड जमाने वाली सर्दी में सीना तान कर देश की सुरक्षा में दिन-रात लगे रहते हैं। देश को आजाद करवाने वाले युवा शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद आदि ने अपनी भरी जवानी का प्रयोग देश को आजाद करवाने के लिए किया था। युवा वर्ग को इन्हें अपना आदर्श बनाना चाहिए। जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए चाहिए हिम्मत, जुनून और सही प्लानिंग तीनों चीजें आपकी लाइफ में तभी आएंगी, जब आप हर दिन कुछ नया कर गुजरने की इच्छा रखते होंगे। क्योंकि कई लोग अपने कंफर्ट जोन में ही जिंदगी गुजार देते हैं लेकिन लाइफ में कुछ बड़ा करने वाले लोग हर दिन कुछ नया सीखते हैं, हर दिन कुछ नया रिस्क लेते और आगे बढ़ते हैं।

–राजेश चौहान

## आपकी डायरी

नदी गिरती हांफती
पहुंचती
पसार जाती मैदानों तक
दूर तक फैलाई बाहों में,
चंचल सी मतवाली लगती
बलखाती मिट्टी धूल चूमती
ओछी छलकती गगरिया
जैसी।



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098



शुभमन गिल
रन 104
गेंदें 147
चौके 11
छक्के 02
स्ट्राइक रन रेट
70.74

# भारत का इंग्लैंड को 399 रन का टारगेट

## शुभमन गिल ने जड़ा शतक, तीसरे दिन के खेल में इंग्लिश टीम का स्कोर 67/1, डकेट आउट

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

**भारतीय** बल्लेबाजों ने एक बार फिर इंग्लैंड को वापसी का मौका दिया, लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को रिकॉर्ड 399 रन का लक्ष्य मिला, जिसके जवाब में उसने एक विकेट पर 67 रन बना लिए हैं।

हैदराबाद में श्रृंखला के पहले टेस्ट की तरह भारत के पास एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी से इंग्लैंड को मैच से बाहर करने का मौका था, लेकिन शुभमन गिल (147 गेंद में 104 रन) के शतक के बावजूद भारत दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गया। मेजबान टीम ने अपने अंतिम छह विकेट 44 रन पर गंवाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों जैक क्राउली (नाबाद 29) और बेन डकेट (28) ने पहले विकेट के लिए 11 ओवर के भीतर 50 रन जोड़कर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई।

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (आठ रन पर एक विकेट) ने डकेट को विकेटकीपर कोना भरत के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

दिन का खेल खत्म होने पर रात्रि प्रहरी रेहान अहमद नौ रन बनाकर क्राउली का साथ निभा रहे थे। इंग्लैंड को जीत के लिए अब भी 332 रन की दरकार है।

पिच बल्लेबाजी के लिए मुश्किल नहीं है, लेकिन कुछ गेंदें नीची रह रही हैं।

इंग्लैंड को हालांकि श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बनाने के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य मिला है। वेस्टइंडीज ने दो साल पहले बांग्लादेश में 395 रन बनाकर जीत दर्ज की थी, जो एशिया में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जीता है।

भारतीय टीम दूसरी पारी में एक समय चार विकेट पर 211 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में थी, लेकिन निचले क्रम ने एक बार फिर निराश किया।



डकेट को विकेटकीपर कोना भरत के हाथों कैच करावाने के बाद खुशी मानते ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन।

## न्यूज ब्रीफ

### अवनि प्रशांत संयुक्त 10वें स्थान पर रहीं

**पटाया (थाईलैंड)।** भारतीय महिला गोल्फर अवनि प्रशांत ने रविवार को महिलाओं की एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप के अंतिम दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर रहीं। यह उनका चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने 68-69-71-71 से कुल नौ अंडर 279 का स्कोर बनाया। हालांकि वह इससे बेहतर कर सकती थीं। लगातार चौथी बार अंडर पार राउंड खेलने वाली अवनि ने कहा कि मैंने कई मौके गंवाए, लेकिन सकारात्मक बात यह है कि मैं अपने सर्वश्रेष्ठ गेम के बिना भी नौ अंडर का स्कोर बना सकती थी। पहले 36 होल (सात अंडर) मेरे लिए अच्छे रहे, लेकिन अंतिम 36 (दो अंड) निराशाजनक रहे। चीनी ताइपे की चुन वेई वु ने 18 अंडर 270 के कुल स्कोर से खिताब अपने नाम किया। भारत की 15 वर्षीय सान्वी सोमू टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही हैं, उन्होंने अंतिम दौर में 75 का कार्ड खेला, जिससे वह पांच ओवर 293 के कुल स्कोर से संयुक्त 48वें स्थान पर रहीं।

### आईओए के सीईओ की नियुक्ति पर पीछे हटने का सवाल ही नहीं : पीटी उषा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पर पूरा भरोसा है और उन्हें शीर्ष पद पर नियुक्त करने के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। इस तरह की खबरें हैं कि आईओए कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे जिसमें सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित किया जाएगा। आईओए ने एक साल बाद और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी)के बार-बार याद दिलाने के बाद छह जनवरी को इंडियन प्रीमियर लीग टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। हालांकि उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों के भीतर आईओए की कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि महान खिलाड़ी उषा ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए उन पर 'दबाव डाला' था। उषा ने इस आरोप को 'शर्मनाक' बताया। कार्यकारी परिषद के 15 में से लगभग 12 सदस्यों ने तब कहा था कि अय्यर की नियुक्ति को शीर्ष संस्था ने मंजूरी नहीं दी थी। यह पूछे जाने पर कि क्या आईओए अध्यक्ष बनने के बाद से वह समस्याओं से घिरी हुई लगती हैं, उषा ने कहा कि हर बार। इसे हल करना पड़ता है। जब आप गलत काम करते हैं, तो आपको डरना पड़ता है। जब आप सही और उचित काम कर रहे होते हैं तो फिर इस पर चिंता क्यों।

### मेजबान स्वीडन को 3-1 से हराकर ब्राजील पहली बार डेविस कप फाइनल्स में

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** थियागो मोंटेइरो की अगुआई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल्स के ग्रुप चरण में जगह बनाई। मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शुक्रवार को पहले एकल में मोंटेइरो ने कार्ल फ्राइबर्ग को हराया था, जबकि यमेर ने गुस्तावो हेइडे को हराकर स्वीडन के लिए एकमात्र जीत दर्ज की। पिछले साल विश्व ग्रुप एक में चीन और डेनमार्क को हराने के बाद ब्राजील ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। शुक्रवार को अमेरिका ने भी यूक्रेन को हराकर फाइनल्स के ग्रुप चरण में जगह बनाई थी। शनिवार को समाप्त हुए अन्य मुकाबलों में नीदरलैंड ने स्विट्जरलैंड को 3-2, जर्मनी ने हंगरी को 3-2, स्लोवाकिया ने सर्बिया को 3-0, कनाडा ने दक्षिण कोरिया को 3-1 और फिनलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया।

### माली को हराकर आइवरी कोस्ट अफ्रीका कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

**बोआके (आइवरी कोस्ट)।** ओमार डियाकिट के अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे आइवरी कोस्ट ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में माली को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। माली को 71वें मिनट में नेने डोरगेलेस ने बढ़त दिलाई। साइमन एडिनगरा ने 90वें मिनट में गोल दागकर आइवरी कोस्ट को बराबरी दिलाई और क्वार्टर फाइनल को अतिरिक्त समय में खींचा। डियाकिट ने इसके बाद मैच के 122वें मिनट में गोल दागकर मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की।

# भारत 'ए' ने श्रृंखला 2-0 से जीती

## मुलानी के पांच विकेट, इंग्लैंड लायंस को 134 रन से हराया

**एजेंसी, अहमदाबाद**

**भारत** 'ए' ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की।

इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत 'ए' ने तीन मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (60 रन देकर पांच विकेट) और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन (50 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर आठ विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई।



# विलियमसन व रचिन रविंद्र के शतक से न्यूजीलैंड मजबूत

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन दो विकेट पर बनाए 258 रन

**एजेंसी, माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)**

**केन** विलियमसन के 30वें और रचिन रविंद्र के पहले टेस्ट शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन दो विकेट पर 258 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर विलियमसन 112, जबकि रविंद्र 118 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों तीसरे विकेट के लिए 219 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

पहले दिन रन बनाना हालांकि आसान नहीं रहा। न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में 25 ओवर में 65 और दूसरे सत्र में 27 ओवर में 60 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाजों ने शुरुआती दो सत्र में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

तीसरे और अंतिम सत्र में हालांकि मेजबान टीम के बल्लेबाजों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 34 ओवर में 133 रन बटोरे।

विलियमसन और रविंद्र दोनों को जीवनदान भी मिले। विलियमसन जब 47 रन पर खेल रहे थे, तब एडवर्ड मूर ने रुआन डि स्वार्ट की गेंद पर उनका कैच टपकाया। यह गेंदबाज एक बार फिर दुर्भाग्यशाली रहा, जब डुआने ओलिवियर ने उनकी गेंद पर रविंद्र का कैच छोड़ दिया। रविंद्र इस समय 80 रन बनाकर खेल रहे थे।

विलियमसन ने अपने 13वें चौके के साथ 241 गेंद में शतक पूरा किया। यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका चौथा और न्यूजीलैंड में 17वां शतक है। रविंद्र ने भी इसके बाद शतक पूरा किया।

विलियमसन और रविंद्र उस समय एक साथ बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब टीम 39 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

दक्षिण अफ्रीका ने छह खिलाड़ियों को पदार्पण कर मौका दिया, जिसमें कप्तान नील ब्रैंड भी शामिल हैं, जिन्होंने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।

दक्षिण अफ्रीका के लगभग सभी अनुभवी गेंदबाज टी-20 प्रतियोगिता में खेलने के लिए स्वदेश में हैं, लेकिन उसके युवा गेंदबाजों ने पहले दिन अच्छी टक्कर दी।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली गेंद पर डेवोन कॉनवे (01) को पगबाधा किया, जबकि तीसरा टेस्ट खेल रहे डेन पीटरसन ने टॉम लैथम (20) की पारी का अंत किया।

विलियमसन और रविंद्र ने इसके बाद पारी को संवारा। दोनों ने लंच तक टीम का स्कोर दो विकेट पर 65 रन तक पहुंचाया।

विलियमसन ने 144, जबकि रविंद्र ने 120 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



केन विलियमसन
नाबाद
रन 112
गेंदें 259
चौके 15
छक्के 00
स्ट्राइक रन रेट
43.24

रचिन रविंद्र
नाबाद
रन 118
गेंदें 211
चौके 13
छक्के 01
स्ट्राइक रन रेट
55.92

### बुमराह और शमी को गेंदबाजी करते हुए देखना पसंद : हार्मिसन

**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन को जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों को गेंदबाजी करते हुए देखना पसंद है और इनके अविश्वसनीय कौशल की बदौलत उन्हें लगता है कि भारत सभी परिस्थितियों में एक मजबूत ताकत बन गया है। हार्मिसन ने कहा कि वे दोनों शानदार रहे हैं। यह उनके स्तर को दर्शाता है। यदि आपके पास बेहतरीन कौशल है तो आप टिके रहेंगे, यही एंडरसन और बुमराह के पास है। वे अविश्वसनीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के लिए 63 टेस्ट में 226 विकेट चटकाने वाले इस तेज गेंदबाज ने कहा कि हैदराबाद में जब बुमराह को रूट और डकेट के विकेट मिले तो वह टेस्ट क्रिकेट के सबसे मनोरंजक घंटों में से एक था। इस टेस्ट में एंडरसन और बुमराह अविश्वसनीय हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह, शमी और यहां तक कि सिराज का कौशल, मुझे उन्हें गेंदबाजी करते देखना पसंद है।

### पार्थ भुत के सात विकेट से सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को दी शिकस्त

**सोलापुर (महाराष्ट्र)।** बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के सात विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। भुत ने 44 रन देकर सात विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर भुत का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही।

### एबोट के हरफनमौला प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया 83 रन से जीता



**सिडनी।** सीन एबोट के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 83 रन की जीत से तीन वनडे की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद एबोट ने 69 गेंद में इतने ही रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर नौ विकेट पर 258 रन के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। इस लंबी कद काठी के तेज गेंदबाज ने फिर 40 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, जिससे वेस्टइंडीज की टीम 43.3 ओवर में 175 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने दो दिन पहले एमसीजी पर पहले वनडे में आठ विकेट से जीत हासिल की थी।

**डेविस कप विश्व प्ले ऑफ मुकाबला**

**भारतीय टेनिस टीम ने 60 साल बाद पाकिस्तान का दौरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की**

# भारत ने बनाई पाकिस्तान के खिलाफ 4-0 की विजयी बढ़त

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**भारतीय** डेविस कप टीम ने युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत तथा निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से पाकिस्तान को 4-0 से हराकर 60 साल बाद चिर प्रतिद्वंद्वी देश का ऐतिहासिक दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजयी बढ़त दिलाई।

शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान टीम की जोड़ी को 6-2 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा।

पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा, क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने हालांकि मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा।

पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया।

भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी, जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा।

भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आसपास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) ने खिलाड़ियों के चारों ओर एक सुरक्षा जाल बनाने में अच्छा काम किया। कई एजेंसियों ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि यह ऐतिहासिक मुकाबला बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हो।



डेविस कप 2024 के दौरान युगल खेल में भारत के युकी भांबरी और साकेत माइनेनी द्वारा पाकिस्तानी जोड़ी अकील खान और मुजम्मिल मुर्तजा को हराने के बाद भारतीय टीम।

# बाइडेन दक्षिण कैरोलिना में डेमोक्रेटिक प्राइमरी में विजयी

**एजेंसी, कोलंबिया**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दक्षिण कैरोलिना में डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीत हासिल की। बाइडेन ने शनिवार को मिनेसोटा प्रतिनिधि डीन फिलिप्स और लेखक मैरिएन विलियमसन समेत कई डेमोक्रेट को हरा दिया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, जो बाइडेन ने इस चुनाव में अच्छी जीत हासिल की है। इस जीत से उन्हें मुख्य चुनाव में मदद मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चुनावी अभियान में भारी निवेश किया है। इसका मकसद अधिकतम वोट हासिल करना है। काले मतदाताओं पर खासकर उनकी नजर है। यहां ब्लैक वोटर्स निर्णायक भूमिका में हैं।

बाइडेन को उम्मीद है कि दक्षिण कैरोलिना उन्हें एक बार फिर व्हाइट हाउस भेजेगा। बाइडेन ने कहा है, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि आपने हमें फिर से राष्ट्रपति पद जीतने और डोनाल्ड ट्रंप को फिर से हारने वाला बनाने की राह पर खड़ा कर दिया है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, मिनेसोटा के प्रतिनिधि डीन फिलिप्स ने अपने अभियान पर लाखों रुपए खर्च किए। इसके बावजूद बाइडेन ने दक्षिण कैरोलिना को लगभग अपनी मुट्ठी में कर लिया। एक तिहाई से अधिक मतों की गणना में बाइडेन को लगभग 97 प्रतिशत वोट मिले।

## ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे दो अमेरिकी नागरिक 500 डॉलर के जुर्माने पर रिहा



**शोणितपुर (असम)।** असम के शोणितपुर जिला मुख्यालय तेजपुर शहर में प्रलोभन देकर ईसाई धर्म का प्रचार करने वाले दो अमेरिकी नागरिकों को 500 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाकर रविवार को रिहा कर दिया गया।

पर्यटक वीजा पर आए दोनों अमेरिकी नागरिकों को धर्म प्रचार गतिविधियों में शामिल रहने पर तीन फरवरी को हिरासत में लिया गया था। पुलिस के अनुसार अमेरिकी नागरिक जॉन मैथ्यू बोन और माइकल जेम्स फ्लिन्चम ने ई-पासपोर्ट के साथ भारत में प्रवेश लिया, लेकिन यहां धार्मिक कार्यों में लग गए थे। उन पर पर्यटक वीजा पर आकर धर्म प्रचार गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

### भारत में निर्मित हथियार प्रणाली खरीदने और रक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने से जीडीपी पर होगा कई गुना असर

# सुखोई को आधुनिक बनाने के लिए 60 हजार करोड़ आवंटित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत सरकार ने वित्त वर्ष 24-25 के बजट में 84 सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने और 12 नए सुखोई खरीदने के लिए अलग से 60 हजार करोड़ रुपए आवंटित करने का फैसला लिया है। बजट का बड़ा हिस्सा देश को घरेलू स्तर पर निर्मित अगली पीढ़ी की हथियार प्रणाली प्रदान करने के लिए घरेलू स्रोतों के माध्यम से खरीद के लिए उपयोग किया जाएगा, जिसका जीडीपी पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। बढ़े हुए बजटीय आवंटन से सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक, विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाले घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, जहाजों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन आदि से लैस किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रक्षा बजट 6,21,540.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा का बजटीय आवंटन वित्त वर्ष 2022-23 के आवंटन से लगभग एक लाख करोड़ (18.35 प्रतिशत) और वित्त वर्ष 23-24 के आवंटन से 4.72 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा में पूंजीगत व्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.72 लाख करोड़ रुपए है जो वित्त वर्ष 22-23 के वास्तविक व्यय से 20.33 प्रतिशत अधिक है और वित्त वर्ष 23-24 के संशोधित आवंटन से 9.40 प्रतिशत अधिक है। बढ़े हुए बजटीय आवंटन से सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक, विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाले घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, जहाजों, प्लेटफार्मों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन, विशेषज्ञ वाहनों आदि से लैस करने में सुविधा होगी।

**▶ चीन-पाकिस्तान के अग्रिम इलाकों में तैनाती मजबूत करने में मिलेगी मदद**

आवंटित बजट के बड़े हिस्से का इस्तेमाल अगली पीढ़ी की स्वदेशी हथियार प्रणाली खरीदने के लिए किया जाएगा, जिसका जीडीपी पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा मौजूदा मिग-29 के लिए उन्नत इंजनों के अधिग्रहण, परिवहन विमान सी-295 और मिसाइल प्रणालियों के अधिग्रहण की भी योजना है। 'मेक इन इंडिया' पहल को आगे बढ़ाने के लिए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके-1 के आईओसी/एफओसी कॉन्फ़िगरेशन को अतिरिक्त रूप से वित्त पोषित किया जाएगा।

### बजट का बड़ा हिस्सा रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने पर केंद्रित

बजट में भारतीय नौसेना की परियोजनाएं जैसे डेक-आधारित लड़ाकू विमान, पनडुब्बियां, अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों आदि का अधिग्रहण करने के लिए भी अलग से आवंटन किया गया है। बजट का बड़ा हिस्सा रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस बजट का इस्तेमाल घरेलू स्तर पर निर्मित अगली पीढ़ी की स्वदेशी हथियार प्रणाली खरीदने के लिए किया जाएगा, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा। इसका उद्देश्य विमान और जहाजों सहित सभी प्लेटफार्मों पर सर्वोत्तम रखरखाव सुविधाएं और सहायता प्रणाली प्रदान करना है।

## वर्ल्ड न्यूज

### ऋतिक की 'फाइटर' ने भारत में कुल 162.75 करोड़ का कलेक्शन किया



**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की एरियल एक्शन फिल्म 'फाइटर' ने 25 जनवरी को रिलीज होने के बाद पहले हफ्ते में ही 100 करोड़ का कलेक्शन किया। इसके बाद फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली, लेकिन दूसरे शनिवार को फिर बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित फिल्म 'फाइटर' ने पहले शनिवार के मुकाबले दूसरे शनिवार को जबरदस्त कमाई की। दूसरे शनिवार को 10.5 करोड़ का कलेक्शन किया। शुक्रवार को फिल्म ने 5.75 करोड़ की कमाई की। 'फाइटर' ने अब तक भारत में कुल 162.75 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

### बेकरी में घुसकर अंधाधुध बरसाई गोलियां, सात लोगों की मौत

**मॉस्को।** यूक्रेन के सशस्त्र बलों द्वारा लुगांस्क क्षेत्र के लिसिचांस्क शहर में एक बेकरी पर कथित तौर पर की गई गोलाबारी में सात लोग मारे गए। रूस की ताश समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। ताश ने रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि गोलीबारी में दो मंजिला बेकरी इमारत ढह गई। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार बेकरी के मलबे में करीब 23 लोग फंसे हुए हैं।



### लखनऊ में तिहरे हत्याकांड के आरोपित पिता-पुत्र गिरफ्तार

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में दो फरवरी को जमीन की पैमाईश को लेकर हुए तिहरे हत्याकांड का खुलासा रविवार को पुलिस ने करते हुए दो हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पिता-पुत्र के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई रायफल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी राहुल राज ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि तिहरे हत्याकांड में फरार चल रहे सिराज खान उर्फ लल्लन खान, उसके पुत्र फराज उत्तराखण्ड के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में हैं। वह अपने लखनऊ और मुरादाबाद के दोस्तों के सम्पर्क में थे। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से पिता-पुत्र को धर दबोचा।

### उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला शुरू, येलो अलर्ट जारी



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में रविवार को ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला शुरू है। मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। कुमाऊं-गढ़वाल मंडल के पांच जनपदों में ढाई हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात होने आसार हैं। पहाड़ों पर ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का क्रम जारी है।

# पीएम मोदी ने असम में मां कामाख्या कॉरिडोर का शिलान्यास किया, 498 करोड़ खर्च होंगे

## कॉरिडोर समेत असम में 11 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट का शिलान्यास

**एजेंसी, गुवाहाटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुवाहाटी के वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर समेत असम में 11 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इसे महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह 498 करोड़ रुपए खर्च कर डेवलप किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं। आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्यलोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा- कुछ लोगों ने अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना दिया था। कोई भी अपनी जड़ों को काटकर, अतीत को भुलाकर सफल नहीं हो सकता। हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। यह हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं।



### देश में पर्यटन को लेकर उत्साह बढ़ रहा

**मोदी** ने कहा- आज देश में पर्यटन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। असम में पहले 6 मेडिकल कॉलज थे, आज 12 हैं। पहले बड़े संस्थान बड़े शहरों में होते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। भाजपा सरकार नॉर्थ ईस्ट के विकास पर विशेष जोर दे रही है। बीते 10 साल में रिकॉर्ड संख्या में यहां टूरिस्ट आए हैं। 2014 तक नॉर्थ-ईस्ट में सिर्फ 10 हजार किमी का नेशनल हाईवे हुआ करते थे। पिछले 10 सालों में ही हमने 6 हजार किमी के नए नेशनल हाईवे बनाए हैं।

### अयोध्या में भव्य आयोजन के बाद कामाख्या के द्वार आया हूं

**पीएम** मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं। आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्यलोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दिव्यलोक की जो कल्पना की गई है, मुझे उसके बारे में विस्तार से बताया गया है।

**▶ लोगों ने अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना दिया था**

**▶ हमारे तीर्थ हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां**

### नॉर्थ-ईस्ट की कनेक्टिविटी और मजबूत करेंगे

**मोदी** ने कहा कि आज मुझे एक बार फिर मां कामाख्या के आशीर्वाद से असम के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स आपको सौंपने का सौभाग्य मिला है। यहां 11 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये सारे प्रोजेक्ट असम और नॉर्थ-ईस्ट के साथ ही दक्षिण एशिया के दूसरे देशों के साथ इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगे।

# चिली के जंगल में लगी आग, 46 लोग जिंदा जले

## राष्ट्रपति बोरिक ने देश में आपातकाल घोषित किया

**एजेंसी, विना डेल मार**

**1100 से अधिक घर तबाह**



चिली में घनी आबादी वाले इलाके के आसपास जंगल में भीषण आग लग गई है। आग लगने की घटना में अब तक 46 लोगों की मौत हुई है और लगभग 1100 से अधिक घर जलकर नष्ट हो गए। वहीं, मृतकों की संख्या अभी बढ़ने की आशंका है।

चिली की आंतरिक (गृह) मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा कि फिलहाल देश के मध्य और दक्षिण में 92 जंगल आग की चपेट में हैं, जहां इस सप्ताह तापमान असामान्य रूप से अधिक रहा। उन्होंने बताया कि सबसे घातक आग वालपराइसो क्षेत्र में लगी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि घरों से बाहर न निकले।

टोहा ने ने बताया कि क्विल्पुए और विला एलेमाना कस्बों के पास शुक्रवार से दो बार आग लगने से कम से कम 8,000 हेक्टेयर जमीन को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि आग से विना डेल मार के तटीय रिसॉर्ट शहर को अधिक खतरा है, क्योंकि यहां पड़ोस के शहर आग से बुरी तरह प्रभावित है।

जानकारी के अनुसार, शहर के पूर्वी किनारे पर बसे इलाके विला इंडिपेंडेंसिया में कई घरों और व्यवसायिक केंद्रों को नुकसान पहुंचा है।

# यशराज प्रोडक्शन का आलिया पर बड़ा दांव

## स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म की अकेले संभालेंगी कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वॉर, पठान और टाइगर जिंदा है, एक था टाइगर और टाइगर 3 के बाद अब यशराज प्रोडक्शन अपने स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म की तैयारी में जुट चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल निभाने वाली हैं। आलिया भट्ट इस फ्रैंचाइजी की पहली फीमेल स्पाई होने वाली हैं।




हाल ही में पिंकविला ने फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र के हवाले से लिखा है, आलिया भट्ट और शरवरी वाघ फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली हैं। इस फिल्म को शिव रवैल डायरेक्ट करने वाले हैं, जिन्होंने हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सीरीज द रेलवे मैन डायरेक्ट की है। द रेलवे मैन में शिव का काम देखने के बाद आदित्य चोपड़ा ने उन्हें स्पाई यूनिवर्स डायरेक्ट करने की जिम्मेदारी दी है। दोनों के बीच पिछले कई दिनों से प्रोजेक्ट पर चर्चा जारी थी, हालांकि अब शिव रवैल ने ऑन पेपर फिल्म साइन कर ली है। बताते चलें कि शिव रवैल आदित्य चोपड़ा के असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुके हैं।

### यशराज प्रोडक्शन की पहली फीमेल लीड स्पाई फिल्म होगी

**बताते** चलें कि यशराज प्रोडक्शन ने सलमान खान स्टारर फिल्म एक था टाइगर से स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत की थी, जिसमें टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 भी जुड़ चुकी हैं। अब तक स्पाई यूनिवर्स की कमान सलमान खान, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन ने संभाली थी, लेकिन यह पहली बार होगा, जब फिल्म को फीमेल स्पाई के इर्द गिर्द बनाया जाएगा।



**▶ द रेलवे मैन के डायरेक्टर शिव रवैल आए ऑनबोर्ड**

**▶ इस फिल्म की शूटिंग इसी साल के आखिर में शुरू होगी।**

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने एक पेन पर खोले 1000 खाते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई के एक्शन की चर्चा हर तरफ है। आरबीआई के एक्शन के बाद पेटीएम के शेयरों में बड़ी गिरावट आ गई है। दो दिन में ही कंपनी का शेयर 40 फीसदी टूट गया है। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक के पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर एक्शन लेने की वजह सामने आई है।

सूत्रों के अनुसार, आरबीआई को मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपए के संदिग्ध लेनदेन के कारण विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के पास लाखों गैर-केवाईसीअनुपालन वाले खाते थे और हजारों मामलों में कई खाते खोलने के लिए एक ही पैन का उपयोग किया गया था। यानी 1 पैन पर 1000 बैंक अकाउंट खोले गए। आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई पेटीमए पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द कर सकता है।

**▶ करोड़ों का लेनदेन भी किया- आरबीआई ने कसा शिकंजा**




### अमेरिका, ब्रिटेन ने यमन में हूती के ठिकानों पर किया ताबड़तोड़ हमला

**सना (यमन)।** संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में आतंकवादी संगठन हूती के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने हूती नियंत्रित यमन में शनिवार को बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए।



द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने उत्तरी यमन में 13 स्थानों पर 36 हूती ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे करीब 24 घंटे पहले अमेरिका ने सीरिया और इराक में सात स्थानों पर ईरानी बलों और उनके द्वारा समर्थित मिलिशिया के खिलाफ हमला किया था।

अमेरिकी और ब्रिटिश युद्धक विमानों के साथ नौसेना की टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों ने हूती की हथियार भंडारण केंद्रों को निशाना बनाया। यह हमले ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, डेनमार्क, कनाडा, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की मदद से किए गए।

## स्पाइसजेट में लड़की से छेड़छाड़, क्रू मेंबर ने शिकायत करने से रोका

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता से बागडोगरा जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में 26 साल की लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि बगल में बैठे एक लॉ स्टूडेंट ने उसे गलत तरीके से छुआ। लड़के ने जानबूझकर अपना हाथ उसके हाथ और जांघ पर रखा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब लड़की ने क्रू मेंबर को इसकी जानकारी दी तो उसने लिखित शिकायत करने से रोका। उसने कहा कि ऐसा करने से लॉ स्टूडेंट की जिंदगी बर्बाद हो जाएगी।



हालांकि बागडोगरा एयरपोर्ट में सीआईएसएफ जवान के सामने आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार की और लड़की से माफी मांगी। इसके बाद पीड़िता बिना लिखित शिकायत के अपने घर चली गई।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(5 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : माघ, **तिथि** : दशमी 05:27 सायं तक, **नक्षत्र** : अनुराधा (07:54 सुबह), **पक्ष** : कृष्ण, **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:13-12:57 दोपहर) **राहुकाल** : 08:29-09:51 सुबह तक।

### विशेष दिन

▶▶ 05 फरवरी 2007 को भारतीय मूल की सुनीता अंतरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला बनीं।

▶▶ इसी दिन भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने नीदरलैंड इंटरनेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

**मेष** : मानसिकता बदलने से स्थिति अनुकूल होगी। पारिवारिक आयोजनों में सहभागिता करेंगे। आकस्मिक लाभ के योग हैं। करियर में मेहनत के बावजूद आप को सफलता न मिलने से तनाव रहेगा।

**वृषभ** : आज का दिन मंगलकारी रहेगा। नए नियमों का पालन करेंगे। श्रेष्ठजनों से भेंट होगी। नई योजनाओं से लाभ होगा। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। संतान सुख मिलेगा। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**मिथुन** : आप चाहते हैं की परिजन आप को प्रेम करे इसके लिए पहले आप को उन्हें प्रेम देना होगा। प्रकृति का नियम है जो बोया है वही निकलेगा। आज कार्यक्षेत्र की बाधाएं दूर होने के आसार हैं।

**कर्क** : आज कार्यस्थल पर आप के द्वारा किए कार्यों से सहकर्मियों को ईर्ष्या होगी। लंबे समय से रुके कार्य पूरे होने की संभावना है। परिवार में उत्तरदायित्व की पूर्ति कर पाएंगे।

**सिंह**: आप बहुत ज्यादा बोलते है, अपने विचारों पर संयम रखने की कोशिश करें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। नौकरी करने वालों से अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेगा। पारिवारिक स्थिति सुखद रहेगी।

**कन्या** : जिंदगी में यह हुनर भी आजमाना चाहिए जंग अगर अपनों से हो तो हार जाना चाहिए। अपनों से दूरियां खत्म करें। कार्यक्षमता में कमी आएगी। पेट संबंधित रोग से ग्रस्त रहेंगे।

**तुला** : अपने स्वभाव में नम्र और सहज बनें। नौकरी में कार्यकुशलता का लाभ मिलेगा। आय में वृद्धि के योग बन रहे है। विरोधी आपकी छवि खराब करेंगे। परिवार के सदस्यों की प्रगति होगी।

**वृश्चिक**: आप की महत्वता लोगों को पता चलेगी। यश, सफलता मिलेगी। निर्माण कार्य में रुके काम पूरे होने के योग हैं। परिवार में किसी चिंताजनक मुद्दों पर चर्चा होगी।

**धनु**: कारोबार में विश्वासप्रद वातावरण रहेगा। नौकरी में परिश्रम का उचित फल मिलेगा। परिवार में कार्य की प्रशंसा होगी। किसी सरकारी कार्य के न होने से व्याकुल रहेंगे। पिता का मार्गदर्शन मिलेगा।

**मकर**: आज आपके महत्व को स्वीकार किया जाएगा। सुखद एवं सफल यात्रा के योग बन सकते हैं। आपको योग्यता और अनुभवों का लाभ मिलेगा। परिवार में समस्या रह सकती है।

**कुंभ** : नौकरी के लिए बेहतर प्रस्ताव आएंगे। व्यावसायिक सफलता से हर्ष होगा। सुख साधनों में वृद्धि होगी। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** : आप की अपनी जिद के कारण आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। बहनों से अनबन हो सकती है। पारिवारिक चिंता से मन खिन्न रहेगा। अधिक खर्च न करें अन्यथा परेशानी हो सकती है।

**जानकारी** — ताइवान से भारत आया; चीनी जासूसी का शक था, पंखों में चाइनीज जैसी भाषा लिखी थी

# मुंबई पुलिस ने आठ महीने के बाद छोड़ा कबूतर

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई में चीन के लिए जासूसी करने के शक में कैद कबूतर को आखिरकार आजादी मिल गई। मई 2023 से उसे मुंबई के ही एक वेटरनरी हॉस्पिटल में रखा गया था।

बाई सकरबाई दिनशॉ पेटिट हॉस्पिटल फॉर एनिमल्स ने कबूतर की रिहाई की मांग की थी। 30 जनवरी को उसे खुले आसमान में छोड़ दिया गया।



कबूतर को मुंबई की आरसीएफ थाना पुलिस चेंबूर के पीर पाउ जेट्टी से मई 2023 को इस कबूतर को पकड़ा था। कबूतर के एक पंजे में तांबे और दूसरे में एल्युमीनियम का छल्ला था। पंखों के नीचे चीनी भाषा जैसी लिपि में कुछ लिखा हुआ था। आरसीएफ को लगा था कि यह चीन का भेजा हुआ जासूसी कबूतर है। इसके बाद आरसीएफ ने केस दर्ज करते हुए कबूतर के बारे में जांच शुरू कर दी थी। इस दौरान कबूतर को मुंबई के ही एक वेटरनरी हॉस्पिटल में रखा गया, जहां उसके खाने-पाने का ख्याल रखा जा रहा था।

### चीन नहीं, ताइवान का है कबूतर

**पुलिस** की जांच में सामने आया कि कबूतर चीन का नहीं, बल्कि ताइवान का है। पुलिस ने बताया कि ताइवान में कबूतरों की रेस आयोजित की जाती है। इस कबूतर को भी उसके मालिक ने इस रेस में शामिल किया था। कबूतर ताइवान से उड़ता हुआ भारत आ पहुंचा। यहां उस पर आरसीएफ की नजर पड़ गई। पंजों में छल्ले और पंखों के नीचे चीनी जैसी भाषा देखकर उसके जासूसी कबूतर होने का शक पैदा हो गया था।

### 29 जनवरी को मांगी गई थी रिहाई

**आरसीएफ** थाना पुलिस के मुताबिक, परेल इलाके में बाई सकरबाई दिनशॉ पेटिट हॉस्पिटल फॉर एनिमल्स मौजूद है। उन लोगों ने 29 जनवरी को कबूतर को खुले में छोड़ने की अनुमति मांगी थी। जांच में भी साफ हो गया था कि कबूतर का चीन से कोई-लेना नहीं है। इसके बाद पुलिस ने कबूतर को खुले में छोड़ने की परमिशन दी और 30 जनवरी को उसे रिहा कर दिया गया। कबूतर की मेडिकल कंडीशन एकदम ठीक है।

### नेपाल में भ्रष्टाचार के मामले में दो पूर्व संचार मंत्रियों पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक नेपाली कांग्रेस के दो बड़े नेताओं पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी है। टेलीकॉम विभाग में भ्रष्टाचार के मामले की जांच के लिए गठित आयोग ने इन दो पूर्व संचार मंत्रियों को बयान के लिए तीसरी बार पत्र भेजा है। पहले दो बार पत्र भेजने के बाद भी बयान के लिए हाजिर नहीं होने पर दोनों को गिरफ्तार करने की चेतावनी दी गई है।

नेपाल सरकार के संचार मंत्रालय अंतर्गत टेलीकॉम विभाग में एक प्रविधि की खरीद में व्यापक आर्थिक अनियमितता होने की 'अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग' जांच कर रहा है। तत्कालीन सरकार में ज्ञानेंद्र कार्की और मोहन बस्नेत संचार मंत्री रह चुके हैं। मोहन बस्नेत वर्तमान सरकार में स्वास्थ्य मंत्री हैं।